CMYK
अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 25°C
तापमान
सेंसेक्स निफ्टी 80,501.99
24,346.70
सोना चांदी 96,750
98,000
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
बरेली, शनिवार 3 मई 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 158 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 4 जिलकदा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### इजरायल ने दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के निकट किया हमला
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### केसीए पर विवादित टिप्पणी: श्रीसंत पर लगा तीन साल का प्रतिबंध
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर गरजे भारतीय सेना के विमान

**वायुसेना के जंगी जहाजों ने किया लैंडिंग ट्रायल**

**शाहजहांपुर।** उप्र में शाहजहांपुर के जलालाबाद में बनी हवाई पट्टी पर शुक्रवार को भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने लैंडिंग ट्रायल करते हुए अपना दम दिखाया।

शाहजहांपुर के गंगा एक्सप्रेसवे पर साढ़े तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है। यह देश की पहली ऐसी हवाई पट्टी है, जहां वायुसेना के लड़ाकू विमान दिन और रात में उतर सकेंगे। भारतीय वायुसेना के जंगी जहाजों ने शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे पर अपनी ताकत दिखाई। शाहजहांपुर स्थित साढ़े तीन किलोमीटर एयर स्ट्रिप पर राफेल, मिराज और जगुआर ने एयर शो किया। इन लड़ाकू विमानों ने गंगा एक्सप्रेसवे पर टच एंड गो प्रैक्टिस की। इस एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है। मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का बदायूं से लेकर प्रयागराज तक 464 किलोमीटर के एक्सप्रेसवे का निर्माण अग्रणी औद्योगिक समूह अदाणी ग्रुप के द्वारा किया जा रहा है। बदायूं से हरदोई तक 151.7 किमी, हरदोई से उन्नाव तक 155.7 किमी और उन्नाव से प्रयागराज तक 157 किमी के तीन समूहों का निर्माण कर रहा है, जि स आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है। गंगा एक्सप्रेस का लगभग 80 प्रतिशत से ऊपर काम पूरा हो गया है। जलालाबाद तहसील के गांव पीरू के पास गंगा एक्सप्रेस वे 3.5 किलीमीटर लंबी आधुनिक नवनिर्मित नाइट लैंडिग हवाई पट्टी पर शुक्रवार को मौसम खराब होने क कारण अपराह्न 12:47 मिनट पर भारतीय वायुसेना ने ऐतिहासिक शौर्य दिखाते हुए मालवाहक विमान सहित राफेल, मिराज, जगुआर मिग-24 समेत 16 लड़ाकू विमानो को हवाई पट्टी पर लैंडिंग करके यहां से उड़ान भरी। नाइट लैंडिंग शो के लिए कटरा जलालाबाद राज्य मार्ग शाम 7:00 बजे से रात्रि 10 बजे तक पूरी तरह से बंद किया गया है। यहां सुरक्षा के लिए इस पूरे क्षेत्र में 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। भारतीय वायुसेना का शक्ति प्रदर्शन देखने के लिए स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणों भारी संख्या में जुड़े।



# वैदिक मंत्रोच्चार व विधि विधान से खुले बाबा केदार के कपाट



शाह टाइम्स ब्यूरो

**कपाट खुलने के अवसर पर मौजूद रहे 20 हजार से अधिक भक्त**
**पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई संपन्न**
**कपाट खुलने की मुख्यमंत्री धामी ने दी देशवासियों को बधाई**

**रुद्रप्रयाग।** पौराणिक परंपराओं, रीति-रिवाजों व विधि-विधान के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी भगवान केदारनाथ के कपाट शुक्रवार प्रात: सात बजे आम भक्तों के दर्शनों के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के साक्षी बीस हजार से अधिक भक्त बने। कपाट खुलने के बाद समाधि में लीन बाबा केदार को जागृत किया गया और फिर विशेष पूजा-अर्चना की गई। अब भक्त धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शनों का पुण्य अर्जित कर सकते हैं।

शुक्रवार प्रात: सात बजे केदारनाथ भगवान के कपाट आम भक्तों के लिए खोल दिए गए हैं। मंदिर समिति के अधिकारी- कर्मचारियों की मौजूदगी में केदारनाथ धाम के रावल भीमा शंकर लिंग और पुजारी बागेश लिंग ने कपाट खोलने की प्रक्रिया पूरी। इस दौरान सम्पूर्ण केदारनगरी जय श्री केदार के उदघोषों से गूंज उठी। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कपाट खुलने के अवसर पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कपाट खुलने पर केदारनाथ धाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। केदारनाथ धाम में सबसे पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य के साथ ही संपूर्ण देश को इस पल की प्रतीक्षा रहती है। केदारनाथ धाम सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ ही भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। हमारे राज्य के लिए यह उत्सव का समय है। मुख्यमंत्री ने बाबा केदार से सभी यात्रियों की मंगलमयी यात्रा की प्रार्थना की।

## छह लोगों के पाकिस्तान डिपोर्टेशन पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को श्रीनगर के अहमद तारिक बट्ट के परिवार के 6 सदस्यों को पाकिस्तान डिपोर्ट करने पर रोक लगा दी। कहा कि जब तक इन लोगों के आइडेंटिटी डॉक्यूमेंट्स वेरिफाई नहीं हो जाते, तब तक उनको डिपोर्ट नहीं किया जाए। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया था। बट्ट परिवार को भी देश छोड़ने का नोटिस मिला। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने परिवार को यह स्वतंत्रता दी कि यदि वे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन आदेश से खुश नहीं हैं, तो जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं। कोर्ट ने ये भी कहा है कि इस मामले में दिया कोर्ट का आदेश मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाए।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में बादल फटा, एनएच-44 बंद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के रामबन में शुक्रवार को बादल फट गया। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते जम्मू- श्रीनगर हाईवे (एनएच-44) दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि हाईवे क्लियर हुआ या नहीं, सोशल मीडिया पर इसका स्टेटस चैक करके ही निकलें। इससे पहले दिल्ली-एनसीआर-यूपी और छत्तीसगढ़ में गुरुवार रात आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश में 4-4 और छत्तीसगढ़ में 2 लोगों ने जान गंवाई है। दिल्ली-एनसीआर के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। दिल्ली एयरपोर्ट से 200 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हो गई हैं। 3 को डायवर्ट भी करना पड़ा। 2 को जयपुर और एक को अहमदाबाद में लैंड करवाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेट करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने कहा कि फ्लाइट ऑपरेशन नार्मल है। दिल्ली एयरपोर्ट से रोज करीब 1,300 उड़ानों की आवाजाही होती है।

# पाक पीएम शहबाज का यूट्यूब चैनल ब्लॉक

## पाक ने दो दिन बाद खोला वाघा बॉर्डर, 21 पाक नागरिक लौटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिया। इसके अलावा क्रिकेटर बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन आफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दिए हैं।

इस बीच, पाकिस्तान ने 2 दिन बाद शुक्रवार को वाघा बॉर्डर खोल दिया है। 30 अप्रैल से बॉर्डर बंद कर दिया था। इसके बाद कई पाक नागरिक स्वदेश नहीं लौट पाए थे। शुक्रवार को 21 पाक नागरिकों को देश लौटने की इजाजत दी गई। ये लोग वीजा सस्पेंड होने के बाद भारतीय सीमा में फंसे थे। पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों की गोलीबारी में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। पहलगाम की बैसरन घाटी में एनआईए और फोरेंसिक टीम शुक्रवार को जांच करने पहुंची। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि -शेष पृष्ठ दो पर



**चार क्रिकेटरों के इंस्टाग्राम अकाउंट भी किए बंद, नौ को वापस लेने से किया इन्कार, बैसरन में NIA जांच जारी**

**पहलगाम हमले के बाद इंडियन सिस्टम पर 10 लाख साइबर अटैक, वेबसाइट व पोर्टल्स को टारगेट किया**

### सैन्य प्रतिष्ठानों की वेबसाइट हैक करने की पाकिस्तान की कोशिश लगातार विफल

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत की घेराबंदी से हताश पाकिस्तान भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की वेबसाइटों को हैक करने की निरंतर कोशिश कर रहा है, लेकिन भारत की साइबर सुरक्षा एजेन्सियां इन कोशिशों को निरंतर विफल कर रही हैं। सुरक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि भारत द्वारा निरंतर उठाए जा रहे कदमों से बौखलाए पाकिस्तान प्रायोजित हैकर समूह , 'साइबर ग्रुप एचओएएक्स1337' और 'नेशनल साइबर क्रू' भारतीय वेबसाइटों पर निरंतर साइबर हमले कर रहे हैं।

# नैनीताल: दुष्कर्म के आरोपी के घर पर नहीं चलेगा बुलडोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नैनीताल हाईकोर्ट ने दी राहत, पालिका व पुलिस को लगाई फटकार**

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट से नैनीताल में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी मोहम्मद उस्मान व रुक्कुट वासियों को बड़ी राहत मिली है । अब नगर पालिका मोहम्मद उस्मान व अन्य को अतिक्रमण हटाने के सम्बंध में दिए गए नोटिस को वापस लेगी। नगर पालिका ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का पालन न करने पर अपनी गलती स्वीकार की है।

मोहम्मद उस्मान के अधिवक्ता डा. कार्तिकेय हरि गुप्ता ने नगर पालिका नैनीताल द्वारा मोहम्मद उस्मान को दिए नोटिस को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि अतिक्रमण हटाने से पूर्व 15 दिन का नोटिस देना होता है, लेकिन नगर पालिका ने केवल तीन दिन का समय दिया जबकि आरोपी जेल में है । इसके अलावा क्षेत्र के कई दर्जन अन्य लोगों को नोटिस दिए हैं । यह अपने आप में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना है। इस मामले की सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की स्पेशल बेंच बनी थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व नैनीताल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रथम व द्वितीय कोर्ट में पेश हुए थे । सुनवाई के दौरान तीन दिन का समय दिए जाने के नोटिस पर नगर पालिका ने अपनी गलती -शेष पृष्ठ दो पर

# सोनिया व राहुल गांधी को कोर्ट का नोटिस

**नेशनल हेराल्ड केस**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**अदालत ने कहा- आरोपियों का पक्ष भी सुना जाएगा, मामले में अगली सुनवाई आठ मई को होगी**

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस दिया। कोर्ट में मामले की दूसरी सुनवाई हुई थी।

कोर्ट ने मामले में सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी, मेसर्स यंग इंडिया और मेसर्स डोटेक्स मर्केंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि किसी भी स्तर पर बात सुने जाने का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई में जान फूंकता है। मामले की अगली सुनवाई अब 8 मई को होगी। 25 अप्रैल को कोर्ट ने कहा था कि चार्जशीट में कुछ डॉक्यूमेंट्स गायब हैं, दाखिल करें। 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इन्कार कर दिया था।

## रामदेव ने वीडियो सिर्फ प्राइवेट किया

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव के शरबत जिहाद मामले पर शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। हमदर्द ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि रूह अफजा के खिलाफ रामदेव का वीडियो यूट्यूब से हटाया नहीं गया है, बल्कि उसे प्राइवेट किया गया है यानी कि यूट्यूब चैनल सब्सक्राइबर इसे अभी भी देख सकते हैं। रामदेव की तरफ से पेश वकील ने कहा कि कोर्ट की तरफ से दिए गए 24 घंटे के समय के भीतर वीडियो हटा दिया जाएगा। हालांकि, हमदर्द ने यह भी दलील दी कि वीडियो को आस्था चैनल पर भी दिखाया जा रहा है। इस मामले पर कोर्ट में अब 9 मई को सुनवाई होगी। इससे पहले गुरुवार को कोर्ट ने योगगुरु के दूसरे वीडियो पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं।

# प्रेस फ्रीडम इंडेक्स: 180 देशों में भारत 151वीं रैंकिंग पर

पेरिस, वार्ता

**चीन में मीडिया की हालत अफगानिस्तान से भी खराब**

**पेरिस स्थित** इंटरनेशनल एनजीओ रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरडब्ल्यूबी) ने 2025 के वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत को 180 देशों में 151वीं रैंकिंग पर रखा है। इस लिस्ट में पिछले साल भारत की रैंकिंग 159 थी।

इंडेक्स में इरीट्रिया सबसे निचले पायदान पर और नॉर्वे पहले पायदान पर है। भूटान, पाकिस्तान, तुर्की, फलस्तीन, चीन, रूस, अफगानिस्तान, सीरिया और उत्तर कोरिया को भारत से नीचे रखा गया है। आरडब्ल्यूबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स के आज तक के इतिहास में इकोनॉमिक इंडिकेटर अपने सबसे निचले स्तर पर है। दुनिया भर का मीडिया फंडिंग की कटौती से जूझ रहा है। इंफर्मेशन के संसाधनों पर गूगल, एपल, फेसबुक, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी टेक कंपनियों के दबदबे की वजह से मीडिया को और ज्यादा आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहले जो विज्ञापन मीडिया आउटलेट्स को मिलते थे, अब उनका एक बड़ा हिस्सा इन टेक प्लेटफॉर्म्स को मिल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देशों में मीडिया पर पॉलिटिकल नेताओं का कंट्रोल है।

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application
for the Post of Asstt. Professor in
BBA | BCA
BFA | B.Sc (Comp.Science)
LIBRARIAN
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsmzn@rediffmail.com
Or Contact: 8937095006



## संक्षिप्त समाचार

### अंबेडकर के अपमान पर एसटी कमीशन दर्ज कराएगा केस

**लखनऊ।** प्रदेश अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत कहा कि संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अपमान का स्वत: संज्ञान लेकर आयोग दोषियों के खिलाफ एफआईआर कराएगा। रावत ने कहा कि आयोग ने मामले का स्वत: संज्ञान लिया और लखनऊ के पुलिस आयुक्त को दोषियों के विरुद्ध मुक. दमा पंजीकृत करने को कहा। गौरतलब है कि समाजवादी लोहिया वाहिनी के पोस्टर जिसमें डा. अंबेडकर के चित्र के आधे भाग पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के चित्र को प्रदर्शित किया गया है। रावत ने इस कृत्य की निदा करते हुए कहा कि महापुरुषों का अपमान और राष्ट्र विरोधी तत्वों का महिमामंडन सपा की फितरत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अनु.जाति और अनु. जनजाति आयोग की ओर से स्वत: संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त लखनऊ को पत्र लिखा कि दोषियों के विरुद्ध अनु. जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्रवाई करें।

### गोरखपुर के वरिष्ठ पत्रकार कृपा शंकर पांडे का निधन

**प्रतापगढ़।** समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) में चार दशक से अधिक समय तक अपनी सेवा दे चुके वरिष्ठ पत्राकार कृपा शंकर पांडे का शुक्रवार भोर यहां हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। वह करीब 82 वर्ष के थे। आज भोर उन्होंने अपने पैतृक निवास प्रतापगढ़ में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज में संगम तट पर किया जाएगा। पांडे के निधन पर सामाजिक संगठनो,राजनीतिक दलों और पत्रकार संगठनों ने दुख प्रकट किया है। हाल ही में पांडे के पुत्र का निधन लंबी बीमारी के बाद हो गया था, जिससे वह काफी व्यथित रहते थे। मृद भाषी और सरल स्वभाव रखने वाले पांडे ने करीब 42 वर्ष तक यूएनआई में अपनी सेवा दी। वर्ष 2005 में सेवानिवृत्ति से पहले वह गोरखपुर और कानपुर में यूएनआई के ब्यूरो प्रमुख भी रहे थे। वह 1993 में गठित प्रेस क्लब गोरखपुर की कार्यकारिणी में महामंत्री रहे और गोरखपुर के सर्वप्रथम पत्रकारिता संगठन गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन की पूर्ववर्ती संस्था गोरखपुर पत्रकार परिषद के अध्यक्ष और संरक्षक भी रहे थे।

### उत्तर प्रदेश में फूड एंड रेस्टोरेंट बिजनेस को मिली ऊंची उड़ान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा और व्यवसाय सुगमता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण में पिछले कुछ वर्षों में 200 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। यह उपलब्धि न केवल खाद्य व्यवसायियों के लिए बल्कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 1,16,316 फूड लाइसेंस और लगभग 7,43767 फूड रजिस्ट्रेशन सक्रिय हैं, जो प्रदेश में खाद्य व्यवसायों की बढ़ती संख्या और विभाग की सक्रियता को दर्शाता है। इसके साथ योगी मार्गदर्शन में प्रदेश का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग व्यापार सुगमता के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा के लिए भी पूरी सतर्कता से कार्यरत है।

## तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों को उद्योगों से जोड़ें: योगी

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी करें प्रतिभाग

**लखनऊ, वार्ता**

**तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा विभाग की समीक्षा**



■ राज्य सरकार द्वारा अनेक ठोस पहल की गई, जिनके उत्साहवर्धक परिणाम मिल रहे हैं, आवेदन से पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राविधिक एवं व्यावसायिक शिक्षा में नवाचारों के समावेश एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि विगत आठ वर्षों में तकनीकी शिक्षा को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, नवाचारपरक एवं परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक ठोस पहलें की गई हैं, जिनके उत्साहवर्धक परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्ताप. रक शिक्षा के लिए सभी प्राविधिक संस्थान नैक, एनबीए तथा एनआईआरएफ मूल्यांकन में प्रतिभाग करें, मगर आवेदन से पूर्व व्यापक तैयारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा के तहत राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों की रैंकिंग की सराहना करते हुए। इसके अंतर्गत निजी संस्थानों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए, ताकि समस्त संस्थानों में गुणवत्ता की समान मानक सुनिश्चित हो सकें। योगी शुक्रवार को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल तथा व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ में वर्ष 2024-25 हेतु कुल 1.64 लाख सीटों पर नामांकन हुआ है। विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें एमओओसी आधारित अध्ययन, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट तथा इंटीग्रेटेड प्रोग्राम सम्मिलित किए गए हैं। सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय के 12,739 छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ, जिसमें अधिकतम वार्षिक वेतन 59.91 लाख रुपये रहा। इसी प्रकार, एमएमएमयूटी, गोरखपुर में वर्ष 2023-24 में छात्रों को 52 लाख रुपये वार्षिक वेतन तक के पैकेज पर प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट मिला। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों में व्यवहारिक अध्ययन को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए तथा गुणवत्तापूर्ण प्रयोगशालाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक श्रेणी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। योगी ने निर्देशित किया कि नवस्थापित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती, गोंडा, मीरजापुर एवं प्रतापगढ़ के भवन निर्माण तथा परिसर विकास से जुड़ी सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाएं, ताकि अगले शैक्षणिक सत्रा से यह कॉलेज अपने निजी परिसरों से संचालित हो सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत करते समय स्थानीय औद्योगिक आवश्यकताओं एवं संभावनाओं को प्राथमिकता दी जाए। तकनीकी शिक्षा के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 2139 पॉलीटेक्निक संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनमें 147 राजकीय, 18 पीपीपी मोड, 19 अनुदानित एवं 1948 निजी संस्थान शामिल हैं। इन संस्थानों में 2.68 लाख से अधिक प्रवेश क्षमता उपलब्ध है, जिनमें 1.15 लाख से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। विभाग द्वारा डिजिटल कक्षाएं, आधार आधारित बायोमैट्रिक उपस्थिति, उद्योग-संलग्न पाठ्यक्रम, तथा फंटियर टेक्नोलॉजी जैसे ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस एवं मशीन लर्निंग को पाठ्यक्रमों में समाहित किया गया है।

### 2030 तक निर्यात को तीन गुना करने का लक्ष्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक निर्यात को तीन गुना करने की है। निर्यात बढ़ाने के इस लक्ष्य में खेतीबाड़ी की अहम भूमिका होगी। राष्ट्रीय स्तर के निर्यात के आंकड़े भी यही कहते हैं। इन आंकड़ों के मुता. बिक कोविड-19 के बाद से ही कृषि एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में लगातार वृद्धि हुई है। 2023-2024 की तुलना में 2024-2025 में वृद्धि की यह दर करीब 10 फीसद रही। कई फलों एवं सब्जियों को नए बाजार मिले। वैश्विक स्तर की बेहतरीन कनेक्टिविटी और देश के इकलौते अंतर्राज्यीय जलमार्ग (प्रयाग से हल्दिया) के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों से खाड़ी के देशों को सब्जियों के निर्यात में वृद्धि हुई है। वैसे तो सेहत का सेक्टर शुरू से सर्वोपरि रहा है, पर कोविड के बाद यह क्रेज के रूप में उभरा है। लोगों के फूड बिहेवियर में आमूलचूल बदलाव आया है। यूरोप और अमेरिका में ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग बढ़ी है। इन देशों के निर्यात के मानक उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर बेहद सख्त हैं। इसलिए योगी सरकार निर्यात के मानकों को सुनिश्चित करने के लिए एशिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (जेवर) के पास एक्सपोर्ट हब विक. सित कर रही है। इस हब में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशाला भी होगी। ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग से प्राकृतिक खेती करने वाले किसान खुशहाल होंगे। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ सरकार का पफोकस कृषि विविधीकरण और प्राकृतिक खेती पर भी है।

## बुजुर्ग होते हैं अतीत की कड़ी व भविष्य के मार्गदर्शक: मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सम्मान के साथ वृद्धावस्था कार्यक्रम में बोली राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुजुर्गों को अतीत की कड़ी और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए कहा है कि सभी को उनके मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए। मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल- 'सम्मान के साथ वृद्धावस्था' नामक कार्यक्रम में भाग लिया।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक के लिए आवासों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण और सामा. जिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं। बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं। जब बुजुर्ग अपने परिवार को फलते-फूलते देखते हैं, तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिदगी में वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है। वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था आध्यात्मिक रूप से खुद को सशक्त बनाने, अपने जीवन और कार्यों का विश्लेषण करने तथा सार्थक जीवन जीने का भी एक चरण है। आध्यात्मिक रूप से सशक्त वरिष्ठ नागरिक देश और समाज को अधिक समृद्धि तथा प्रगति की ओर ले जा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बुजुर्ग अतीत की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सुनिश्चित करें कि हमारे वरिष्ठ नागरिक अपना बुढ़ापा गरिमा और सक्रियता के साथ जिएं।

## पहलगाम आतंकी हमले में पाक का हाथ: फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर, वार्ता**



■ भारत में सभी हमलों का हैंडलर है पाकिस्तान

पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने पर जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कोई भी हो सकता है, क्योंकि जब तक हम उन्हें पकड़ नही लेते, तब तक हम पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकते, लेकिन हैंडलर वही हैं, उन्होंने पहले भी ऐसा किया है। यह कोई नई बात नहीं है। उरी के पीछे भी वे (पाकिस्तान) ही थे।

पुलवामा में जो हुआ, उसे देखिए, किसने किया? मुंबई, पठानकोट, बिलावर के पीछे कौन था? राजौरी और पुंछ में कौन काम कर रहा है? हैंडलर वही हैं। फारूख अब्दुल्ला से एक कार्यक्रम में जब पूछा गया कि क्या पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है, तो उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता, तो वे आज पीएम नहीं होते। प्रधानमंत्री के तौर पर हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है और वे उस जिम्मेदारी को निभा रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में स्थानीय लोगों की संभावित संलिप्तता पर कारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि ऐसा हो सकता है। ऐसी घटनाएं स्थानीय समर्थन के बिना भी हो सकती हैं। वे यहां कैसे और किस तरह से आए? मैंने पहले भी यही कहा था, जब मौलाना अजहर को रिहा किया गया था, तो मैंने इसके खिलाफ चेतावनी दी थी। मैंने कहा था, उसे रिहा मत करो, वह रास्तों को जानता है और उन्हें मैप भी कर चुका है। लेकिन किसी ने मेरी बात नहीं सुनी, वे उसे सीमा पार ले गए। पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करने के बारे में फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैं वर्षों से कह रहा हूं कि इस संधि पर फिर से बातचीत होनी चाहिए।

## कानपुर के एसडीएम और तहसीलदार समेत चार पर केस दर्ज

**कानपुर।** कोर्ट का आदेश पालन नहीं करने पर कानपुर के एसडीएम और तहसीलदार समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कानपुर के पनकी क्षेत्र की एक भूमि विवाद में लाप. रवाही बरतने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) सूरज मिश्रा की कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है।

कोर्ट ने एसडीएम सदर, तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश दिया है। मामला भूमि की पैमाइश न किए जाने और कोर्ट के आदेशों की अनदेखी से जुड़ा हुआ है। ज्ञात हो कि पनकी निवासी सोबरन पाल ने मेवालाल से जमीन खरीदी थी, लेकिन अब तक पैमाइश नहीं हुई। आरोप है कि इसी बीच मेवालाल, सुरेश सिंह चौहान (निवासी गांधी गांव), सुरेंद्र सिंह (तात्याटोपे नगर) और सुभाष यादव (मेहरबान सिंह का पुरवा) ने मिलकर इस जमीन को अपनी जमीन में मिलाकर उसे अन्य लोगों को बेचना शुरू कर दिया। सोबरन पाल ने कई बार तहसीलदार को भूमि की पैमाइश के लिए आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत की, जिस पर डीएम ने तहसीलदार को पैमाइश कराने का निर्देश दिया, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा हटाई जाए: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ निजी संस्थानों में आरक्षण लागू करने की मांग की

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना का स्वागत करते हुए 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा हटाने और निजी संस्थानों में आरक्षण लागू करने की मांग की है। इस जनगणना से आरक्षण नीति में बड़ा बदलाव आ सकता है और निजी स्कूल-कॉलेज पर भी असर पड़ेगा।

जातिगत जनगणना के फैसले का स्वागत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना पहला कदम है, ये दरवाजा खोलने का तरीका है। उसके बाद विकास का काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि 50 फीसदी आरक्षण की लिमिट खत्म की जानी चाहिए। इसके अलावा संविधान की धारा 15(5) के तहत प्राइवेट शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई, जिस तरह सरकारी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण कायम है। ऐसे में जातीय जनगणना और राहुल गांधी की मांग से निजी स्कूल और शिक्षण संस्थान पर पड़ेगा। देश में जातिगत जनगणना के आंकड़े सामने आने के बाद आरक्षण की सीमा बढ़ाने का दबाव सरकार पर पड़ेगा। जातिगत जनगणना से हर जाति की गिनती होगी और प्रमाणिक आंकड़ा सबके सामने होगा। ऐसे में जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार के फैसला लेने के बाद राहुल गांधी ने आरक्षण की लिमिट बढ़ाने की मांग उठा दी है। 1931 की जाति गणना में पिछड़ी जातियों की आबादी 52 फीसदी से अधिक बताग्र गई थी। मंडल आयोग में ओबीसी की आबादी 52 फीसदी मानी गई थी, पर राज्यों के सर्वे में ओबीसी की संख्या बढ़कर सामने आई है। जाति गणना से राष्ट्रीय स्तर पर हर जाति की जनसंख्या का पता लग सकेगा। राहुल गांधी ने कहा कि सामाजिक न्याय केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि निजी क्षेत्र में भी समान अवसर सुनिश्चित किए जाने चाहिए। इसके लिए उन्होंने बाकायदा अनुच्छेद 15(5) को लागू करने का सुझाव दिया, जिसके जरिए संविधान में ही प्राइवेट स्कूल और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था का जिक्र है। इससे साफ है कि जातिवार जनगणना के साथ प्राइवेट क्षेत्र में भी आरक्षण की मांग तेज हो सकती है। कांग्रेस ने अहमदाबाद के अधिवेशन में निजी क्षेत्र में आरक्षण की वकालत की थी और उसके लिए प्रस्ताव लाई थी। राहुल गांधी ने अनुच्छेद 15(5) की बात करके निजी स्कूल और कॉलेज में आरक्षण के मुद्दे को सियासी चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

## अर्थ व्यापार

### लिवाली के बल पर शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई, वार्ता**



वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर सर्विसेस, एनर्जी, तेल एवं गैस और टेक जैसे समूहों की कंपनियों में हुई लिवाली के बल पर शेयर बाजार सप्ताहांत पर उतार चढ़ाव के बीच बढ़त बनाने में सपफल रहा।

शुक्रवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 259.75 अंकों की बढ़त के साथ 80501.99 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 12.50 अंक बढ़कर 24346.70 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों में जहां लिवाली देखी गई, वहीं मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली का दबाव दिखा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप 0.41 प्रतिशत टूटकर 42707.87 अंक पर और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत फिसलकर 47365.54 अंक पर रहा। बीएसई में शामिल समूहों में से बढ़त में रहने वालों में सर्विसेस 1.67 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.69 प्रतिशत, एनर्जी 0.57 प्रतिशत, टेक फोक्सड 0.49 प्रतिशत और आईटी 0.45 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। गिरावट में रहने वालों में टेलीकम्युनिकेसंस 2.06 प्रतिशत, सीडी 1.66 प्रतिशत, पावर 0.96 प्रतिशत, रियल्टी 0.56 प्रतिशत और धातु 0.62 प्रतिशत शामिल है। बीएसई में कुल 4085 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2183 लाल निशान में जबकि 1761 हरे निशान में दिखी और 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर चीन के शंघाई कंपोजिट 0.23 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख समूहों में तेजी रही, जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.76 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 1.75 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.04 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.74 प्रतिशत शामिल है। बीएसई का सेंसेक्स 58 अंकों की बढ़त के साथ 80300.19 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 81177.93 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिसके दबाव में यह 80168.59 अंक के निचले स्तर तक उतरा।

### पंडा ने सेल के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** डा. अशोक कुमार पंडा ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला है। सेल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि डा. पांडा ने 30 अप्रैल को कार्यभार संभाला था। डा. पंडा ने 1992 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया था। अपने करियर के दौरान, डा. पंडा ने सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में विभिन्न पदों पर काम किया है। अपने वित्तीय एवं तकनीकी ज्ञान और प्रोएक्टिव अप्रोच के लिए व्यापक रूप से जाने जाने वाले डा. पंडा को वित्तीय लेखांकन, लागत और बजट, बिजनेस प्लानिग, राजकोष संचालन, टैक्सेशन व रणनीतिक प्रबंधन तक के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल है।

### खाद्य तेलों व सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3971 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट लेकर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सोया रिफाइंड, पॉम आयल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, वनस्पति तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। **दाल-दलहन:** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। **अनाज:** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850- 6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500- 4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पाक पीएम...**

पहलगाम हमला करने वाले आतंकी दक्षिण कश्मीर के जंगलों में छिपे हैं। उनके पास राशन-पानी है, ऐसे में ये इन पहाड़ी इलाकों में लंबे समय तक रह सकते हैं। 21 पाकिस्तानी नागरिक 2 मई को अटारी-वाघा बॉर्डर से अपने देश पहुंच गए। पाकिस्तानी नागरिकों के भारत छोड़ने की डेडलाइन खत्म होने के बाद ये लोग बॉर्डर पर फंसे हुए थे। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के हर तरह के वीजा रद्द कर दिए थे। उन्हें 30 अप्रैल तक भारत छोड़ने का आदेश था। इस बीच पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं।

पाकिस्तानी क्रिकेटरों बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन आफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने अटारी बॉर्डर पर पहुंचे 9 नागरिकों को वापस लेने से इन्कार कर दिया। भारत सरकार के आदेश के बाद ये लोग अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान वापस जाने के लिए पहुंचे थे। पाकिस्तानी अधिकारियों ने इसका कारण नहीं बताया है। वहीं महाराष्ट्र साइबर ने शुक्रवार को बताया कि पहलगाम हमले के बाद इंडियन सिस्टम पर 10 लाख साइबर अटैक हुए हैं। महाराष्ट्र पुलिस की साइबर क्राइम डिटेक्शन विंग ने कहा कि 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद साइबर अटैक में तेजी आई है। महाराष्ट्र साइबर डिपार्टमेंट के डीजीपी यशस्वी यादव ने कहा कि इन अटैक्स में भारतीय वेबसाइट और पोर्टल्स को टारगेट किया गया। ज्यादातर हैकिंग ग्रुप्स ने खुद के इस्लामिक ग्रुप होने का दावा किया।

**नैनीताल: दुष्कर्म...**

स्वीकार करते हुए नोटिस वापस लेने की जानकारी कोर्ट को दी। हाईकोट ने दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी के बाद नैनीताल में हुए विरोध प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी जताई और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल सहित पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने ऐसे मामले ने सख्ती से निपटने की सलाह दी है। मामले की अगली सुनवाई की तिथि 6 मई (मंगलवार) को होगी। उस दिन पुलिस व नगर पालिका कोर्ट के आदेशों के पालन की रिपोर्ट देनी है। कोर्ट ने उस उस दिन महाधिवक्ता तथा मुख्य स्थायी अधिवक्ता तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सहित ईओ नगर पालि. का से भी पेश होने को कहा है।

सुनवाई पर कोर्ट ने कहा कि गाड़ी पड़ाव में घटना के समय लोग एक दूसरे की जान लेने के लिए उतारू थे लेकिन पुलिस उन्हें शांत करने के बजाय घूम रही थी। पुलिस के उच्चाधिकारी व प्रसाशन कई समय तक वहां मौजूद नहीं था। कोर्ट ने ईओ को फटकार लगाते हुए कहा कि आपको एक मई को ही कैसे पता चला कि मकान अवैध भूमि पर बना है। कोर्ट ने जब आरोपी को पेशी के लिए हल्द्वानी कोर्ट में पेश किया, तो अधिवक्ताओं ने वहां भी विरोध प्रदर्शन किया, जबकि आरोपी पुलिस की कस्टडी में पकड़ा गया है। अब धरना प्रदर्शन करने की क्या जरूरत थी?

## श्रेय लेना अखिलेश का बचकाना प्रयास: अंसारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ जातिगत जनगणना पर बोले यूपी के मंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव जातिगत जनगणना के केंद्र सरकार के ऐतिहासिक फैसले का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं, जो निहायत ही बचकाना है।

अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि जातिगत जनगणना का केंद्र सरकार का फैसला पिछड़े पसमांदा मुस्लिम समाज के सामाजिक न्याय को मजबूती देगा और समाज के सभी वर्गों के उत्थान और प्रगति में मददगार होगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का यह कहना कि पीडीए के दवाब में सरकार को यह फैसला लेना पड़ा, निहायत बचकाना और राजनीतिक स्वार्थ से परिपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़ा अल्पसंख्यकों के हितचिंतक बनने का ढोंग करने वाले अखिलेश को पता होना चाहिए कि 2009 में केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार सपा और बहुजन समाज पार्टी के सहयोग से बनी थी, उस समय जातिगत जनगणना का फैसला क्यों नहीं लिया गया। भाजपा नेता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के संकल्प के साथ देश को विकास के पथ पर ले जा रही है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में समाज के सभी तबकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर पारदर्शिता के साथ अमल हो रहा है और प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

### अच्छी नीति का विरोध करती है मोदी सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को जातिगत जनगणना को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा जातिगत जनगणना पर सरकार का फैसला उसके उन तरीकों के जैसा है, जिसमें पहले तो वो हर अच्छी योजना या नीति का विरोध करती है, उन्हें बदनाम करती है और फिर जनता के दबाव एवं हकीकत का सामना करने पर उन्हीं नीतियों को अपना लेती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि मोदी सरकार के पास न तो अपना कोई दृष्टिकोण है और न ही समस्याओं को हल करने की कोई दिशा है, बल्कि वो सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने, असल मुद्दों से भागने और अपने विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने में माहिर है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रिक्शा चालक के हाथ-पैर बांधकर निर्मम हत्या

## डबल बैड के बक्से में बंद मिली लाश, एसपी ने किया घटना स्थल का मौका मुआयना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ई रिक्शा चालक के हाथ पैर बांधने के बाद निर्मम तरीके से हत्या करते हुए डबल बैड के बक्से में लाश को बंद कर दिया। घर से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना देने के बाद ताला खुलवाया। ई रिक्शा चालक की मौत से मोहल्ले में दहशत फैल गई। पुलिस अधीक्षक ने मौका मुवायना किया है।

नगर के मोहल्ला होली वाला हिरन वाला निवासी हनीफ उर्फ इलायची पुत्र अब्दुल वाहिद के घर से गुरुवार की शाम से ही दुर्गंध आ रही थी। शुक्रवार की सुबह पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी तो वह मौके पर पहुंच गई। उसके बाद घर के गेट का ताला खुलवाया गया। भीतर कमरे का ताला भी खुलवाया गया। कमरे के भीतर का हाल देखकर लोगों की चीख निकल गई। डबल बैड के बक्से में हनीफ उर्फ इलायची आयु 72 वर्ष के हाथ पैर बंधे हुए उसकी लाश पड़ी हुई थी। जिसमें से बुरी तरह से दुर्गंध निकल रही थी। कातिलों ने बड़े ही वहशीपन से हनीफ



उर्फ इलायची की हत्या करने के बाद उसके हाथ पैर बांधकर डबल बैड के बक्से में बंद कर दिया। हनीफ के शरीर पर चोटों के भी निशान थे। मौके पर पहुंची फिंगर प्रिंट्स की टीम ने नमूने लेकर प्रयोगशाला को भेज दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद सीओ दीप कुमार पंत कोतवाल वरुण कुमार एवं सर्विलेंस व एसओजी की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया प्रथम दृश्या मामला हत्या का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हनीफ उर्फ इलायची का कत्ल होने से मोहल्ले में दहशत फैली हुई है। हनीफ की हत्या होने की सूचना मिलने के बाद उसके घर के बाहर भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने लाश का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हिस्ट्रीशीटर भी रह चुका था इलायची

**हसनपुर**। यूं तो हनीफ उर्फ इलायची थाना हसनपुर में हिस्ट्रीशीटर रहा है। सूत्रों की बात पर विश्वास किया जाये तो इलायची ने 60 हजार की बुलेट बेची थी। साथ ही एक अन्य बाइक को भी बेचा था। इलायची पर माल होना बताया जा रहा है। पुलिस इलायची की हत्या का खुलासा करने के लिए कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। इलायची की हत्या के मामले में मोहल्ले के लोग चुपी साधे हुए हैं। इलायची की हत्या का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने कई टीमों को लगाया है।



हसनपुर। सीओ-कोतवाल से घटना के बारे में जानकारी करते पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह।

### पत्नी व बच्चों से अलग रहता था इलायची

**हसनपुर**। हनीफ उर्फ इलायची के यूं तो 8 बच्चे हैं। इसके बावजूद उसकी पत्नी व बच्चे भी अलग-अलग रह रहे थे। वह घर में अकेला रहता था। पत्नी व बच्चों से उसका विवाद चल रहा था। हनीफ उर्फ इलायची ने पहली पत्नी को तलाक देने के बाद शबाना के साथ दूसरी शादी की थी। मोहल्ले में हनीफ के रिश्तेदार भी काफी हैं। लेकिन वह उनसे कम मिलता झुलता था। पड़ोसियों के मुताबिक हनीफ को रविवार की शाम को देखा गया था। उसके बाद उसे किसी ने देखा नहीं था। पुलिस अधीक्षक ने हनीफ की पत्नी शबाना से पूछताछ की।

### घर व मौहल्ले से परिचित थे कातिल

**हसनपुर**। कातिलों ने बड़े ही इत्मीनान के साथ हनीफ उर्फ इलायची हत्या करने के बाद उसके शव को डबल बैड के बक्से में डाल दिया। लाश फूलने के बाद हनीफ का शव बक्से में फस गया। पुलिस ने लकड़ी के बक्से को गिलेन्डर से काटकर हनीफ की लाश को बाहर निकाला। हनीफ का कत्ल करने के बाद बदमाशों ने पहले कमरे का ताला लगाया उसके बाद बाहर के गेट का ताला लगाकर वह बड़े ही आराम के साथ वहां से निकल गये। किसी की भी नजर कातिलों पर नहीं पड़ सकी। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि कातिल घर व मोहल्ले से भली भांति परिचित थे।

# बेटों को बचाने आए पिता की पीटकर हत्या

### दबंगों ने दो बेटों को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बेटों को बचाने पहुंचे पिता को भी दबंगों ने लाठी डंडो से पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया।

**नाली के विवाद में हुआ झगड़ा**

इलाज को अस्पताल ले जाते रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि दो बेटे गंभीर रूप से घायल हैं। परिजनों की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी में जुटी है।

मृतक भरतराम नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के अहलेदादपुर खुर्द गांव के रहने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी जगवती के अलावा तीन बेटे नेपाल सिंह, पीतम और जयविंदर हैं। नेमपाल सिंह शिक्षा विभाग में ब्लॉक क्वालिटी कोऑर्डिनेटर के पद पर तैनात हैं। आरोप के मुता. बिक भरतराम के घर के बाहर सड़क पर नाली नहीं है। जिसके चलते घर का पानी पड़ोसी की दीवार तक चला जाता है। बस इसी बात को लेकर पड़ोसी भरतराम के परिवार से रंजिश रखता है। बृहस्पतिवार की सुबह सात बजे पड़ोसियों ने भरतराम के बेटे प्रीतम और जयविंदर के साथ मारपीट शुरू कर दी। बेटों के साथ मारपीट की जानकारी मिलने पर भरतराम बीच बचाव करने पहुंच गए। तभी दबंगों ने उन पर भी हमला कर दिया। लाठी डंडों और लात घूसों से बुरी तरह पीटा। घटना में भरतराम सिंह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। जबकि उनके बेटे पीतम और जयविंदर भी बुरी तरह घायल हो गए। आरो. पियों ने पथराव भी किया। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग निकले। परिजन भरतराम, पीतम और जविंदर को लेकर अस्पताल जाने लगे। लेकिन, रास्ते में ही भरतराम सिंह की मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने भरत राम को मृत घोषित कर दिया। प्रीतम और जयविंदर का इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की। सीओ अवधभान भदोरिया ने भी मौका मुआयना किया। अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मामले में परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आनी थी बारात, उठ गई चाचा की अर्थी

### बकायन के पेड़ पर लटककर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर/सैदनगली**। भतीजी की बारात आने से पहले ही चाचा किसान ने बकायन के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। किसान की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

पूरा मामला सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव दमगढ़ी का है। यहां 35 वर्षीय किसान चंद किशोर का शव घर से तकरीबन 100 कदम की दूरी पर जंगल में बकायन के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। शुक्रवार की सुबह उधर से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर जब शव पर पड़ी तो उनकी चीख निकल गई। ग्रामीणों के द्वारा मामले की जानकारी



परिजनों को दी गई। रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गये। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक खेती किसानी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। वह अपने पीछे तीन बच्चों अजित, रूसी, नवनीत के अलावा पत्नी मंजू को रोते-बिलखते छोड़ गया है। वहीं, मृतक की पत्नी मंजू ने बताया कि देर शाम भतीजी की लगन से वह घर आये थे। घर के पास में ही एक दूसरी लगन आई थी। उसे लगन में आये मेहमानों द्वारा हमारे घर पर बियर पी गई थी। इसी बात को लेकर पति से विवाद हो गया था। इसके बाद वह गायब हो गये थे। शाम को मृतक के बड़े भाई की बेटी की बारात आनी थी। घर में उसकी तैयारी की जा रही थी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मामला सुसाइड का है। शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परि. जनों की तरफ से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।



हसनपुर। किसान की मौत पर रोते बिलखते परिजन।



### बच्चों का कराया टीकाकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। जय गोविंद पब्लिक स्कूल गंभीर बीमारियों से बचाव को बच्चों का टीकाकरण कराया गया। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्हें आज डाक्टरों की टीम ने दस वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया। इस अवसर पर एएनएम बबीता, सुनीता, चमन देवी, स्कूल स्टाफ इल्मा मलिक, सानिया मौजूद रहीं।

# पिकअप ने कार को रौंदा परिवार के पांच लोग घायल

### शादी समारोह से लौटते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। तेज रफ्तार पिकअप और होंडा अमेज कार की जोरदार भिड़ंत हो गई हादसे में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना क्षेत्र में बाईपास मार्ग पर बीती रात करीब तीन बजे एक तेज रफ्तार पिकअप और होंडा अमेज कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पीआरबी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस कर्मियों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडी धनोरा में भर्ती कराया जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जनपद बिजनौर के थाना नूरपुर निवासी कर सवार परिवार गजरौला थाना क्षेत्र से एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के बाद वापस बिजनौर लौट रहा था। उनकी गाड़ी बछरायूं थाना क्षेत्र में संत पियूष स्कूल के सामने पहुंची तो धनोरा की तरफ से आ रही पिकअप से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में संजीव कुमार, सुषमा देवी, आयुष, रिया, पीयूष निवासी थाना नूरपुर जनपद बिजनौर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि घायलों को मंडी धनौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# दुकान के ताले तोड़ लाखों की चोरी

### देहात थाने के गांव हासमपुर की घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर अल्टरनेटर समेत लाखों रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। देर रात तक चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी।

घटना अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के हासमपुर गांव में हुई। यहां पर किसान चेतन सिंह का परिवार रहता है। गांव से थोड़ी दूर उनकी दुकान है। गुरुवार रात चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर सिंचाई के लिए दुकान में रखा अल्टरनेटर और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। शुक्रवार सुबह चेतन सिंह दुकान पर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। उन्होंने मामले की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जांच-पड़ताल की। सीओ अवधभान भदोरिया ने घटना की जांच कराने की बात कही।

# गंगा एक्सप्रेस पर धरने पर बैठे ग्रामीण

### अंडरपास बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गांव चक गुलाम अंबिया के ग्रामीण शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे पर चल रहे निर्माण कार्य की जगह धरने पर बैठ गये। जिससे निर्माण कार्य के लिए सामग्री लेकर आ रहे वाहन भी रुक गये। तहसीलदार के आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।

तहसील क्षेत्र के गांव चक गुलाम अंबिया में गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण चल रहा है। जिससे उनके 100 साल पुराने रास्ते पर अंडर पास नहीं बनवाया गया। जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों



का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण रास्ते को खुलवाने एवं अंडर पास बनवाने के लिए काफी समय से मांग कर रहे हैं। जिसको लेकर वह मुख्यमंत्री दरबार तक अर्जी लगा चुके हैं। लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई सुनवाई नहीं की गई। इसी को लेकर ग्रामीण गंगा एक्सप्रेस वे पर पहुंचकर निर्माण कार्य की जगह धरने पर बैठ गये। धरने की सूचना पर तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव तथा थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंच गये। तहसीलदार द्वारा 10 दिन तक समस्या का समाधान करने के आश्वासन पर ग्रामीण मान गये और जाम खोल दिया। धरना प्रदर्शन में राजवीर सिंह, विनोद, हरिदास, तरुण आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# राहुल के दबाव में जातीय जनगणना का फैसला

### कांग्रेसियों ने मनाया जश्न, निकाला मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। केन्द्र सरकार द्वारा जातिय जनगणना का श्रेय कांग्रेसियों ने अपने नेता राहुल गांधी को देते जश्न मनाया।

शुक्रवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा जैसा कि पूरे देश के लोगों को जानकारी है कि भारत के लोकप्रिय नेता किसान मजदूर की आवाज जननायक नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व पूरी कांग्रेस पार्टी विगत कई वर्षो से देश में जातिगत जनगणना कराई जाने की मांग केंद्र सरकार से करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के लंबे प्रयासों का ही प्रतिफल है। केंद्र सरकार ने देश में जातिगत जनगणना कराये जाने का आदेश पारित किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार को जातिगत जनगणना कराई जाने के लिए बाध्य होना पड़ा है। जिसकी घोषणा केंद्र सरकार द्वारा 30 अप्रैल को कर दी गई है। अब पूरे भारत में जातिगत जनगणना के आधार पर जिसकी जितनी भागीदारी है उतनी ही हिस्सेदारी हो जायेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया, प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह, सचिन चौहान, जिला महासचिव राजकुमार अरुण, शाहिद सिद्दीकी खेड़ी, जोया नगर अध्यक्ष मो. हसिन अली, शकीर मसूदी, मंगल गुर्जर, चंद्रपाल बबलू गुर्जर, जीशान अली, हर्षित चौधरी,शेर सिंह जाटव,तालिब इदरीसी, डॉक्टर अकरम,हाजी फहीम अहमद, मुजाहिद पहलवान, हाजी फारूक, समीम अब्बासी,इशरत अली, मौ कलीम, हाजी हसनैन,आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे




# जेई पर अवैध उगाही का आरोप, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां ने मुख्य अभियंता (गजरौला जोन) को ज्ञापन सौंपकर बिजनौर के वसा.

**भाकियू ने सौंपा मुख्य अभियंता को ज्ञापन**

वनपुर के जेई पर किसानों से अवैध वसूली का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की। मण्डलाध्यक्ष रवि चौधरी ने कहा 15 अप्रैल को जेई ने किसानों से अवैध उगाही की, जिसकी शिकायत भी की गई थी मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि यदि जेई को शीघ्र ही निलंबित नहीं किया गया तो



अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर अतुल चौधरी, मुकुल चौधरी, शुभम चौधरी,चंद्रपाल सिंह, आशु अली, अक्षित चौधरी, सुमित चौधरी, फरियाद अली, विजयवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सर्वेश सिंह, मुन्नू सिंह, रोहित कुमार मौजूद रहे।

# शिक्षामित्र को धमकाने वालों पर कार्रवाई हो

## शिक्षकों ने कोतवाली में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों ने हसनपुर ब्लॉक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश खड्गवंशी के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर पोसवाल के नेतृत्व में दर्जनों शिक्षामित्र साथी कोतवाली पहुंचे और शिक्षामित्र साथी के साथ अभद्रता करने गाली गलौज करने एवं रास्ता रोकने की घटना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई मांग की। उन्होंने कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक से मिलकर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाने की मांग की है। बताते चलें कि रमेश सिंह पुत्र गनेशी सिंह निवासी गांव मल्ल वाली डगरौली का रहने वाला है। प्रार्थी पड़ोसी गांव कालका वाली डगरौली के प्राथमिक विद्यालय में घशिक्षामित्र के पद पर तैनात है। सुबह करीब 7 बजे वह अपनी बाइक पर सवार होकर विद्यालय जा रहा था। विद्यालय से कुछ दूरी पर जोगेश पुत्र चंदर, लोकेश पुत्र चंदर व इनके दो अन्य भाइयों व चंदरपुर पुत्र अंतराम निवासी गांव कालका वाली डगरौली ने उनको रोक लिया और गाली गलोज करते हुए मारपीट करने का प्रयास किया। एससी एक्ट के झूठे मुकदमें फंसाने की धमकी दी।मौके पर मौजूद लोगों ने उनको बचाया। आरोपियों ने स्कूल नहीं जाने दिया। इसके बाद आरोपी जोगेश अपने भाइयों के साथ स्कूल में चाकू व डंडा लेकर हमला करने के लिए पहुंच गया। उसने अन्य घशिक्षकों को भी धमकी दी। जिससे स्कूल में भय का माहौल बना हुआ है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ पदाधिकारियों का कहना है कि अगर शीघ्र ही रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो उत्तर प्रदेश शिक्षामित्र संघ आंदोलन को बाध्य होगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश शिक्षा में संख्या जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल, उपाध्यक्ष वरुण गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चौहान, ब्लॉक मंत्री जगत सिंह, भूदेव सिंह, शीशराम सिंह, भोपाल सिंह, पूरन सिंह, जयवर्धन सिंह,भूरे सिंह ,मंगल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



हसनपुर।कोतवाल से शिकायत करने के बाद वापस लौटते शिक्षामित्र।

## आज निकलेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में आज शनिवार को नगर में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को नगर ब्राह्मण सभा की बैठक का आयोजन अवंतिका पार्क में किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सभा के द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास करके शोभायात्रा को भव्य रूप से निक.ालना है। कहा कि शाम के पांच बजे से दस बजे तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा, पूर्व चेयरमैन रोहताश कुमार शर्मा, देवेश शर्मा, मनोज शर्मा, विजय कुमार शर्मा, डॉ.राजीव शुक्ला, सार्थक शर्मा, आमोद तिवारी, योगेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



## हत्याकांड में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस से मिले परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम फौंदापुर में युवक की हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परि.जनों ने थाने पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक से मिले। उन्होंने पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई के बारे

**■ मुख्य आरोपी को जेल भेज चुकी है पुलिस**

में भी जानकारी की। बता दें कि 13 अप्रैल को ग्राम निवासी योगेश व उसके पिता जहेन्द्र सिंह को रास्ते में रोकर पीटा गया था। गंभीर रूप से घायल योगेश की अस्पताल ले जाते मौत हो गई। योगेश के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व प्रधान पति राजवीर सिंह, उसके भाई मनोज कुमार सहित चार अज्ञात लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी मनोज कुमार को उसी शाम गिरफ्तार कर लिया गया था। शुक्रवार को योगेश के पिता जहेन्द्र सिंह, प्रशांत चौहान, जसवीर सिंह, महेन्द्र सिंह, अजब सिंह, नरेश चौहान, कमल सिंह, हुकम सिंह, मूलचंद सिंह आदि ने पुलिस से मिलकर घटना में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।



## अवैध प्लॉटिंग पर गरजी जेसीबी

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** एसडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार, कैलसा, अवर अभियन्ता क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल एवं अमरोहा थाना देहात पुलिस बल की टीम ने अमरोहा खास बाहर चुंगी गाटा सं0 3310, 3312, 3316, 3182, 3180, 3181, 3175, 3150, 3149 व 3257 व इसके आस-पास गाटा संख्याओं में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लगभग 70-75 बीघे पर हो रहे अनाधिकृत रूप से अवैध प्लाटिंग व बाउन्ड्रीवालों पर कर जा रही अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। अधिकारियों ने कहा कि मानचित्र स्वीकृत कराकर ही नियमानुसार निर्माण कार्य करें, बिना मानचित्र के कोई भी निर्माण नहीं होने दिया जायेगा। वहीं अनाधिकृत रूप से हो रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण होने से कॉलोनीनाइजरों में भी हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। अधिकारियों ने कहा कि आगे भी इस तरह के अभियान चलते रहेंगे, इसलिए निर्माण से पहले मानचित्र पास कराएं।



## धरती में बोरवेल के माध्यम से प्रदूषित पानी छोड़ रहीं हैं औद्योगिक इकाईयां

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भाकियू संयुक्त मोर्चा की बैठक में जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू ने औद्योगिक क्षेत्र गजरौला में स्थित कुछ फैक्ट्रियों पर अवैध तरीके से जमीन में बोरवेल करके प्रदुषित पानी छोड़ने का आरोप लगाया, साथ ही स्थानीय युवकों को नौकरी न पर

**■ भाकियू संयुक्त मोर्चा की बैठक में उठा मुद्दा**

रखने की बात भी कही। मझौला में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि धरती में स्थित पानी के अमूल्य भंडार को फैक्ट्रियों द्वारा प्रदुषित पानी छोड़कर दूषित किया जा रहा है। कहा कि गजरौला क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में छोटी बड़ी फैक्ट्रियां स्थित हैं, मगर बाबजूद इसके बाहर के लोगों को रोजगार दिया जा रहा है और स्थानीय युवकों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है, जबकि प्रदुषण यहां के लोग झेल रहे हैं। कहा कि शीघ्र ही फैक्ट्रियों के प्रबंधन से इस मामले को लेकर बात करेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह, अरुण सिद्धू, सीपी सिंह, ओपी सिह, नितिन चौधरी, पाटिल चौधरी, देविन्दर सिह आदि किसान मौजूद रहे।



## पालिका में दो मंजिला लाइब्रेरी का होगा निर्माण

### डीएम ने निरीक्षण कर दिये कार्य योजना बनाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** नगर पालिका में दो मंजिला आधुनिक डिजिटल आकर्षक लाइब्रेरी का निर्माण कराया जायेगा। डीएम श्रीमति निधि

**■ छात्र-छात्राओं के साथ ही नगर के लोग भी ले सकेंगे लाभ**

गुप्ता वत्स ने आज निरीक्षण कर मानचित्र देख कार्ययोजना बनाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार को दिये।

नगर पालिका परिषद में प्रस्तावित दो मंजिला आधुनिक डिजिटल सुंदर व आकर्षक लाइब्रेरी के संबध में जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और मानचित्र को देखकर कार्य योजना बनाने के दिया निर्देश दिए। यह लाइब्रेरी सभी व्यवस्थाओं से सुसज्जित होगी, कंप्यूटर से छात्र-छात्राओं के अध्ययन की व्यवस्था के साथ ही अखबार और मैगजीन भी पढ़ने के लिये उपलब्ध रहेंगे। शुक्रवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स द्वारा अध्यक्ष नगर पालि.का परिषद शशि जैन की उपस्थिति में आधुनिक और डिजिटल लाइब्रेरी के द्रष्टिगत मौके पर जाकर की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा गया। डीएम ने कहा कि शीघ्र कार्य योजना तैयार कर ली जाए, कहा कि लाइब्रेरी दो मंजिला बनाई जाएगी, जिसमें नीचे अखबार और मैगजीन पढ़ने की व्यवस्थाएं होंगी जबकि उपरी मंजिल में छात्र छात्राओं के अध्ययन के लिए डिजिटल लाइब्रेरी बनेगी, जिसमें बच्चे बैठकर विधिवत अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पाठकों के लिए पार्किंग और आने जाने के लिए अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। कहा कि इस लाइब्रेरी से छात्र छात्राओं के साथ ही नगर के लोगों को भी लाभ पहुंचेगा। लोगों में पढ़ने की भावना का भी विकास होगा।



## एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

### परेड की ली सलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों को अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गई। इसके बाद एमटी शाखा, शस्त्रागार, क्वार्टर गार्द, भोजनालय, बंदी वाहन, डॉग स्कवॉयड, पीआरवी वाहन आदि का निरीक्षण कर कमियों को दुरुस्त करने का आरआई को निर्देश दिया। एमटी शाखा के निरीक्षण में पुलिस वाहनों के रख-रखाव को लेकर पूछताछ कर दिशा-निर्देश दिए। ईंधन व वाहनों से संबंधित लॉग बुक समेत अन्य दस्तावेजों का भी एसपी ने अवलो.कन किया। शस्त्रागार में शस्त्रों की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण कर संचालन की जानकारी दी। साथ ही क्वार्टर गार्ड में सुरक्षा गार्डों की मुस्तैदी का भी निरीक्षण किया। विषम परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले टैक्टिस की प्रैक्टिस का जायजा लेकर भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता जांची। सभी शाखा प्रभारियों को रिकार्ड के मेंटेन के साथ ही साफ-सफाई रखने व राजकीय कार्य समय से पूरा करने का निर्देश दिया।

## महिला के शव की शिनाख्त तीसरे दिन भी नहीं

### पुलिस आज करायेगी शव का पीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। महिला के शव की शिनाख्त तीसरे दिन भी नहीं हो सकी। पुलिस शनिवार यानी आज शव का पोस्टमार्टम कराएगी। सीएमओ स्तर पर इसके लिए तीन चिकित्सकों का पैनल गठित किया गया है। जिसमें एक महिला चिकित्सक को भी रखा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही महिला की हत्या से जुड़ी तस्वीर साफ हो पाएगी। ग्रामीणों द्वारा दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई गई थी।

गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव हासमपुर के जंगल में एक गन्ने के खेत के पास से गुजर रहे लोगों का वहां से तेज दुर्गंध आने पर माथा ठनका था। तलाशी के दौरान खेत के बीचो-बीच एक कोट कवर मिला था। जिसकी चौन खोलते ही ग्रामीणों के होश उड़ गए थे। उसमें एक महिला का शव था जो बुरी तरह सड़-गल चुका था। चेहरा भी जला हुआ था। प्रथम दृष्टया देखने से ऐसा लग रहा था कि हत्यारों द्वारा बड़ी बेदर्दी से मौत के घाट उतारने के बाद चेहरा जलाकर पहचान मिटाने का प्रयास किया गया है। काफी कोशिश के बाद भी पहचान नहीं होने पर बाद में पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया था। एसपी अमित कुमार आनंद ने महिला की पहचान और हत्या का खुलासा करने के लिए चार टीमों को लगाया था लेकिन अभी तक भी महिला को लेकर कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस महिला को दूसरे राज्य का मानते हुए ईंट-भट्टों और फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों से भी संपर्क कर रही है लेकिन अभी तक कोई भी महिला को नहीं पहचान सका है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मृतका की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। जल्दी सफलता मिलने की उम्मीद है।

**संबंध विच्छेद**

मैं मोहम्मद यूसुफ व मेरी बहन मुमताज पत्नी मोहम्मद अनवार ने अपने भाई फैसल से संबंध विच्छेद कर लिए हैं। अब हम दोनों का इससे कोई मतलब वास्ता नहीं है।

मोहम्मद यूसुफ पुत्र इदरीश निवासी मोहल्ला होली वाला रेतिया फाटक वाली गली हसनपुर जिला अमरोहा

## बेनहर पब्लिक स्कूल में मूक अभिनय (माइम) और स्टैंड-अप कॉमेडी प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** विद्यार्थियों की कम्युनिकेशन स्किल्स और व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखकर बहुत से पाठ्य सहगामी कार्यक्रमों का आयोजन बेनहर पब्लिक स्कूल में समय–समय पर किया जाता है।

शुक्रवार को बेनहर पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों के लिए माइम एक्ट कंपिटीशन (मूक अभिनय प्रतियोगिता) व स्टैंड–अप कॉमेडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अभिव्यक्ति के शब्द रहित माध्यम (नॉन वर्बल कम्युनिकेशन) में संकेतों और मूक अभिनय से संवाद किया जाता है, माइम्स और मीम्स ऐसे ही संवाद को मंच पर प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में उपस्थित विद्यालय की संस्थापक प्रधानाचार्या रंजीत सैहमी, प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी और हेडमिस्ट्रेस(जूनियर) नेहा पांडेय ने किया। प्रतियोगिता के अवसर पर एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा ने कोऑर्डिनेशन और एंकरिंग का दायित्व संभाला। साथ ही कृतिका श्रीवास्तव और गौरांश सिंह मल्ही ने भी एंकरिंग की। बच्चों को प्रेरित करते हुए संवाद के विभिन्न माध्यमों का उल्लेख किया और बताया कि अभिनय का मूल्यांकन प्रस्तुतियों की मौलिकता, सृजनशीलता, तकनीकी पक्ष, मंच पर आत्मविश्वास, कथ्यात्मक पक्ष, संप्रेषण कुशलता और भावाभिव्यक्ति के आधार पर किया जाएगा। रिद्धि शर्मा, रिशिता, दर्शिका शर्मा, कृति अवनी अग्रवाल, राजपूत, नितेश, आराध्या, प्रकाश, अरमान सिंह, आराध्या सिंघल, सिद्रा खान, परिधि दिवाकर, शोभित अरोड़ा शुभ्रांश अभि सिंह, आयुष राठौर, किंजल सिंह, रागिनी यादव, जुनैद खान, भारद्वाज, अध्ययन राजपूत, क्षितिज कुमार, निकिता मेहरबानी, शुचि सिंह, विराट वाजपेई, गौरांश, मोहम्मद अली हसन खान, आदिल शमसी, शांति मंडल,अब्दुल अहद, सानिया वर्मा, आर्या, अनिकेत मौर्य ने आदि ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

## खेत जोतने को मांग कर लाया हैरो हुआ चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**पूरनपुर।** खेत जोतने के लिए हैरों मांग कर लाया किसान गांव के युवक के दरवाजे के सामने खड़ी कर दी। लेकिन वह रात्रि 11 बजे उसको पुनः देखने पहुंचा तो हैरों गायब थी।इसको लेकर किसान ने दरवाजे पर खड़ी हैरों के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला हैरों चोरी की हो गई। पूंछताछ करने पर जिस युवक के दरवाजे पर हैरों खड़ी थी उसका ही चोरी में हाथ बताया जा रहा है। सतीश पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी ग्राम ग्रन्ट नं. 21 उर्फ ढक्का चांट कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र निवासी युवक ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसने दिनांक 30 अप्रेल बीते दिनांक को खेत जोतने के लिए राजपाल की हैरों मांग कर लाया था। जिसको उसने आसिर खां पुत्र आकिल खां आदिल खां पुत्र बकील खां गांव निवासी के यहां खड़ी कर दी थी और उनको वह बताकर अपने घर चला गया।

## गैर समुदाय के दुकानदार ने की पांच साल की मासूमों से दरिंदगी, गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददता**

**पूरनपुर।** घर से पास की ही परचून की दुकान पर सामान खरीदने गई 5 साल की मासूमों के साथ गंदी हरकत करने वाले गैर समुदाय के दुकानदार को पुलिस ने दबोच लिया है। मामले में एक दिन पहले ही दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद घर पहुंची मासूमों ने प्राइवेट पार्ट में दर्द होने की बात बताई तो परिजनों को जानकारी लगी थी। शिकायत करने पर आरोपी ने धमकाकर जान से मारने की धमकी दी। हजारा थाना क्षेत्र के ग्रामीण की 5 साल की बेटी पड़ोस की एक अन्य 5 साल की बच्ची के साथ 30 अप्रैल को गैर समुदाय के जलालुद्दीन की दुकान पर सामान खरीदने गई थी। तभी आरोपी ने दोनों मासूम के अश्लील हरकतें की थी। घर पहुंचने पर बच्चियों ने प्राइवेट पार्ट में दर्द होने की बात परिजनों से कहीं। रक्तस्राव होने पर सभी के होश उड़ गए थे। मामले की शिकायत आरोपी दुकानदार से की तो वह गाली गलौज कर झगड़ा पर आमदा हो गया। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी जलालुद्दीन के खिलाफ दुष्कर्म सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दोनों मासूमों का भरतपुर पीएचसी में डाक्टर रश्मी श्रीवास्तव ने दोनो मासूमों का मेडिकल परीक्षण किया। घटना से क्षेत्र में काफी रोष देखा जा रहा है। सुरागशी के बाद पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी जलालुद्दीन को गिरफ्तार कर

**कार्यालय नगर पंचायत जोया जनपद-अमरोहा**

पत्रांक: 931/न.पं.जोया/2025 दिनांक- 01.05.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत जोया द्वारा शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत निराश्रित / बेसहारा गौवंशों के भरण पोषण हेतु भूसे की आपूर्ति का कार्य प्रति कुन्तल की दर के अनुसार 'शासन/रा०वि० आयोग/बोर्डफंड से प्राप्त धनराशि' से किये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से से निविदायें आमंत्रित की जाती है निम्न कार्य की मोहर बन्द निविदायें दिनांक 09.05.2024 को अपराहन 1:00 बजे तक प्राप्त करने के उपरान्त उसी दिन अपराहन् 3:00 बजे कार्यालय में अध्यक्ष महोदय के सक्षम खोली जायेंगी अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | दर | धरोहर राशि | निविदा शुल्क समस्त कर सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत जोया द्वारा संचालित कान्हा गौशाला में संरक्षित गौवंश के भरण पोषण हेतु भूसे की आपूर्ति का कार्य। (आवश्यकतानुसार पहुंचाना/ लोडिंग/ अनलोडिंग वार्षिक हेतु | प्रति कुन्तल की दर से | 10000.00 | 500.00 |

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

**कार्यालय कृषि उत्पादन मंडी समिति धनौरा (अमरोहा)**

पत्रांक: कृ.उ.म.स./2025-464 दिनांक- 2.5.2025

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल धनौरा की कैन्टीन की नीलामी जो दिनॉक 15.04.2025 को होनी सुनिश्चित की गयी थी नियत तिथी को किसी भी व्यक्ति/ बोलीदाता द्वारा प्रतिभाग न लेने के कारण कैन्टीन की नीलामी नहीं की जा सकी।

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कैन्टीन की पुन: नीलामी कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति धनौरा (अमरोहा) में दिनोंक 08.05.2025 को समय दोपहर 02:00 बजे उपजिलाधिकारी / सभापति, महोदया के समक्ष होगी। इच्छुक व्यक्ति बोली से पूर्व अपने आधार कार्ड की छाया प्रति एवं जमानत के रूप में धनराशि रू. 12,500-00 की बैंक गारण्टी अथवा सचिव मण्डी समिति के पक्ष में बन्धक एफ.डी.आर. प्रस्तुत करनी होगी। नीलामी की अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी या पढ़ी जा सकती हैं।

**( सचिन शर्मा )**
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
धनौरा (अमरोहा)

**( चन्द्रकान्ता )** पीसीएस
उपजिलाधिकारी / सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
धनौरा (अमरोहा)

# जिला अस्पताल में हंगामा, पूर्व मंत्री आबिद राजा के भाई ने स्टाफ से की मारपीट

**शाह टाइम्स, सुनील कश्यप**

**बदायूं।** जिला अस्पताल स्थित क्षय रोग विभाग में पेट्रोल पर्ची वितरण को लेकर आसिफ राजा ने स्टाफ से मारपीट की सीनियर सुपरवाइजर स्वदेश सक्सेना का आरोप है कि आसिफ राजा ने उन्हें और सर्वेश कुमार को कालर पकड़ कर अपने केबिन में खींच लिया वहां दोनों के साथ मारपीट और गाली गलौज की विवाद फील्ड वर्क के लिए मिलने



वाली पेट्रोल पर्चियो को लेकर हुआ सीनियर सुपरवाइजर को 4 लीटर पेट्रोल की पर्ची मिलती है स्वदेश सक्सेना का आरोप है कि उन्हें कम पर्ची मिली स्वदेश सक्सेना ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की पर्ची वितरण का काम देख रहे।

आसिफ राजा इस शिकायत से नाराज हो गए और सुपरवाइजर को पीटना शुरू कर दिया कार्यालय में जमकर की तोड़फोड़ की और मच गई अफरा तफरी और कर्मचारी निकल कर भागने लगे।

# पत्रकारों की सुरक्षा हेतु कानून बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा) पत्रकार संगठन ने पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों के परिवारों के मुआवजा और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग करते हुए पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम सम्बंधित करते हुए विजय कुमार शुक्ला तहसीलदार बिसौली को सौंपा गया साथ ही ज्ञापन में आतंकियों के खिलाफ सख्त से सख्त से कार्यवाही करने की मांग की है। सीमा पर कड़ी निगरानी करते हुए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाये। इसके साथ ही फर्जी पत्रकारों की जांच कर कार्यवाही की



जाए। तहसील प्रशासन व थाना पर हर माह पत्रकारों की सामंजस्य बैठक आयोजित की जाए। पत्रकारों के खिलाफ शिकायत आने पर जांच होने के बाद कार्यवाही की जाए। पत्रकारों के सुरक्षा हेतु नियम कानून बनाने की मांग की गई है। इस अवसर पर आईरा पत्रकार संगठन से वेदपाल जिलाध्यक्ष, राहुल गुप्ता तहसील अध्यक्ष, राहुल शाक्य तहसील प्रभारी, अभिषेक आर्य जिलाउपाध्यक्ष, कुलदीप सक्सेना, धीरेंश कुमार, सुमित कुमार, पवन चौहान, मोहित कुमार, राम सिंह यादव सरंक्षक, अखिलेश श्रीवास्तव आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# सिलहरी में दो बाइकों की आमने-सामने की हुई टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मुड़िया निवासी चरन सिंह पुत्र भोजराज बृहस्पतिवार को समय करीब 7:00 बजे विजय नगला से सामान लेकर घर मुड़िया आ रहा था जैसे ही वह अपने गांव की तरफ वाइको मोडी वैसे वैसे ही बिनावर की ओर से तेज रफ्तार से आ रही अपाचे बाइक सवार में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर गिर जमीन पर गिर गया हाईवे पर गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मेडिकल परीक्षण के बाद घायल को मृत घोषित कर दिया है घटना की सूचना पर स्वजन जिला अस्पताल पहुंच गए हैं जिनका वहां रो-रोकर बुरा हाल है दूसरा अपाचे बाइक सवार भी गम्भीर हालत में बरेली हायर सेंटर बरेली भेजा गया है वह थाना क्षेत्र के गांव रैपुरा की बताई जा रही है। उक्त संबंध में थाना प्रभारी अशोक कुमार कंबोज ने बताया बाइकों की भिड़ंत में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है जिससे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था उसके मृत्यु होने की सूचना मिली है लेकिन मेमो अभी नहीं आया है वहीं दूसरे बाइक सवार घायल हुए हैं उन्हें भी इलाज के लिए बरेली भेजा है।

# वजीरगंज में निकाली गई भगवान परशुराम की विशाल शोभायात्रा

**प्रेम कमल वार्ष्णेय, शाह टाइम्स**

**वजीरगंज।** बदायूं वजीरगंज कस्बे में भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा बुधवार को भगवान परशुराम की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पर भाजपा नेता ब्राह्मण शिरोमणि शैलेश पाठक एवं अवनीश शर्मा ने भगवान परशुराम की पुजा अर्चना के साथ झंडी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया। कस्बे के मैन हाईवे पर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से शौभायात्रा का शुभारंभ ब्राह्मण शिरा. मणि शैलेश पाठक एवं अवनीश शर्म ने संयुक्त रूप से भगवान परशुराम की पुजा अर्चना कर किया। शोभा यात्रा में सबसे आगे भगवान गणेश की झांकी उसके पीछे कालिया अखाड़ा भगवान हनुमान



जी की झांकी उत्तराखंड का चट्टी चटा क्लब मां दुर्गा की झांकी कस्बे का प्रसिद्ध बैंड के साथ राधा कृष्ण के रूप में सजे कलाकारो के साथ-साथ दो दर्जन से ज्यादा झांकियां शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। शोभा यात्रा हाईवे होती हुई छोटी बाजार मैन बाजार धन्नी चौंक खिन्नी मौहल्ला होली चोक इमली मौहल्ला मैं शोभायात्रा ने भ्रमण किया नगर वासियों ने शोभा यात्रा का फूल बरसा कर स्वागत किया शोभायात्रा देखने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद है। इस मौके पर शीलू मिश्रा अनु शर्मा सौरभ शंखधार अरुण मिश्रा राजेश पाराशरी मुकेश पाराशरी अंकित मिश्रा ईलू शंखधार शिवम मिश्रा राकेश मिश्रा सुरेश चंद्र मिश्रा राम प्रकाश शर्मा के साथ-साथ सैकड़ो लोग मौजूदरहे।

# कम्प्यूटर केंद्र संचालक माफिया का पैसा कमाना सपना

**सुनील कश्यप, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** बदायूं में कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और कम्प्यूटर संच. ालक माफिया के सिंडीकेट ने ना जाने कितने छात्रों का भविष्य गर्त में णकेल दिया है।

इसको उन पंजीकृत बच्चों के परिजनों से पूछो जिन्होनें कौशल विकास योजना के सहारे बच्चे के कुछ काबिल होने की लालसा लेकर पंजीकृत कराया था लेकिन सुविधा शुल्क ना देने के कारण कम्प्यूटर केंद्र संचालक ने अनुर्तीण कर दिया। पास और फेल के इस खेल में कितना घोटाला किया गया है उसका अंदाजा माफिया के कम्प्यूटर सेंटर से पंजीकृत छात्रों के प्राप्तांको से लगाया जा सकता है जिनको मनमाना रूख अपनाते हुए माफिया संचालक द्वारा प्राप्ताकों की बरसात की तरह दिलाये गए हैं।

जबकि दूसरे केंद्रों पर पंजीकृत छात्रों एवं सुविधा शुल्क ना पाने वालों को पिछडने की राह पर चलने औा सिर पकड़ कर बैठने को मजबूर कर दिया है।

आम आदमी को ऐसा लग रहा है कि माफिया और कौशल विकास योजना में संचालन में शामिल कुछ भ्रयट अफसरों ने कोशल विकास योजना को अपनी तिजोरिया भरने का माध्यम बना है और उनकी निगाह में किसी के भविष्य का कोई मूल्य ही नहीं है।

# व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने विद्युत संबंधित समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता को सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने कृष्ण अवतार शर्मा के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उन्होंने गर्मी के मौसम में शेड्यूल के मुताबिक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की जाए, नगर में जर्जर तारों व खराब पड़े।

ट्रांसफार्मर को बदला जाए। शुक्रवार को व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यकर्ता विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर एकत्रित हुए। वहां नगर महामंत्री धर्मेंद्र कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि नगर की जहां-जहां जर्जर लाइन है उन्हें बदलवाया जाए। कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर के कनेक्शन बॉक्स खराब होने के कारण डायरेक्ट जुड़े हुए हैं उन्हें बदलवाया जाए। जिस कारण अनहोनी घटना की संभावना बनी रहती है। वही ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति शेड्यूल के मुताबिक की



जाए। व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने इन सभी समस्याओं का निदान जल्द से जल्द कराने की मांग की है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी कृष्ण अवतार शर्मा, विधानसभा सह प्रभारी धर्मेंद्र वार्ष्णेय, प्रदेश मंत्री विनय गर्ग, युवा कोषाध्यक्ष पीयूष मुरारी वार्ष्णेय, प्रांतीय सदस्य सुमित गोयल, केपी मौर्य, सभासद कृष्ण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### तीन मई को तहसील सदर बदायूं में होगा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार 03 मई 2025 दिन शनिवार को जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील सदर बदायूं में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

संपूर्ण समाधान दिवस में आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### 05 मई को सीवर व सैप्टिक टैंक सफाई श्रमिकों को होगा सुरक्षा किट्स व आयुष्मान कार्ड का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशों के क्रम में मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तन्त्र के लिए राष्ट्रीय मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र कार्रवाई (नमस्ते) योजनान्तर्गत चयनित कुल 144 सीवर व सैप्टिक टैंक सफाई श्रमिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पी0पी0ई0 किट्स), आपातकालीन प्रतिक्रिया स्वच्छता इकाई (ईआरएसयू) सेफ्टी डिवाइस किट्स तथा पात्र सैप्टिक टैंक सफाई श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड हेतु ई0के0वाई0सी0 का वितरण मा0 राज्य मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार बी0एल0 वर्मा जी द्वारा 05 मई 2025 को दिन सोमवार को अपराह्न 03:00 बजे से डायट परिसर स्थित ऑडीटोरियम में आयोजित किया जायेगा। डीएम ने कार्यक्रम को भव्य एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन को नोडल अधिकारी नामित किया है साथ ही सुरक्षा, पेयजल, साफ-सफाई, सजावट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि की व्यवस्था के लिए सम्बंधित अधिकारियों को उत्तरदायित्व सौंपा है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को समस्त लाभार्थियों को डायट परिसर में समय से लाने की व्यवस्था करने तथा अन्य विभिन्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया है।

### जनपद में हुआ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आंगनबाडी कार्यकत्री के 459 पदों पर चयन हेतु 14.03.2024 को विज्ञापन जारी किया था जिसकी अन्तिम तिथि 24.04.2024 थी उपर्युक्त पदों पर विकास खण्ड उसावां में 36 पदों के सापेक्ष 29 पदों पर अन्तिम चयन हुआ है, दातागंज में विज्ञापित 19 पदों के सापेक्ष 15 पदों पर अन्तिम चयन हुआ है, समरेर में विज्ञापित 24 पदों के सापेक्ष 22 पदों पर अन्तिम चयन हुआ है। म्याऊँ में विज्ञापित 43 पदों के सापेक्ष 25 पदों पर अन्तिम चयन हुआ है, जगत में विज्ञापित 18 पदों के सापेक्ष 13 पदों पर अन्तिम चयन हुआ है, उझानी में विज्ञापित 17 पदों के सापेक्ष 15 पदों पर अन्तिम चयन हुआ है, वजीरगंज में दिज्ञापित 33 पदों के सापेक्ष 20 पदों पर अन्तिम चयन हुआ है कादरचौक में विज्ञापित 18 पदों के सापेक्ष 12 पदों पर अन्तिम चयन हुआ है, अम्बियापुर में विज्ञापित 25 पदों के सापेक्ष 22 पदों पर अन्तिम चयन हुआ है, दहगवां में विज्ञापित 33 पदों के सापेक्ष 29 पदों पर अन्तिम चयन हुआ है और इस्लामनगर में विज्ञापित 23 पदों के सापेक्ष 16 पदों पर अन्तिम चयन हुआ है। उपर्युक्त परिणाम अन्तिम रूप से चयनित आवेदकों के पूर्ण विवरण एवं चयन का आधार आदि सहित जनपद बदायूँ के एन०आई०सी० वेबसाइट https%@@budaun-nic-in/ पर जारी है जिसे इच्छुक द्वारा देखा जा सकता है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मोहम्मद मूसा जैदी ने हाई स्कूल में इतिहास व नागरिक शास्त्र में सर्वाधिक 99% अंक हासिल कर अपने परिवार का किया नाम रौशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** विगत दिनों हाल ही में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ जिसमें मोहम्मद मूसा जैदी ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में इतिहास व नागरिक शास्त्र विषय में सर्वाधिक 99% अंक हासिल कर अपने परिवार का मान बढ़ाया है। होनहार छात्र मोहम्मद मूसा जैदी ने अपनी कड़ी



मेहनत के बल भरोसे पर अंग्रेजी साहित्य, अंग्रेजी भाषा, हिंदी, भूगोल, गणित, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर एप्लिकेशंस सहित सभी विषयों में डिक्टेशन लाकर अपने कैरियर को मजबूत करने की ऊंची उड़ान भरी है जिससे मोहमद मूसा जैदी के पिता अली मियां जैदी व माता उजमा जैदी को अपने होनहार बेटे पर बेहद नाज है। मोहम्मद मूसा जैदी के पिता अली मियां जैदी पुलिस विभाग में अधिकारी की कुर्सी पर पदासीन हैं व मां उजमा जैदी एक कुशल गृहणी हैं जिन्होंने अपने बेटे मोहमद मूसा जैदी को बचपन से ही उंगली पकड़कर एक मजबूत तालीम दी है। संघर्ष शील छात्र मोहम्मद मूसा जैदी ने हाई स्कूल की परीक्षा उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के एक नाम चीन विद्यालय सेंट मैरीस से उत्तीर्ण की है। मोहम्मद मूसा जैदी की शिक्षा जगत में अपेक्षित कामयाबी से उनके पिता अली मियां जैदी व मां उजमा जैदी सहित समूचे परिवार में जश्न का माहौल है साथ होनहार छात्र मोहम्मद मूसा जैदी को बधाई संदेश देने वालों की लंबी कतार लगी रही।

# विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से हुई वार्ता

**धर्मेंद्र कुमार दीक्षित, शाह टाइम्स**

**आसफपुर।** हाल ही में स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी संदीप कुमार अवस्थी के निर्देशन में चलाए जा रहे नव चयनित ब्लॉक संसाधन व्यक्तियों (बी आर पी) का 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के चलते बीते दिन क्षेत्रीय गांव सीकरी में पहुंचकर बी आर पी टीम ने विभिन्न विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत कर सोशल ऑडिट करने का अभ्यास कर व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया। इस दौरान राज्य स्तरीय मुख्य प्रशिक्षक बी के सिंह, बुद्ध सेन राजपूत, सुषमा सिंह राठौर के नेतृत्व में नव चयनित ब्लॉक संसाधन व्यक्तियों (बी आर पी) के कई समूह बनाकर सोशल ऑडिट का अभ्यास शुरू किया गया। ग्रामीणों की सहमति से इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के ही एक किसान सुनील पुत्र गजराम ने की। इस




सोशल ऑडिट अभ्यास कार्यशाला में मनरेगा योजना, जॉब कार्ड धारकों, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन व अन्य कई योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों से सीधे बात चीत कर आवश्यक अभिलेखों का सत्यापन किया गया।

इस दौरान ग्रामीणों ने संबंधित रोजगार सेवक, संबंधित ग्राम प्रधान सहित कई जिम्मेदारों की खामियां गिनाई। इस अभ्यास कार्यशाला में गांव सीकरी के रोजगार सेवक ध्रुव कुमार, मनरेगा मेठ बॉबी, अंजू सहित नव चयनित ब्लॉक संसाधन व्यक्तियों (बी आर पी) महेश कुमार, मुन्ना लाल राजपूत, रामचंद्र भारती, विमल गंगवार, नरेंद्र सिंह शाक्य, अरुण कुमार, विजय प्रताप सिंह, अमित कुमार, ललिता, रेनू चौहान, नम्रता गुप्ता, सरिता, जितेंद्र कुमार मिश्र, सुशीला, राजेंद्र पाल सिंह, राजपाल सिंह शिवओम शर्मा, श्रीपाल सिंह, विपिन कुमार प्रभाकर प्रसाद मिश्र, अमर पांडे, शिशुपाल, राजेश कुमार, यश पाल सहित संस्थान के कर्मचारी रामगोपाल कश्यप, अमित कुमार, आकाश कुमार आदि मौजूद रहे। यह कार्यक्रम बीते शुक्रवार को विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव सीकरी में आयोजित किया गया। हालांकि इस सोशल ऑडिट अभ्यास कार्यक्रम में संबंधित कई जिम्मेदार विरत रहे। यह जानकारी संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आईरा ने एसडीएम को सोंपा ज्ञापन

**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**

**सहसवान।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के परिवार वालों को न्याय एवं आतंकवाद को जड़ सेखत्म करने की मांग करते हुए ऑल इंडिया रिपोर्टर एसोसिएशन शाखा सहसवान ने एसडीएम को सोपा ज्ञापन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटक स्थल पर हुए आतंकवादी हमले से पूरे देशवासियों को गहरा आघात पहुंचा है इस हमले में निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की गई है और की जान गई, और भारत की संप्रभुता को चुनौती दी गई है हमले के दौरान गोली मारने से पहले उनका नाम पूछा गया, जो अत्यंत शर्मनाक और निदंनीय है समस्त पत्रकार एकजुट होकर आतंकी हमले की कठोर निंदा करता है एवं आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की मांग करता है। 1.



पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को सरेआम गोलियों से भूनकर आतंकवाद का जड़ से खत्मा किया जाएं। जल्द ही आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई हो। 2. पाकिस्तान की संलिप्तता की गहनता से जांच की जाए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी कार्रवाई कराई जाए। 3. सीमा पर सुरक्षा को और सख्त किया जाए, ताकि आतंकवादियों के देश में प्रवेश पर पूर्ण रोक लग सके। 4. पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा और पुनर्वास सहायता प्रदान की जाएं। मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरियां दी जायें। 5- आंतकी गतिविधियों को बढ़ाबा देने वाले संगठन भारत में पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित किए जायें ज्ञापन देने वालों में अबीर कुमार, सोनू यादव, आतिफ निसार जैनू, सौरभ गुप्ता, मुशाहिद रजा, तबरेज खान, मोहित यादव, असीम अली अमित कुमार आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# यू0डी0एस0पी0 पोर्टल हुआ लॉन्च, 12 नोटिफाइबिल डिजीज का होगा सर्विलांस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामेश्वर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि उ०प्र० शासन द्वारा upcovid19tracks.पद पर कोविड-19 के रोगियों के प्रभावी सर्विलांस के दृष्टिगत विभिन्न संक्रामक रोगों के सर्विलांस हेतु डिजिटल माध्यम से सर्विलांस हेतु यू0डी0एस0पी0 पोर्टल लॉच किया गया।

जिसमें वर्तमान में विभिन्न सरकारी व निजी चिकित्सालय एवं पेथोलोजी लैबों द्वारा 12 नोटिफाइबिल डिजीज का सर्विलांस यू0डी0 एस0पी0 पोर्टल द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वैक्सीन प्रिवेन्टिविल डिजीज खसरा, न्यूनेटल टिटनेस, काली खाँसी, डिप्थीरिया व एक्यूट पलेसिङ पेरालाइसिस के रोगियों का सर्विलांस यू0डी0 एस0 पी0 पोर्टल पर डिजिटल माध्यम से किया जाना है, जिसके संबंध में जिलास्तरीय ट्रेनर्स डॉ0 मो0 तहसीन, डॉ0मो0 असलम एवं डॉ0 कौशल गुप्ता का प्रशिक्षण राज्यस्तर पर लखनऊ पर किया जा चुका है।

उनके द्वारा जिलास्तर पर चिकित्सा अधिकारियों व सी0एच0ओ0 को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा पोर्टल को पूरे प्रदेश में लॉच कर दिया गया है। अब से खसरा, न्यूनेटल टिटनेस, काली खाँसी, डिप्थीरिया व एक्यूट फ्लेसिड पेरालाइसिस के रोगियों का सर्विलांस इस पोर्टल के माध्यम से ही किया जाएगा जिससे रोगियों की पहचान जॉच एवं उपचार की पाही त्वरित रूप से की जा सकेगी।

# वित प्रमाण पत्र जमा अथवा अपलोड करें पेंशनर्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी ने कहा कि ऐसे समस्त पेंशनर व पारिवारिक पेंशनर जो कोषागार बदायूँ द्वारा पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, जिन्होंने अपना जीवित प्रमाण पत्र अद्यतन जमा नहीं किया है। उनसे अपेक्षा की है कि वह अपना जीवित प्रमाण पत्र कोषागार कार्यालय में अथवा ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र की वेवसाइट पर जमा अथवा अपलोड कर दें, जिससे उनकी पेंशन ससमय उनके बैंक खातो में प्रेषित की जा सके। उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में कोषागार निदेशालय लखनऊ द्वारा भी प्रत्येक त्रैमास में प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# राज्य सरकार ने दी उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम को मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में ज्वार, बाजरा, कोदो, सावाँ, रागी/मडुआ आदि मोटे अनाज की खेती, प्रसंस्करण और उपभोग बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने ''उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम'' को मंजूरी दी है। इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट 2023 के मद्देनजर लॉन्च की गई इस नई योजना के तहत वर्ष 2022-23 से वर्ष 2026-27 तक, 05 सालों में प्रदेश सरकार 18626.50 लाख रूपये खर्च कर रही है। इस कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य है मिलेट की खेती को बढ़ावा देते हुए क्षेत्राच्छादन, उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाते हुए किसानों की आय में भी इजाफा करने के लिए वैल्यू एडीशन और मार्केटिंग के जरिए मिलेट को आम जनता की थाली तक पहुंचाना है, जिससे उन्हें संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। प्रदेश सरकार ने 31 दिसंबर, 2024 तक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद की है। इसके लिए कैबिनेट ने मोटे अनाज क्रय नीति को मंजूरी दे दी है। प्रदेश में किसानों से मक्का 2225 रूपये प्रति क्विंटल, बाजरा 2625 रूपये प्रति क्विंटल, ज्वार (हाइब्रिड) 3371 रूपये प्रति क्विंटल और ज्वार (मालदांडी) 3421 रूपये प्रति क्विंटल की दर से मक्का की खरीद की गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मिलेट्स को ''श्री अन्न'' नाम देते हुए अधिक से अधिक लोगों को खाद्यान्न में अपनाने पर बल दिया है। केन्द्र सरकार द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के तहत मिलेट्स के उपभोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष (इण्टरनेशनल ईयर आफ मिलेट्स) के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया था। प्रदेश सरकार ने प्रदेश में संचालित प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजना को अगले 5 साल के लिए संचालित करने के प्रस्ताव को अनुमति प्रदान कर दी है। कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग कर कृषि सेक्टर में रोजगार सृजन को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की गई है। सरकार ने औद्योगिक भूमि की आवश्यकता को सुनिश्चित कराने के लिये निजी औद्योगिक पार्क के विकास की योजना के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान कर दी है। इसे निजी प्रवर्तक के द्वारा बिल्ड ओन आपरेट (बीओओ) के आधार पर संचालित किया जाएगा। एमएसएमई इकाईयों के द्वारा कृषि के बाद सबसे अधिक रोजगार का सृजन कियां जाता है। वर्तमान में प्रदेश में ऐसी 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां हैं, जिन्हें और अधिक बढ़ाया जा रहा हैं। निजी औद्योगिक पार्क के भू-खण्डों के आवंटन, संचालन तथा मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के रख-रखाव का सम्पूर्ण दायित्व निजी प्रवर्तक का होगा। योजना के अन्तर्गत निजी प्रवर्तकों द्वारा 10 एकड से 50 एकड़ तक की भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित करने का प्रस्ताव भूमि के स्वामित्व के कागजात एवं आगणन सहित जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र को उपलब्ध कराया जाएगा। चयनित भूमि का भू उपयोग औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिये होना चाहिए। इनमें मिलेट्स इकाइयां भी स्थापित होगी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों, कृषि के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए राज्य में कई प्रकार की योजनाएं संचालित की गई है ताकि गरीब किसानों की आय में वृद्धि हो सके। प्रदेश में किसानों के लिए आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना 2023 को भी शुरू किया गया है। राज्य सरकार द्वारा ''उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम पोर्टल को शुरू किया गया है इस पोर्टल के तहत राज्य में मिलेट्स में अर्थात मोटे अनाजों के उत्पादन में बढ़ावा प्रदान करने के लिए राज्य में किसानों को प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। देश में मोटे अनाज की बढ़ती हुई मांग को लेकर यूपी सरकार ने इस पोर्टल को शुरू किया है और इस पोर्टल में राज्य के किसान एवं जनता को लाभ प्रदान किया जाएगा।

योजना के तहत मोटे अनाजों जैसे-ज्वार, बाजरा, कुट्टू, मडुआ, कोदो, सांवा, रागी आदि जो भी मोटे अनाजों की खेती करने के लिए किसानों को मोटे अनाजं के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिसके तहत किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है। मिलेट्स उत्पादन में भारत का दुनिया में पहला स्थान है। पोर्टल के तहत राज्य की जनता को मोटे अनाजों का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस पोर्टल में सरकार द्वारा मिलेट्स बीज उत्पादन के लिए 4 लाख रूपए की सीड मनी को इस योजना के तहत संचालन हेतु देय है। इच्छुक नागरिक योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते है। योजना में आवेदन करने के लिए पात्रताओं में जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हो और किसान के पास 20 हेक्टेयर की जमीन होनी चाहिए। जिसमें वह मोटे अनाज का उत्पादन कर सके। जो भी आवेदक इस पोर्टल पर आवे. दन करेगा उसका एफ.पी.ओ पंजीकृत और ग्रेडिंग पास होना जरुरी है। किसान के पास कृषक उत्पादन संगठन करीब दो साल पुराना होना चाहिए। एफ. पी.ओ में करीब 300 शेयर तथा एक साल का टर्न ओवर लगभग दस लाख तक होना चाहिए। किसान को फसल के बीज का उत्पादन करने या मिलेटस बीज तथा विवरण मगचम. तपमदबम होना चाहिए, जिससे की यह आसानी से मोटे बीजों का उत्पादन कर सके। प्रदेश में किसान मोटे अनाजों का उत्पादन करें इसके लिए उनको प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए ज्वार, सांवा, बाजरा मडुआ, कोदो आदि मोटे अनाजों के बीजों को मुफ्त में प्रदान किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 2,47000 बीज मिनी किट निःशुल्क वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 554 किसानों को प्रशिक्षण 62 बीज उत्पादन पर एफ0पी0ओ0 का प्रशिक्षण, 2646ग्राम पंचायतों पर किसान पाठशाला का आयोजन एवं 34 एक्सपोजर विजिट आदि कार्यक्रम कराये गये। प्रदेश में 20 मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकेजिंग सह वितरण केन्द्र की स्थापना की जा रही है। 45 एफ०पी०ओ० को सीड मनी के रूप में रू0 180 लाख का अनुदान दिये जाने की व्यवस्था की गई है। 10 कृषि विश्वविद्यालय/कृषि विज्ञान केन्द्रों को रू० 950.00 लाख अनुदान तथा मिलेट्स अनुसंधान एवं नवाचार हेतु उपकार को 233 लाख अनुदान उपलब्ध कराया गया है। 20 मोबाइल 33 आउटलेट एवं 23 मिलेट्स स्टोर की स्थापना भी की जा रही है।

# पुलिस प्रताड़ना से तंग युवक ने की आत्महत्या

- पुरिजनों ने लगाया किशोरी के गायब होने के मामले में पूछताछ के दौरान प्रताड़ित करने का आरोप
- पुलिस ने आरोपों को नकारा, बोली शिकायत पर की गई थी पूछताछ
- परिजनों की तहरीर पर लड़की के परिवार के तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** भुता थाना क्षेत्र में 18 वर्ष के युवक ने पुलिस की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। यह आरोप है मृतक के परिजनों का।

परिजनों के मुताबिक सलमान (18) से क्योलड़िया पुलिस एक किशोरी के गायब होने के मामले में उसे पूछताछ के दौरान प्रताड़ित किया गया था। परि. जनों का कहना है कि चार दिन पहले पुलिस ने उससे मारपीट की और थर्ड डिग्री दी थी, जिससे आहत होकर सलमान ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन बताते हैं कि सलमान को 26 अप्रैल को उसके पिता के साथ पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था। पूछताछ के बाद वह रात 10 बजे घर लौट आया, लेकिन मानसिक रूप से परेशान था। इसके बाद एक मई की रात उसने आत्महत्या कर ली। घर की महिलाएं बताती हैं कि सलमान को क्राइम इंस्पेक्टर ने बुरी तरह पीटा, जिससे वह परेशान हो गया, बाद में उसने आत्महत्या कर ली। वहीं युवक के परिजन इंस्पेक्टर और किशोरी के परिजनों पर कार्रवाई



की मांग कर रहे हैं। जब मामले ने तूल पकड़ा तो परिजन छह घंटे तक शव का पोस्टमार्टम न कराने पर अड़े रहे। सीओ संदीप सिंह के आश्वासन के बाद पीड़ित परिवार शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए माना, उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर किशोरी के तीन परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है, और इंस्पेक्टर पर लगे आरोपों की जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

सीओ संदीप सिंह ने बताया कि थाना क्योलड़िया पर आठ जनवरी 2025 को एक नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज हुआ था। जब पुलिस ने जांच की तो सीडीआर में एक संदिग्ध नंबर मिला। यह नंबर भुता थाना क्षेत्र के युवक सलमान का निकला। पुलिस ने दोनों को थाने पर पूछताछ के लिए बुलाया। इसके एक ही दिन बाद युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना होने पर परिजनों ने युवक पर प्रताड़ित करने और पुलिस द्वारा थर्ड डिग्री देने जैसे आरोप लगाए। उन्होंने मौके पर जांच की और बताया कि आमतौर पर मौत होने के बाद इस तरह के नीले निशान बन जाते हैं। इसके बाद परिजन उनकी बात समझ गए और शव को पीएम को भेज दिया गया। वहीं युवक के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर लड़की के परिवार के तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## श्री रुद्र महायज्ञ को सफल बनाने को किया जनसम्पर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** आगामी आठ मई को रामलीला मैदान शीशगढ़ में शुरू होने वाले श्री रुद्र महायज्ञ को सफल बनाने के लिए श्री हनुमान चालीसा सेवा समिति एवं भक्तगणों के द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों से जनसपर्क कर श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव पुराण कथा, ज्ञान यज्ञ प्रवचन सत्संग के भव्य आयोजन में पहुंचकर काशी से आए विद्वान यगाचार्य कथावाचक द्वारा शिवपुराण कथा का व्याख्यान सुन अपना मन शांत करें। आयोजकों ने बताया कि यगशाला का निर्माण जारी है, जो सात मई को पूरी तरह तैयार हो जाएगा और आठ मई को सुबह से महायज्ञ प्रारम्भ हो जाएगा। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण देवल, राजीव सिंह कठेरिया, प्रमोद देवल, रामप्रकाश गुप्ता, त्रिमल सिंह राठौर, जसवंत राठौर आदि मौजूद रहे।

# गौकशी का इनामी आरोपी मुठभेड़ में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** भोजीपुरा पुलिस ने शुक्रवार सुबह ग्राम फरीदापुर जागीर के जंगल में मुठभेड़ के दौरान गौकशी के मामले में वांछित 25 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए सीएचसी भोजीपुरा भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान लईक उर्फ कालिया पुत्र रशीद खां, निवासी ग्राम अलीनगर, थाना भोजीपुरा, जनपद बरेली के रूप में हुई है। मौके से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा, चार जिंदा कारतूस, गौकशी में प्रयुक्त छुरी, दांव, रस्सी और एक बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई।मुठभेड़ के दौरान एक अन्य आरोपी सलीम उर्फ कालिया पुत्र बड़े लल्ला, निवासी ग्राम भूड़ा,



थाना भोजीपुरा, फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। गिरफ्तार लईक उर्फ कालिया के खिलाफ पहले से 8 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें 7 गौकशी से संबंधित हैं, जबकि 1 मुकदमा गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज है। वह थाना भोजीपुरा में दर्ज मुकदमा संख्या 842/24 और 32/25 के तहत वांछित चल रहा था, और उसपर एसएसपी बरेली द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। घटना में उपनिरीक्षक संजय सिंह और सिपाही विकास कुमार भी घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है। पुलिस ने घायल आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गौशालाओं को गौ आधारित प्राकृतिक खेती का बनाया जाए प्रशिक्षण केन्द्र: श्याम बिहारी

- गोसेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा मण्डल स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन समिति की बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अध्यक्ष गोसेवा आयोग श्याम बिहारी गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना निराश्रित गोवंश संरक्षण, गोसेवा आयोग की बैठक, मण्डल स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन समिति की बैठक सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई।

बैठक में गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल, सदस्य रमाक. ांत उपाध्याय, राजेश सिंह सेंगर, दीपक गोयल सहित विधायक कैंट संजीव अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अधिकारियों में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, मुख्य वन संरक्षण अधिकारी, अपर निदेशक पशुपालन व सम्बंधित मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में अपर निदेशक पशुपालन ने अवगत कराया कि मण्डल में 621 गौशालाएं हैं, जिसमें से 60347 पशु संरक्षित हैं। 22 वृहद गौ संरक्षण केन्द्र निर्माणाधीन हैं। वर्तमान में 32 वृहद गौ संरक्षण केन्द्र मण्डल में संचालित हैं। सहभागिता योजना के अन्तर्गत मण्डल के चारों जिलों में लक्ष्य से ज्यादा कार्य किया गया है। बैठक में अवगत कराया गया कि लोग दान के माध्यम से बहुत भूसा दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त भूसे और साइलेज का टेंडर भी हो गया है। गौशालाओं में चौकीदार व गोसेवकों की भी नियुक्ति की गयी है व अन्य व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। बैठक में अवगत कराया गया कि मण्डल में नंदी गोशालाएं भी बनवायी गयी हैं। जनपद बरेली में तीन, बदायूं में एक व शाहजहांपुर में तीन नंदी गोशालाएं हैं। बैठक में अपर निदेशक ने अध्यक्ष गोसेवा आयोग से गौशालाओं की



बाउंड्रीवाल हेतु बजट दिलाने की अपील की। गर्मी से पशुओं के बचाव हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अध्यक्ष गोसेवा आयोग ने कहा कि गोसेवा आयोग के बने हुए छः माह हुए हैं, आयोग के सदस्यों द्वारा विभिन्न जनपदों में गौशालाओं का निरीक्षण व अनुश्रवण किया है। उन्होंने कहा कि झांसी की कान्हा गौशाला आकर्षण का केन्द्र है वहां आमजन बच्चों के जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ पर जाते हैं।

बैठक में निर्देश दिए गए कि सहभागिता योजना को वास्तविक रूप से किसानों को समझाएं, जिससे किसान भाई योजना का लाभ ले सकें, और वह गाय के गोबर से खाद व बायोगैस बना सकें। बैठक में वन विभाग को गौशालाओं में वर्षा के मौसम में वृक्षारोपण किये जाने के निर्देश दिए गए। सहभागिता योजना के अन्तर्गत किसको- किसको गोवंश दिए गए उसकी सूची प्रदर्शित की जाए। कितना भूसा दान आया है इसका भी रिकार्ड भी रखा जाए, तथा भूसे की कम पड़ने वाली मात्रा का टेण्डर किया जाए। पशुओं को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए उन्हें रेडियम बेल्ट पहनायी जाए।

बैठक में अध्यक्ष गोसेवा आयोग द्वारा बताया गया कि आज गौशालाओं का निरीक्षण व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से किया गया है। चूंकि ग्राम प्रधान व सचिवों के पास काफी कार्य रहता है अत: गौशालाएं स्वयं सेवी संस्थाओं को संचालन हेतु सौंपी जाएं। गौशाला गाय का स्थान नहीं है उसका स्थान किसान के आंगन में है।

गौशालाओं को गौ आधारित प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण केन्द्र बनाया जाए। बैठक में अध्यक्ष गोसेवा आयोग ने बताया कि पूरे प्रदेश में 09 लाख 58 हजार स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिसमें 01 करोड़ 18 लाख सदस्य महिलाएं हैं, जिन्हें प्राकृतिक खेती का राष्ट्रीय अभियान से जोड़ा जाना है। इस हेतु कृषि सखी की नियुक्ति की जा रही है, जो जीवामृत बनाने का कार्य करेंगी और प्रकृति को बचाएंगी। गौ आधारित प्राकृतिक खेती करने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाए और गौशालाओं में बायो गैस संयंत्र लगाए जाएं। निकट भविष्य में भोजन का संकट आने वाला है, खेती का रकबा हर साल कम हो रहा है। मनरेगा के अन्तर्गत लोगों को पक्का कैटल शेड, यूरिन टैंक व नाद बनाकर दिया जाए।

अध्यक्ष गोसेवा आयोग ने कहा कि गाय बहुत उपयोगी है, मृत मृदा खेती को स्वस्थ मृदा बनाने के लिए गायों के गोबर और गौमूत्र उपयोगी है, इससे लोगों के थाली में केमिकल मुक्त भोजन जाएगा। हर किसान के पास कम से कम एक गाय अवश्य होनी चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि समिति द्वारा दिए गए निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। किसानों व स्वयं सहायता समूहों को जीवामृत बनाने का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा व गौशालाओं में वृक्षारोपण भी कराया जाएगा। इस अवसर पर तहसील आंवला के ग्राम खनगवां श्याम में गौशाला की संचालिका को गोबर से उत्कृष्ट उत्पाद बनाए जाने पर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### संग्रह अमीन की शिकायत पर डीएम ने एडीएम से मांगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पिछले 14 सालों से तहसील में जमे संग्रह अमीन महेंद्र सिंह का मामला नवनियुक्त डीएम अविनाश सिंह के सामने भी उठा है, जिसपर उन्होंने शिकायती पत्र को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को इसकी जांच करने के साथ ही रिपोर्ट भी तलब की है।

सेवानिवृत कर्मी अमीर सरवर द्वारा पिछले काफी दिनों से तहसील में 14 सालों से जमे संग्रह अमीन महेंद्र सिंह पर कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 का उल्लंघन कर सेवा के साथ ही भारतीय जीवन बीमा निगम में अभिकर्ता के पद पर कार्य करने और सेवा पुस्तिका पर तत्कालीन एसडीएम द्वारा दी गई प्रतिकूल प्रविष्टि को गायव करने के साथ ही नगर में आवास होने के बाद भी सरकारी आवास आवंटन कराकर रहने का आरोप लगाते हुए आला अधिकारियों को शिकायती पत्र दिए थे, लेकिन सारे शिकायती पत्रों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया, और कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। एक सप्ताह पहले जिले का पदभार ग्रहण करने वाले जिलाधिकारी अविनाश सिंह के सामने भी सेवानिवृत कर्मी अमीर सरवर ने उपरोक्त मामला उठाते हुए पूरा चिट्ठा उनके सामने रखा, जिसपर नवनियुक्त जिलाधिकारी ने शिकायत को काफी गंभीरता से लेते हुए तत्काल ही शिकायत पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं।

जिलाधिकारी के आदेशों पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह ने एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय को जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं।

### टैंकर ब्लास्ट के मामले में डीएम ने गठित की टीम, दोषियों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आंवला थाना क्षेत्र के तेल डिपो के पास वैल्डिंग करते हुए टैंकर में हुए धमाके में बैल्डर हैल्पर की जान चली गई थी, साथ में एक अन्य हैल्पर भी गम्भीर रूप से घायल हो गया। नवागत डीएम अविनाश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच एडीएम प्रशासन को सौंप दी है, जो रिपोर्ट बनाने के बाद डीएम बरेली को सौंपेंगे। बीते दिन आंवला तेल डिपो के पास एक वैल्डिंग की दुकान में वैल्डिंग कार्य के दौरान टैंकर में तेज धमाका हो गया था। इस हादसे में वैल्डर का हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई थी। इस घटना में नगरिया सतन निवासी संजीव सिंह उर्फ बबलू सिंह की मार्केट में बिहार निवासी मुन्ना मिस्त्री की वैल्डिंग की दुकान है। उसी दुकान पर रहटुईया गांव निवासी संदेश हैल्पर के रूप में काम करता था। टैंकर चालक सुर्जीत सिंह, इंडियन ऑयल डिपो के निर्देश पर टैंकर में बीआर पाइप लगवाने के लिए दोपहर में उसे वैल्डिंग दुकान पर छोड़ गया था। बीते शाम करीब 6 बजे के आसपास संदेश टैंकर के ऊपर वैल्डिंग कर रहा था, तभी टैंकर के अंदर गैस बन गई और उसका पिछला हिस्सा जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाके से संदेश बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे बरेली रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना में तेजी दिखाते हुए आंवला पुलिस ने टैंकर चालक सुर्जीत सिंह, वेल्डर मुन्ना मिस्त्री और हैल्पर संदेश के खिलाफ लापरवाही से काम करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि बीते दिन आंवला डिपो से कुछ दूरी पर बैल्डिंग करते हुए ब्लास्ट हुआ था, जिसमें इलाज के दौरान एक हैल्पर की मौत हो गई, जबकि दूसरे हैल्पर गंभीर हालत में भर्ती है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना के संबंध में उन्होंने स्वंय एडीएम प्रशासन, पुलिस और फायर की संयुक्त टीम बनाई है, जो सुनिश्चित करेगी कि इस तरह की घटना दोबारा नहीं हो, पहले भी इस तरह की घटना भी हुई थी। यह टीम एक रिपोर्ट देगी। इसके बाद जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई की जाएगी।

### बरेली पुलिस ने छह वांछित अपराधियों पर रखा बीस-बीस हजार का इनाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पुलिस ने सीएस एक्ट के तहत वांछित चल रहे छह शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बड़ा कदम उठाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बरेली अनुराग आर्य ने इन सभी आरोपितों पर 20-20 हजार रुपये का नकद इनाम घोषित किया है। यह कार्रवाई कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की तेजी को दर्शाती है। इन सभी आरोपियों पर सीएस एक्ट की धारा 3/5/8 के तहत मुकदमे दर्ज हैं, और ये लंबे समय से फरार चल रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। इन अपराधियों में साहिल पुत्र अशफाक, निवासी ग्राम सैदपुर चुन्नीलाल, थाना भोजीपुरा, बरेली, अपराध संख्या 94/2025, धारा 3/5/8, थाना इज्जतनगर, बरेली, सलीम हड्डू पुत्र जमील, निवासी कसाई टोला, थाना बारादरी, बरेली, अपराध संख्या 94/2025, धारा 3/5/8, थाना इज्जतनगर, बरेली, यासमीन पुत्र यासीन, निवासी मीर की पेट, थाना बारादरी, बरेली, अपराध संख्या 94/2025, धारा 3/5/8, थाना इज्जतनगर, बरेली, रिजवान उर्फ पिन्ना पुत्र ईस्माइल, निवासी कजरी टोला, थाना बारादरी, बरेली, अपराध संख्या 345/2025, धारा 3/5/8, थाना बारादरी बरेली, मोनीस उर्फ मुन्ना पुत्र फरीद, निवासी थाना खजुरिया, रामपुर (वर्तमान पता थाना पुलभट्टा, उधमसिंह नगर, उत्तराखंड) अपराध संख्या 339/2025, धारा 3/5/8, थाना बहेड़ी, बरेली, मन्तासिर पुत्र नवाब हुसैन, निवासी ग्राम भूजा, थाना भोजीपुरा, बरेली, अपराध संख्या 308/2025, धारा 3/5/8, थाना भोजीपुरा, बरेली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है, और जल्द ही इन्हें पकड़ लिया जाएगा। आम जनता से भी अपील की गई है कि यदि इन अपराधियों के बारे में कोई जानकारी हो तो नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# डा. शुऐब खान को सीडीओ ने किया सम्मानित

- स्वास्थ्य एवं पोषण में किया था अच्छा प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** आकांक्षी ब्लॉक दमखोदा (रिछा) ने स्वास्थ्य एवं पोषण के काम में बेहतरीन काम करने पर ब्लॉक को डेल्टा रैंकिंग में प्रदेश में पहला स्थान मिला था। इसी को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर सीडीओ ने ब्लॉक की सीएचसी रिछा के पूर्व इंचार्ज डा. शुऐब खान को सम्मानित किया।

रिछा ब्लॉक को फरवरी माह में डेल्टा रैंकिंग में प्रदेश में पहला स्थान मिला था, स्वास्थ्य व पोषण में अच्छी सुविधाएं दी गईं। उस वक्त रिछा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) रिछा के इंचार्ज चिकित्सा अधिकारी डा. शुऐब खान थे, उन्हीं के प्रयास से प्रदेश स्तर पर रिछा ब्लॉक का डंका बजा। सीडीओ जग प्रवेश ने रिछा सीएचसी के पूर्व इंचार्ज और वर्जन में शेरगढ़ ब्लॉक के अतरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र दुनका पर तैनात डा. शुऐब खान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र में डा. शुऐब खान द्वारा परिश्रम एंव लगन के साथ अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करते हुए सरहानीय कार्य किया, जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। डा. शुऐब खान को सम्मानित होने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बधाई दी है।

# बहेड़ी पालिका ने शुरू किया अभियान

## निराश्रित गौवंशों को गौशाला में संरक्षित करने का प्रयास

- डीएम के आदेशानुसार ईओ के निर्देशन में चल रहा है अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद द्वारा एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य निराश्रित गौवंशों को संरक्षित करना है। जिला अधिकारी अविनाश सिंह के आदेशानुसार अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है। निराश्रित गौवंशों को कान्हा गौशाला में संरक्षित किया जा रहा है।

नगर पालिका परिषद बहेड़ी द्वारा निराश्रित गौवंशों को कान्हा गौशाला में संरक्षित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत गौवंशों को सड़कों से पकड़कर गौशाला में पहुंचाया जा रहा है, जहां उनकी देखभाल की जा रही है। जिला अधिकारी अविनाश सिंह के आदेशानुसार अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है। जिला अधिकारी ने नगर पालिका परिषद को निराश्रित गौवंशों को संरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए थे।

### नगर पालिका की पहल की हो रही प्रशंसा

नगर पालिका परिषद बहेड़ी की इस पहल से निराश्रित गौवंशों को संरक्षित करने में मदद मिल रही है। गौशाला में गौवंशों को खाने, पीने और रहने की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका की इस पहल की स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की है।

### पालिका की आगे की योजना

नगर पालिका परिषद बहेड़ी आगे भी इस अभियान को जारी रखेगी, और निराश्रित गौवंशों को संरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। नगर पालिका का उद्देश्य है कि गौवंशों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जाए।

## फांसी पर झूलती मिली विवाहिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। विवाहिता की मौत होने पर वहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे गई और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जानकारी के मुताबिक थाना बहेड़ी के ग्राम जसाईनागर निवासी 30 वर्षीय विवहिता का शव शुक्रवार की शाम करीब चार बजे दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। विवाहिता की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे गई, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बताया जाता है कि मृतिका का पति शराब पीने का आदी है, और इसी को लेकर पति पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्राथमिक विद्यालय भिटौरा में भेंट किया आरओ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** प्राथमिक विद्यालय भिटौरा में मकीन एनर्जी बीपीसीएल परसाखेड़ा के प्लांट मैनेजर गौरव कुमार ने एक पानी का आरओ भेंट किया गया। जिसका उद्घाटन मीरगंज विधायक डा. डीसी वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया।

मीरगंज विधायक ने द्वारा संस्था के मैनेजर की तारीफ कर अन्य विद्यालय को भी दान करने के लिए कहा गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य आभा रानी आर्य द्वारा नवीन नामांकित बच्चों को अपनी तरफ से बैग का वितरण किए गए। बैग पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। इस मौके पर सभासद अबोध सिंह, राहुल पांडे, हरप्रीत कौर, शिखा मिश्रा, नीतू शर्मा मौजूद रही। उसके बाद सभी बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया।

# पालिका कर्मी पर अभद्रता और गला दबाकर हत्या करने का आरोप

- दलित महिला सभासद ने कार्रवाई को लेकर दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक रहे सुरेश पाल का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को परिषद के एक दर्जन सभासदों के साथ कोतवाली पहुंची दलित महिला सभासद रुपवती ने परिषद के वरिष्ठ लिपिक रहे सुरेश पाल पर जाति सूचक शब्द कहते हुए अभद्रता करने और गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल ने तहरीर की जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

कस्बे की बहोरनगला बस्ती की दलित सभासद रुपवती शुक्रवार को परिषदीय बोर्ड के सदस्य अजय गंग. वार, अनुज पाठक, रामप्रकाश गंग. वार, विजय शर्मा, दरबेश्वर सिंह, राम नारायन, राजीव कुमार, सोनू राठौर, पति आशीष गुप्ता, पुत्र रिजवान सईद, बंटी रस्तोगी के साथ कोतवाली पहुंची, और पुलिस को एक शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें महिला सभासद ने नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक पद से हटाए गए सुरेश पाल पर जाति सूचक शब्द कहकर अभद्रता करने हाथ पकड़कर सब्जी की थैली फाड़कर फेंक देने और विरोध करने पर जान से मारने की नियत से गला दबाने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला सभासद ने बताया कि उसके पति से वरिष्ठ लिपिक सुरेश पाल कमीशन के रुपए मांग रहे थे, जिसको लेकर बीते माह 11 अप्रैल को हुई बोर्ड की बैठक में सुरेश पाल को उनके पद से हटाए जाने का प्रस्ताव पारित कराया था, जिसको लेकर वह उससे रंजिश मानते हैं।

के तहत कल एक मई को जब वह बाजार से सब्जी लेकर अपने घर जा रही थी, तब आरोपी सुरेश पाल ने उसके साथ इस घटना को अंजाम दिया। इस मामले में कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, इसकी जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। मालूम हो वरिष्ठ लिपिक के पद से हटाए जाने पर उन्होंने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिसपर कोर्ट ने 14 मई को परिषद के अधिशासी अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से अभिलेखों के साथ तलब किया है। मामला हाई कोर्ट में पहुंचने के बाद नगर पालिका में रोज कोई न कोई मामला सामने आ रहा है।

# एक देश एक चुनाव को लेकर की परिचर्चा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर रामलीला मैदान में युवा परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुब्रत पाठक ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना है, जिससे प्रशासनिक खर्चों की बचत हो और विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। उन्होंने कहा कि इससे लो. कतांत्रिक प्रक्रिया अधिक सशक्त और पारदर्शी बनेगी तथा मतदाताओं में जागरूकता आएगी और मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि होगी।

शुक्रवार को नगर के रामलीला मैदान में जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा की अध्यक्षता में युवा परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा व नि. सांसद सुब्रत पाठक रहे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा कि पहले भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ हुए हैं। जनहित के लिए अब फिर साथ में चुनाव आवश्यक है। स्वतंत्र भारत में 1950 में संविधान लागू हुआ। उसके बाद 1951 से लेकर 1967 तक सभी राज्य की विधानसभाओं और लोकसभा के आम चुनाव साथ-साथ होते थे। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक राष्ट्र-एक चुनाव का विजन देश के विकास के लिए आवश्यक है।

इस अवसर पर बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डा. एमपी आर्य, मुकेश राजपूत, कार्यक्रम संयोजक बीरपाल गंगवार, राहुल साहू, अभय चौहान, सुनील रस्तोगी, सुरेश गंगवार, अमरिंदर सिंह गोल्डी, अजय जायसवाल बॉबी, चौधरी आराम सिंह, चौधरी नरेन्द्र सिंह, महेश शर्मा, देवदत्त राजपूत, योगेंद्र मौर्य, हरीश कश्यप, ब्रजेश गंगवार, सत्यपाल शर्मा, अंकित माहेश्वरी, राहुल गुप्ता, दिनकर गुप्ता, रवि अरोरा, हरीश कश्यप आदि थे।

# राशन कोटेदार के खिलाफ पूर्ति निरीक्षक ने कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ग्राम के लालाराम ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने गांव की कोटेदार भगवान देई और उनके पुत्र चन्द्रपाल पर राशन न देने ओर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था, जिसकी जांच पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार भटनागर द्वारा की गई। उन्होंने ग्राम के कार्ड धारकों मेवाराम, फूलावती, पार्वती, वीरपाल, राजेन्द्र सिंह, संघ प्रिय सागर, ओमप्रकाश, नन्ही देवी, तेजराम, शीला देवी, सुशील राममूर्ति सहित डेढ़ दर्जन से अधिक कार्ड धारकों के ब्यान दर्ज किए, जिसमें सभी ने कोटेदार पर अंगूठा लगवाए जाने के बाद भी राशन न दिए जाने की बात कही है। इसके साथ ही पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार की दुकान का स्टॉक चेक किया, जिसमें करीब 75 कुंतल गेहूं और चावल कम पाया गया। पूर्ति निरीक्षक ने इसकी पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी, जिस पर उनकी संस्तुति मिलने के बाद शुक्रवार को पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार भटनागर ने कोटेदार के खिलाफ जमाखोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉले की टक्कर लगने से किशोर की मौत, दो घायल

## गांव मंडौला से शादी समारोह में काम करने के बाद बाइक से घर लौटते समय डौला इंटर कॉलेज के पास हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बगापत।** थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र में मेरठ -बागपत हाईवे पर गुरूवार की देर रात गांव डौला में इंटर कॉलेज के निकट सड़क दुर्घटना में एक किशोर की मौत हो गई जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया है कि गांव पिलाना निवासी रवि पुत्र अमित कक्षा 12 का छात्र था और हेयर सैलून का कार्य करता था। परिजनों के अनुसार गत गुरूवार को वह गांव मंडौला में एक शादी समारोह में कार्य करनें के लिए गया था। बताया गया है कि


मृतक का फाइल फोटो

काम खत्म करने के बाद वह अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक से घर लौट रहा था। जब वह मेरठ-बागपत हाईवे से गुजर रहे थे तो रास्ते में गांव डौला इंटर कालेज के निकट उनकी बाइक में भूसे के एक ट्रैक्टर-ट्रॉले ने टक्कर मार दी जिससें रवि (17 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई और उसके दो सथी गंभीर रूप रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# आरोग्य मंदिर के माध्यम से जनता को दी जाए बेहतर सुविधाएं:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर मीतली का निरीक्षण किया और संबंधित सीएचओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला. धिकारी ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए, यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर कोई भी मरीज पहुंच कर वहां तैनात सीएचओ के द्वारा ई संजीवनी के माध्यम से विशेष चिकित्सकों से भी परामर्श ले सकते हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर 14 तरह की जांच की जाती हैं और 58 तरह की दवाई उपलब्ध रहती हैं जिससे कि आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर से बेहतर प्राप्त हो सके जिससे व्यक्ति को छोटी सी समस्या के लिए बाहर न जाना पड़े। जिला. धिकारी द्वारा निरंतर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण किये जा रहे हैं जिसके क्रम में आज उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर मीतली में उपस्थिति पंजिका देखी जिला. धिकारी ने कहा कि समस्त आशाएं उपस्थिति पंजिका में अपनी उपस्थिति अवश्य लगाए जिला. धिकारी ने ओपीडी रजिस्टर का भी अवलोकन किया जिसमें जो मरीज आयुष्मान आरोग्य मंदिर से दवाई लेकर गए थे। उन से दूरभाष पर बात की और दवाइयां के संबंध में फीडबैक लिया मरीज ने बताया कि दवाई आसानी से मिल जाती है। किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं है।




# रंगदारी मांगने वाला आरोपी हरेंद्र शर्मा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बामनौली निवासी सपा नेता ने शामली अस्पताल संचालक से रंगदारी वसूलने और युवती से मोबा. इल छीनने के मामले में वांछित चल रहे हरेंद्र शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सलेक विहार में अस्पताल चलाने वाले शाकिब ने 19 अप्रैल को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि हरेंद्र शर्मा समेत 10 से अधिक लोग अस्पताल पहुंचे थे और खुद को यूनियन के पदाधिकारी बताकर रुपयों की मांग करने लगे थे। उन्होंने रुपये देने से मना किया था आरोप है कि उक्त लोगों ने स्टाफ से मारपीट की। धमकी देते हुए एक लाख रुपये की मांग की।


अस्पताल संचालक ने 15 हजार रुपये आनलाइन और 30 हजार नगद कुल 45 हजार रुपये दे दिए थे। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। वहीं, 26 अप्रैल को गांव सिंभालका निवासी युवती ने आरोपी हरेंद्र शर्मा पर शहर के वर्मा मार्केट में मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गुरुवार देर रात कोतवाली पुलिस ने आरोपी हरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

# जिलाधिकारी ने खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत मीतली में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल विभाग उत्तर प्रदेश तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित खेलो इंडिया मल्टीपरपज इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी को जानकारी दी गई कि इस आधुनिक स्टेडियम में बैडमिंटन गेम वर्तमान में सक्रिय रूप से संचालित हो रहा है। साथ ही, शीघ्र ही वेटलिफ्टिंग, जूडो, वॉलीबॉल, कुश्ती आदि इनडोर खेलों की शुरुआत भी की जाएगी। वर्तमान में 45 खिलाड़ी इस केंद्र में पंजीकृत हैं और नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस मल्टीपरपज हॉल का निर्माण 3 करोड़ 32 लाख की लागत से किया गया है, जो कि जनपद बागपत के युवाओं के खेल एवं शारीरिक विकास हेतु एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह केंद्र प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करेगा। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को खिलाड़ियों की सुविधा, खेल सामग्री की गुणवत्ता और प्रशिक्षण की नियमितता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम जनपद के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा तथा खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करेगा। यह पहल न केवल क्षेत्रीय प्रतिभाओं को उभारने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि प्रदेश एवं राष्ट्र को सशक्त युवा प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मल्टीपरपज हॉल में इंडोर गेम के लिए जो कुश्ती आदि गमों के लिए जो सामग्री आई है उसे तत्काल लगाकर अन्य गेम भी स्टार्ट कराए जाएं।



# तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ देर रात झमाझम बारिश हुई ओलावृष्टि भी जमकर हुई अभी और बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। आंधी तूफान के आने के संकेत मिल रहे हैं। देर रात बारिश होने से मौसम तो ठंडा हुआ गर्मी से भी लोगों को राहत मिली है लेकिन अब धूप निकलने के बाद उमेश भरी गर्मी लोगों को रुलाने का काम भी करेगी। बागपत एनसीआर क्षेत्र में देर रात आंधी तूफान झमाझम बारिश ओलावृष्टि भी हुई है अभी भी मौजूदा समय में इक्का-दुक्का किसने की गेहूं की फसल खेतों में पड़ी हुई है। झमाझम बारिश होने से गेहूं की कटी हुई फसल को भी नुकसान हुआ है। गेहूं की कटी हुई फसल के दाने अब काले पड़ जाएंगे। बारिश होने से एनसीआर क्षेत्र के कई जगह इलाकों में जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली है। गलियों में सड़कों पर पानी भरने से लोग परेशान हो गए हैं। गुरुवार की रात बारिश ओलावृष्टि भी हुई है। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत भी मिली है। ठंडी ठंडी फुहार चलने से सड़कों पर लोगों ने छाता लेकर चलने काम किया और ठंडी-ठंडी फुहार का मजा भी लिया। नगर के दिल्ली सहारनपुर हाईवे रोड़ पर साइकिल पर छाता लगाकर मुसाफिर चलते रहे। वही हेलमेट लगाकर दुपहिया वाहन चालक भी सड़कों पर दौड़ते नजर आए कुछ लोगों ने ई-रिक्शा का सारा लेकर सड़क पर चलने का कार्य किया। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अभी और 3 दिन तक मौसम रिमझिम बारिश का रहने वाला है।



# पुलिया का निर्माण कराने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** छोटी नगर पर पुलिया टूटने से किसानों को खेतो में जाने मे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रर्दशन करते हुए उच्च अधिकारियों से पुलिया निर्माण करानें की मांग की है।

रटौल पूर्वी यमुना नहर से ही मुबारिकपुर से डगरपुर तक एक छोटी नहर निकाली गयी है जिससे रजवाहा भी कहा जाता है। छोटी नहर पर धोला पीर के समीप पुलिया टूटनें से किसानों का खेतो पर जाना बंद हो गया है जिससे किसान परेशान है। किसान जाफर अली, रफीक, रजाहसन आदि ने बताया कि छोटी नहर की पुलिया टूटने के कारण खेत मे समान ले जाने और खेतो से पशुओं को चारा लाने मे परेशानी उठानी पड़ रही है जिससे किसान परेशान है। किसानों के साथ-साथ पुलिया पार करने पर कब्रिस्तान भी है। जहां जाने मे भी लोगों को परेशानी होगी। ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण की मांग को लेकर एक जगहा इखट्टा होकर प्रर्दशन करते हुए पुलिया के निर्माण की मांग की है। वही बसपा नेता रजाहसन चौधरी ने कहा कि वह जिलाधिकारी से मिल समस्या का समाधान करानें की मांग रखेगे। प्रर्दशन करने वालो में चौधरी आसिफ, रफीक, जाफर, सुऐब, नदीम, वसीम आदि लोग मौजूद रहे।



# गौवंशों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मीतली स्थित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौशाला में कुल 202 गोवंश है जिसमें नर172 व मादा30 है।

इस दौरान जिलाधिकारी को खुले में भूसा रखा हुआ मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और उसे तत्काल त्रिपाल से ढकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौशाला परिसर में अतिरिक्त भूमि उपलब्ध होने के बावजूद एक भी नया टीन शेड न बनाए जाने पर नारा. जगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि शीघ्र ही एक और टीन शेड का निर्माण कराया जाए। साथ ही, गौशाला में लगे सीसीटीवी कैमरों को तत्काल क्रियाशील किया जाए। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और नियमित रूप से समस्त रजिस्टरों के रखरखाव के निर्देश दिए। सूचना पट अनुपस्थित पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए उसे तत्काल लगाने और अद्यतन जानकारी प्रदर्शित करने को कहा। जिलाधिक. ारी ने निर्देश दिया कि गौवंशों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पशु चिकित्सक नियमित रूप से गौवंशों की स्वास्थ्य जांच करें तथा केयरटेकर अनिवार्य रूप से गौशाला में उपस्थित रहें।



# शॉट सर्किट होने से नमकीन की फैक्ट्री में लगी आग, हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नई बस्ती महावीर वाली गली में शॉट सर्किट से नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगने फैक्ट्री मालिक का हजारों का नुकसान हो गया।

कोतवाली बागपत क्षेत्र की नई बस्ती महावीर वाली गली में शुक्रवार के तड़के करीब तीन बजे मिली जानकारी के अनुसार शॉट सर्किट से अचानक नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगी देखकर आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री मालिक नरेश गुप्ता को दी। साथ ही दमकल विभाग की टीम और कोतवाली बागपत पुलिस को आग लगने की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से फैक्ट्री मालिक का हजारों का नुकसान हो गया।



# पेड़ पौधों को नष्ट करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के पीएन शर्मा पार्क शहीद स्मारक पार्क के निकट महादेव सेवा समिति द्वारा नगर में पौधारोपण अभियान चलाया गया था। इसमें काफी संख्या में शहर सिटी के अंदर पौधे लगाए गए थे। महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल महादेव ने शुक्रवार को तहसील परिसर में पहुंचकर एसडीएम मनीष कुमार यादव को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि नगर पीएन शर्मा पार्क शहीद स्मारक पार्क के निकट सड़क किनारे काफी संख्या में पौधे लगाए गए थे। बडौली रोड़ पर पी डब्लू डी हाउस के पीछे जिन पौधों का खर्चा भी महादेव सेवा समिति ने वहन किया था। इन पौधों के पास में जल भी लगाए गए थे। लोहे की रीडिंग वाले इन सभी पेड़ों को कुछ लोगों ने उखाड़ कर फेंक दिया है। सभी पौधे तोड़फोड़ कर दिए गए हैं। पर्यावरण को जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इन पौधों का निर्माण महादेव सेवा समिति द्वारा कराया गया था जिनका उद्घाटन नगर के समाज सेविओ ने किया था। उन्होंने एसडीएम से पेड़ पौधे उखाड़ कर फेंकने वाले पेड़ पौधों को नष्ट करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल महादेव के तत्वाधान में जो पेड़ पौधे उखाड़े गए हैं। उन्हें दोबारा लगाने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर राकेश विश्वकर्मा दस्तावेज लेखक पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद बडोत वरिष्ठ समाजसेवी योगेश कुमार अंकित कुमार सरवन कुमार मोनू जैन आदि लोगों ने एसडीएम से गुहार लगाते हुए पेड़ पौधों को उखाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।



# पानी की निकासी गांव ढिकोली के नाले से कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तालाब के पानी की निक. ासी अवरूद्ध करने के विरोध में शुक्रवार को गांव पांची के ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और डीएम को एक ज्ञापन देते हुए पानी की निकासी गांव ढिकोली के नाले से कराने की गुहार लगाई है।

ग्रामीणें के अनुसार गांव से तालाब के पानी की निकासी प्रचीन समय से ही गांव ढिकोली के नाले से होती रही है। आरोप है कि समय से यह नाला अवरूद्ध कर दिया गया है जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव दक्षिण दिश में स्थित बडे तालाब की खुदाई का कार्य चल रहा है। आरोप है कि उत्तर दिशा से तालाब का पानी बडे तालाब में डालने का प्रयास किया जा रहा है। इससे आसपास के कई गांवों को परेशनी का सामना करना पडेगा। ग्रामीणों ने इस इस संबंध में डीएम को एक प्रार्थना पत्र देते हुए तालाब के पानी की निकासी पूर्व की भांति ढिकोली नाले से कराने की गुहार लगाई है। इस अवसर पर अभिषेक, अंकुर, विनोंद कुमार, मुकेश देवेंद्र व सुनील आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।



## एक नजर

### बारिश से आम की फसल को नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** बारिश और तेज हवाओं के चलते जहा सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा है। वही आम की फसल को भी तेज हवाओं ने नुकसान पहुंचाया है। मौसम मे बदलाव के चलते जहा तेज हवाओ के साथ बारिश हुई है जिसके चलते सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा। वही जो गैंहू की फसल कट चुकी है और निकालना बाकी है। उसे भी नुकसान हुआ है। इसके अलावा आम बागानों को भी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं के चलते 20 प्रतिशत छोटा आम टूटकर गिर गया है। वही ज्वार और बाजरे की फसल को भी नुकसान हुआ है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री अजित सिंह को भारत रत्न देने की मांग

**शह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रालोद नेता ओमवीर ढाका ने राष्ट्रपति को एक पत्र भेजकर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ.अजित सिंह को भरत रतन दिए जाने की मांग की है। ढाका ने कहा कि अजित सिंह देश की राजनीति में केवल एक नाम नही है बल्कि एक विचारा का नाम है। उन्होंने हमेशा समाज के दबे कुचले वर्ग व किसान व कमेरा वर्ग के हितो की लडाई लडी। जिससे यह वर्ग उन्हें हमेशा याद रखेगा। ढाका ने इस संबंध में राष्ट्रपति को एक पत्र भेजकर पूर्व केंद्रीय मंत्री को आगामी 6 मई को उनकी पुण्य तिथि पर उन्हें भरत रत्न से सम्मानित करने की मांग की है।



### कार्यालय पर कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस कार्यसमिति की एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता बडौत शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने की तथा संचालन बिजेन्द्र शर्मा व निशान्त चोधरी ने किया।

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री डा.गिरिजा व्यास के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। दो मिनट का मोन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साथ ही प्रदेशव्यापी अभियान के तहत माननीय नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी विगत कई वर्षों से देश में जातिगत जनगणना कराये जाने को लेकर मांग पर अडिग थे। शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा कि यह उनकी दूरदर्शिता दूरगामी सकारात्मक सोच किये गये प्रयासों का ही प्रतिफल परिणाम है कि केंद्र सरकार इसे लागू करने के लिए बाध्य हुई। राहुल गांधी द्वारा निरन्तर किये गये प्रयास को लेकर समस्त कांग्रेस जनों ने सार्थक पहल सराहनीय कदम बताया प्रशन्नता खुशी का इजहार किया। राहुल गांधी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर चौ.रामवीर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र तोमर अनुज कुमार आशु पंडित निशान्त चोधरी देवेन्द्र शर्मा कृष्णहरी पंवार बिजेन्दर शर्मा हरबीर सिंह डा. सुभाष प्रवीण रूहेला महेंद्र मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### भैंसा बुग्गी की दौड़ कराने का प्रयास कर रहे चार लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने पिलाना भट्टे के पास हारजीत की शर्त लगाकर भैसा बुग्गी की दौड कराने का प्रयास कर रहे चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दौड के लिए लाये गए दो भैंसें तीन बुग्गी तथा 11 बाइक बरामद की हैं।

थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि पिलान भट्टे के पास कुछ लोग हारजीत की शर्त लगाकर भैंसा-बुंग्गी की दोड कराने का प्रयास कर रहे है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दौड कराने का प्रयास कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से दौड के लिए लाये गए दो भैंसे, तीन बुग्गी व 11 इसइक बरामद की है। पकडे गए लोगों के नाम शौएब उर्फ चांद, निवासी झकौली राहुल,राहुल व अंकुश निवासीगण रोशनगढ बताये गए हैं। पुलिस पशु क्रूरता अधिनियम में मुकइमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### आचार्य ने पहलगाम में मारे गए हिंदुओं के प्रति किया शो प्रकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड़ स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य उमेश कौशिक ने पहलगाम में मारे गए हिंदुओं के प्रति गहरा रोष प्रकट करते हुए पाकिस्तान के जनरल की कड़े शब्दों में निंदा की।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए हिंदुओं के प्रति पाकिस्तान लगातार साजिश करता आ रहा है जिसकी साजिश को हमारे जवान कभी भी कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहां कि हमारे देश के सेवा के जवान जम्मू कश्मीर में जंग लड़ने जा रहे हैं। वहां जाने से पहले हम अपने जवानों के प्रति उनके लिए विशेष पूजा अर्चना करते हैं। हम उनकी आयु की लंबी कामना करने के लिए भगवान से भी कामना करते हैं कि हमारे जवानों का हौसला बुलंद रहे और वह अपनी जंग में कामयाब रहे नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में आचार्य उमेश कौशिक ने विधि विधान के साथ मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए उनकी लंबी आयु की कामना की। उन्होंने कहा हौसले बुलंद होने चाहिए हम आसमान को भी छू सकते हैं। हमारा आशीर्वाद हमारे देश के जवानों के साथ है और हम उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए भी वचन बद है। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी अचार्य उमेश कौशिक जागौश आज मंदिर में मिडिया से रूबरू हो रहे थे।

# विधायक शफीक अंसारी ने कई सड़कों का किया उद्घाटन

( सुहैल मियॉ )
शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** शुक्रवार विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अपने कैंप कार्यालय पर विधानसभा से आए हुए लोगों से मुलाकात की उनकी समस्यायों का सम्बंधित अधिकारी से निस्तारण कराया उसके बाद सभी लोगो से मिलने के बाद विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अपनी विधानसभा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना से बनाई गयीं सड़को का फीता काटकर उद्धघाटन किया। जिसमे जामिनगंज में व हसनपुर उत्तरी से शेखपुरा वाले मार्ग को जाने वाली सड़क का फीता काटकर उद्धघाटन किया। ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और माव विधायक के सम्मान हजारो की तादाद में लोग इखट्टा हो गये और विधायक जी जिन्दाबाद के नारे लगाने लगे नारों से मैदान गूंज उठा. सभी लोगो ने विधायक का आभार व्यक्त किया



विधायक ने कहा की मेरा हर एक किया हुआ वादा जरूर पुरा होगा. मेरी पहली और आखरी प्राथीमिक्ता अपनी विधानसभा में काम करवाने की है। विधायक ने जनता का आभार व्यक्त करते कहा की आप लोगो ने जो विश्वास मेरे ऊपर जताया है। में उसको कभी टूटने नहीं दूंगा अभी तो यह कामों की शुरुआत हुई है।

विधायक ने कहा मेरे द्वारा अधिकतर गाँवो में शमशान घाट कब्रिस्तान की बाउंड्री राशन की दुकाने सी सी रोड. इंटलोकिंग आदि काम कराये जा चुके हैं। लाइटे अधिकतर पूरी विधानसभा में लग चुकी हैं बाकी भी जल्दी लग जाएंगी। इस दौरान फैजान बल्ली, दीप गोयल विधायक प्रतिनिधि मसवासी, दीपक नागर विधायक सलहाकार, पंकज सैनी विधायक प्रतिनिधि स्वार, हनीफ मेंबर, जुल्फेकार ठेकेदार,बाबू अहमद, पप्पू, योगेश सैनी, दिनेश सैनी, जसवंत मौर्य,फतेह सिंह, ठाकुर नूर हसन प्रधान, फारुख प्रधान, आरिफ प्रधान, इकबाल प्रधान लल्ला भाई, जावेद मेवाती, मीडिया प्रभारी इदरीस पठान के साथ ही काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिना लाइसेंस और बिना बोर्ड के संचालित मेडिकल स्टोर पर औषधि निरीक्षक ने मारा छापा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और सहायक आयुक्त औषधि मुरादाबाद, मुरादाबाद मंडल के निर्देशन में औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार एवं औषधि निरीक्षक, मुरादाबाद उर्मिला वर्मा द्वारा नकली, अधोमानक, नशीली दवाओं एवं प्रतिबंधित दवाइयों की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार व उर्मिला वर्मा ने पुलिस बल के साथ मिलकर बिना लाइसेंस और बिना बोर्ड के संचालित मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। जहां अवैध रूप से औषधीय भंडारण पाया गया, जिसका संच. ालन संदीप सिंह नेगी द्वारा ग्राम नवाबगंज थाना, बिलासपुर में किया जा रहा था। अवैध रूप से भंडार औषधि को प्रपत्र 16 पर सीज किया गया व 04 संदिग्ध नमूने औषधि के सैंपल जांच एवं विश्लेषण हेतु संग्रह किए गए।

उन्होंने बताया कि सीज की गई औषधि की कीमत लगभग 54 हजार रुपए है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करता है योग: राजीव कुमार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** आयुष विभाग रामपुर द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरिओम जी के निर्देशन में योग महाकुंभ 2025 की तैयारी को लेकर सिविल लाइंस स्थित श्री गुरु गोविंद सिंह पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार ने योग करने के लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा योग करने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, लचीलापन बढ़ता है, और शरीर में संतुलन बना रहता है। योग तनाव, चिंता, और अवसाद को कम करने में मदद करता है।

योग से अच्छी नींद आती है, वजन कम होता है, और रक्तचाप नियंत्रित रहता है। अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करें। उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग और प्राणायाम करें। भस्त्रिका कपाल भांति अनुलोम विलोम भ्रामरी ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन, कटि चक्रासन, शशक आसन, मंडूकासन, वक्रासन, सेतुबंधासन पवन मुक्तासन, उत्तानपादासन, हलासन आदि योगासन कराए।

# जातीय जनगणना सामाजिक न्याय और समावेशी नीतियों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: हरीश गंगवार

## भाजपा कार्यालय रामपुर पर जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने पार्टी पदाधिकारियों को बांटी मिठाई

**बोले 70 साल तक कांग्रेस करती रही घटिया राजनीति, 94 साल बाद जातीय जनगणना का सपना होगा साकार**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जातीय जनगणना कराने का फैसला कर 94 साल पुरानी मांग पूरी की है। जो कार्य कांग्रेस अपने 70 सालों तक नहीं कर पाई, वह काम प्रधानमंत्री ने किया है।

उन्होंने जातीय जनगणना को सामा. जिक न्याय और समावेशी नीतियों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।




केंद्र सरकार ने हाल ही में जातीय जनगणना कराने का फैसला किया है, जो आगामी दो से तीन माह में शुरू होने की संभावना है। इसको लेकर भाजपाई जहां अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, तो कांग्रेस, सपा समेत तमाम विपक्षी दल इसे अपनी जीत बता रहे हैं। ऐसे में शुक्रवार को राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर केंद्र सरकार के फैसले पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना देश के वंचित, पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को समाज में उनकी सही पहचान दिलाने में मदद करेगी। उन्होंने कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के दांत खाने के कुछ और दिखाने के कुछ और हैं। यही उसकी कार्यशैली रही है। 2010 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि वह जातीय जनगणना को आगे बढ़ाएंगे, लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं होने दिया। जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी सहित सभी पूर्व के कांग्रेस नेता हमेशा से इसके विरोध में रहे।

उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि कांग्रेस सिर्फ तमाशा करती है। उन्होंने केंद्र सरकार के फैसले को दलितों, पिछड़ों के हक में बताया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, मोहन कुमार लोधी, जगपाल यादव, अनुज सक्सेना, अर्जुन रस्तोगी, शकुंतला लोधी, पारूल अग्रवाल, विकास दीक्षित, अमित दिवाकर, अर्जित सक्सेना, कुंवर बहादुर लोधी, पवन कुमार, प्रदीप गुप्ता, आकाश सक्सेना, अजय बाबू गंग. वार, योगेश गंगवार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सिद्ध वैज्ञानिक डॉ. कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन के आकस्मिक निधन पर किया शोक व्यक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शुक्रवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में महानिदेशक स्कूल शिक्षा, राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय लखनऊ एवं सचिव भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के आदेशानुसार प्रात: कालीन प्रार्थना सभा के बाद इसरो के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन के जीवन परिचय से अवगत कराया गया। प्रात: कालीन प्रार्थना सभा में प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन के 25 अप्रैल 2025 को आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया और बच्चों द्वारा उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सहायक अध्यापक चिरंजीव कुमार ने बच्चों को इसरो के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन के जीवन परिचय से अवगत कराते हुए कहा कि डॉ. के. कस्तूरीरंगन आधुनिक भारत के एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक हैं। वे भारत के



साथ-साथ विदेशों में भी कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक शिक्षाविदों के सदस्य हैं। वे इसरो के पूर्व निदेशक थे। उन्होंने अहमदाबाद के भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला से प्रायोगिक उच्च ऊर्जा खगोल विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। वे राज्यसभा के पूर्व सदस्य (2003-09) और भारत के अब समाप्त हो चुके योजना आयोग के पूर्व सदस्य हैं। वे बेंगलुरु के राष्ट्रीय उन्नत अध्ययन संस्थान के निदेशक भी थे। उन्हें भारत सरकार के तीन प्रमुख नागरिक पुरस्कारों: पद्म श्री (1982), पद्म भूषण (1992) और पद्म विभूषण (2000) से सम्मानित किया गया है। वे भारत के पहले दो प्रायोगिक पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों, भास्कर- ए और एए के परियोजना निदेशक भी थे। उन्होंने कॉस्मिक एक्स-रे और गामा किरण स्रोतों तथा निचले वायुमंडल में कॉस्मिक एक्स-रे के प्रभाव के अध्ययन में व्यापक और महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. कस्तूरीरंगन भारत के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बनाने वाली समिति के प्रमुख हैं। बाद में सितंबर 2021 में, उन्हें 12-सदस्यीय संचालन समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया, जो एक नया राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा (NCF) विकसित करने के लिए जिम्मेदार होगी। डॉ. कस्तूरीरंगन 27 विश्वविद्यालयों से मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं।

इस अवसर पर मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, अमरपाल सिंह, मलखान सिंह, नसरीन बी, सीमा गौहर, संगीता यादव, शाजिया बी आदि उपस्थित रहे।

# प्रैक्टिस कर रहे झोलाछाप की दुकान को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फिर किया सील

( मो. फारूख अंसारी )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** एक सप्ताह पूर्व सील की गई दुकान को छोड़कर झोलाछाप डॉक्टर ने दूसरी जगह खोली दुकान मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फिर छापेमार कार्रवाई की और दुकान को फिर सील कर दिया है लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर वरुण कुमार व डॉक्टर दिवेश कुमार चौधरी मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद मसवासी नगर में छापेमार कार्रवाई की बताते हैं कि एक सप्ताह पूर्व झोलाछाप नदीम अहमद की दुकान को सील किया गया था। लेकिन उसने दुकान को दूसरी जगह खोल लिया था इस मामले की शिकायत फिर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से की गई शिकायत के बाद नोडल अधिकारी डॉक्टर वरुण कुमार और दिवेश चौधरी ने संयुक्त रूप से छापेमार कार्रवाई की झोलाछाप दुकान छोड़कर फरार हो



गया दुकान को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया है नोडल अधिकारी ने बताया कि झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी। उधर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कई लैब संचाल. कों को भी नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है जिससे लेब संचालकों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

# मिलावट की जांच हेतु पनीर व सोनपापड़ी के 01-01 नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए, 100 किलो सोनपापड़ी सीज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने और खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)।।/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने जनपद रामपुर में विशेष अभियान चलाया।

इस विशेष छापामार अभियान में समोदिया स्थित आलमगीर पुत्र सुल्तान की पनीर निर्माण इकाई से पनीर का 01 नमूना लिया गया।

टाण्डा स्थित अनीश पुत्र हनीफ के सोनपापड़ी निर्माण कारखाने से सोनपापड़ी का 01 नमूना लिया गया और 100 किलो सोनपापड़ी सीज की गयी। इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थो के कुल 02 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेंगे। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामजीत (सम्भल), राजेश कुमार सिंह (सम्भल), भूपेन्द्र सिंह (मुरादाबाद) उपस्थित रहे।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD TAUSIF KHAN से बदलकर TAUSIF KHAN कर लिया है भविष्य में मुझे TAUSIF KHAN S/O DILDAR KHAN मोहल्ला रसूलपुर तहसील स्वार जनपद रामपुर के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SHAREEF AHMAD से बदलकर SHAREEF AHMAD KHAN कर लिया है भविष्य में मुझे SHAREEF AHMAD KHAN पुत्र BABBAN KHAN निवासी रायपुर मझरा चुन्ना वाला तहसील स्वार जनपद रामपुर के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद स्वार ( रामपुर )**

पत्रांक:- 25 ( IV ) / ई.ओ/ न.पा.प.स्वा./2025-26 दिनांक:- 30 अप्रैल, 2025

**अन्तिम प्रकाशन**

नगर पालिका परिषद स्वार जनपद रामपुर की बोर्ड की बैठक दिनाँक 10-03-2025 के अनुमोदन के क्रम में इस कार्यालय के पत्रांक 554/ न.पा.प. स्वा./2024-25 दिनाँक 20-03-2025 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (अधिनियम संख्या-2, 1916) की धारा 298 (2) के उपखण्ड (क) क, ख, ग, घ, ड़. के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नगर पालिका परिषद स्वार जनपद रामपुर द्वारा अपनी सीमा के अन्तर्गत भवन निर्माण एवं प्रोजेक्शन उपविधि तैयार कर उक्त एक्ट की धारा-301(1) की यथा अपेक्षा के अनुसार दैनिक समाचार पत्र शाह टाईम्स एवं अनमोल टाईम्स के द्वारा दिनाँक 23-03-2025 को प्रकाशित कराकर सभी नगरवासियों से आपत्ति एवं सुझाव मांगे गये थे। प्रकाशन के दिनांक से निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरान्त नगर पालिका परिषद स्वार कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कोई दावा/आपत्ति / सुझाव प्राप्त नहीं हुये। निर्धारित समयावधि के अन्तराल में कोई भी दावा/आपत्ति / सुझाव प्राप्त न होने के कारण उक्त उपविधि राजकीय गजट में मुद्रण की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

**उपजिलाधिकारी स्वार/अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद स्वार ( रामपुर )**

# बाबा साहब से ताल्लुक रखने वाला गाना बजाने के विरोध में बारातियों के साथ मारपीट

## कोतवाली शाहबाद पुलिस ने मारपीट करने वाले चार दबोचे

( विशाल जोशी )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** बीते 30 अप्रैल को कोतवाली क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर के रहने वाले अर्जुन की बेटी काजल की बारात जिला बरेली थाना सिरौली के गांव धनोरा के रहने वाले गिरीश प्रसाद पुत्र रामेश्वर दयाल के यहां से आई थी बारात चढ़त के दौरान दौरान डॉक्टर भीमराव अंबेडकर से ताल्लुक रखने वाले गानों का गांव के कुछ दबंग लोगों ने विरोध किया था जिसको लेकर विवाद कॉफी बढ़ गया था और दबंगों ने बारातियों के साथ मारपीट की थी जिसमें कई लोग घायल हुए थे। गुरुवार को गिरीश प्रसाद ने रुस्तमपुर के रहने वाले चार आरो. पियों के खिलाफ कोतवाली शाहबाद में नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी उसका आरोप है कि 24 वर्षीय सोनू पुत्र नन्हे,30 वर्षीय पिंकू उर्फ टिंकू उर्फ



योगेश पुत्र दर्शन सिंह, 24 वर्षीय कंचन उर्फ जुगल किशोर पुत्र राम. रहीस ,20 वर्षीय प्रमोद पुत्र नन्हे समस्त आरोपी निवासी ग्राम रुस्तमपुर थाना शाहबाद जिला रामपुर के द्वारा वादी के भाई की बारात को चढ़ाते समय रोकना व बारात रोकने की बात को पूछने पर वादी व वादी के साथी संजय कुमार पुत्र कुंवरपाल के साथ गाली गलोच कर लाठी डण्डो व लोहे की राड से प्रार्थी व प्रार्थी के साथी संजय को जान से मारने की नियत से बार करना तथा जाति सूचक शब्द कहते हुए अपमानित किया ।वहीं चारों आरोपी बारातियों के साथ मारपीट कर फरार हो गए थे। शुक्रवार को शाहबाद पुलिस के उपनिरीक्षक अरविन्द दीक्षित , उपनिरीक्षक दिलीप कुमार ने अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों हे.का. इरफान अली, हे.का. राजवीर सिंह का. कौशिन्द्र सिंह के साथ नामजद चारों आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर टाण्डा रोड ग्राम रूस्तमपुर मोड के पास से गिरफ्तार कर लिया और थाने लेकर आ गए। विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया।

## आवारा पशु ने वृद्ध को उतारा मौत के घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** जंगल में आवारा पशु ने जंगल में अकेला पाकर एक साठ बर्षीय वृद्ध पर हमला बोलकर मौत के घाट उतार दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रहपुरा गांव निवासी मेवाराम (60 वर्ष) 1 मई को अपने खेत की तरफ घूमने गया था घूमने के वाद वापस गांव को आ रहा था रहपुरा के जंगल मे आवारा पशु ने मेवाराम पर हमला बोल के टक्कर मार दी। जिसमें मेवाराम गंभीर रूप से घायल हो गए खेत की तरफ से आते हुए लोगों के द्वारा मेवाराम को घर पर लाया गया जहां पर परिजन आनंन फानन में मेवाराम को नगर के देवोत्तम अस्पताल को ले गए जहां पर डॉक्टर ने मेवाराम को मृत घोषित कर दिया। परिजन रोने चिल्लाने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामभर शव पीएम के लिए भेज दिया मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक मेवाराम की तीन लड़कियां हैं एक लड़की की शादी कर दी है दो लड़कियां रह गई है मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

## बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने रौंदा, इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढकिया/ रामपुर।** अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा। इलाज के दौरान बाइक सवार युवक की मौत से परिवार में मचा कोहराम।बताया जा रहा है कि थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव ओसी निवासी जुनैद अलीगढ़ में प्राइवेट कंपनी में सिविल इंजी. नियरिंग का काम करता था। कुछ दिनों पहले अपने घर आया हुआ था। गुरुवार को अपनी कंपनी के काम से बरेली गया हुआ था। बरेली से लौटते समय शाहबाद किसी काम से आया, शाहबाद से देर शाम लौटने के दौरान क्षेत्र के ग्राम बंदार में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों ने एंबुलेंस की सहायता से शाहबाद सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। परिजन जिला



मृतक जुनैद का फाइल फोटो

अस्पताल न ले जाकर मुरादाबाद के निजी अस्पताल में युवक को भर्ती कराया। जहां शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। परिजनों के पोस्टमार्टम से इनकार करते हुए उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

जुनैद का लगभग 1 साल पहले कोतवाली क्षेत्र गांव भगवतीपुर से विवाह हुआ था। अचानक हुई मौत से गांव में गम का माहौल है वहीं परिजन का रो-रो होकर बुरा हाल है।

## श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव की तैयारी हुई शुरू



( इकरार हुसैन )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** श्री श्याम सरकार युवा सेवा समिति की बैठक नगर के श्री श्याम सरकार नवदिया चौराहे के निकट बैठक समिति के अध्यक्ष सुनील गुप्ता की अध्यक्षता मे हुई जिसमें संकीर्तन की तैयारीयो पर चर्चा हुई एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। इसमें बताया गया कि संकीर्तन से एक दिन पहले शुक्रवार 9 मई 2025 को शाम 5:00 बजे से एक विशाल ध्वज यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्राचीन शिव मंदिर होली रोड से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई रामलीला मैदान में संपन्न होगी। जिसमें मुख्य आकर्षण के लिए वृंदावन से इस्कॉन मंदिर के विदेशी अंग्रेज भक्तों को श्री हरि नाम संकीर्तन के लिए बुलाया गया है शनिवार 10 मई को रामलीला मैदान मिलक में होने वाले संकीर्तन महोत्सव के लिए नगर मिलक भव्य रूप से सजाया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सभासद जलज गुप्ता, गौरव गुप्ता, परख, वंशज, शोभित, नमन, प्रभात, प्रमोद, नवीन शर्मा, अनिल गुप्ता , संजय महेश्वरी, राघव, विशाल, अंकुर शुक्ला, वंश, कुनाल, जितेंद्र, विनीत, अमन, वैभव, मनदीप, दीपांशु आदि मौजूद रहे।

## सीढ़ी से गिरकर अधेड़ की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** पेड़ पर चढ़ रहे अधेड की अचानक सीढ़ी गिरने से मौत होगई अधेड की दर्द नाक मौत होने से परिवार मे कोहराम मच गया। मसवासी के मोहल्ला भूवरा निवासी हरकेश सिंह मीना बेलवाडा मे दल जीत सिंह राणा के फार्म हाउस पर रहते थे बृहस्पतिवार की दोपहर किसी काम से सीढ़ी लगाकर पेड़ पर चढ़ रहे थे कि अचानक पेड से सीड़ी फिसल गई। जिससे हरकेश सिंह गंभीर रूप से घायल होगये घायल को काशीपुर के अस्पताल मे भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान हरकेश सिंह की मौत हो गई। हरकेश सिंह की मौत से परीवार मे कोहराम मचा हुआ है परीवार का रो-रोकर बूरा हाल हरकेश सिंह की अचानक हुई मौत से पूरा मोहल्ला सदमे मे है।

# बेसिक शिक्षा कार्यसमिति की बैठक में मो.अकरम को चुना गया अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शुक्रवार नगर के विलसोनिया पैराडाइज कान्वेंट स्कूल सभागार स्कूलो के संचालको की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से मो अकरम को निर्विरोध समिति का अध्यक्ष चुना गया इस दौरान मो अकरम व प्रदेश प्रवक्ता एड परवेज अख्तर ने कहा कि मान्यता प्राप्त स्कूलों एवं शिक्षको का हित सर्वोपरि है। विद्यालयों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर के विलसोनिया पैराडाइज कॉन्वेंट स्कूल सभागार में बेसिक शिक्षा कल्याण समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश पाठक के नेतृत्व में कार्रवाई पूर्वपारित एजेंडे के अनुसार आहूत हुई।इसमें मौजूद स्कूल संचालकों को पिछली कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई। नई कार्यकारिणी गठन पर विचार विमर्श किया गया। इसमें सहायक निर्वाचन अधिकारी वालेदीन पाल



की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें सर्वसम्मति से 9वीं बार मोहम्मद अकरम को अध्यक्ष और सचिव सलीम अहमद अंसारी महासचिव शकील अहमद कुरैशी को चुना गया। कार्यकारिणी में मास्टर जावेद अली संरक्षक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सलीम अहमद अंसारी, उपाध्यक्ष आबिद तुर्की, रेहान अंसारी, सिराज अहमद, कोषाध्यक्ष शकील अहमद, उप कोषाध्यक्ष आफताब आलम, मीडिया प्रभारी नवीन कुमार बालक बालिका जूनियर हाईस्कूल संगठन मंत्री आसिफ निजामी को चुना गया। इस अवसर पर 9वीं बार बने नवनिर्वाचित मोहम्मद अकरम के चुने जाने पर बेसिक शिक्षा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश पाठक ने स्कूल संचालको से आह्वान किया कि वह एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाएं। किसी भी कीमत पर स्कूलों और शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस मौके पर परवेज अख्तर, मोहम्मद अकरम, फराज अहमद, राजीव यादव, वालेदीन पाल, गजेंद्र तोमर, सलीम अहमद,नदीम अहमद, राजीव चौहान, शहाब खान, ब्रजनंदन, मोहम्मद उस्मान, जावेद अली, नबी अहमद, आफताब आलम,आसिफ निजामी आदि मौजूद रहे।

## योगेश बंसल को भरण पोषण अधिकरण मिलक का सुलह अधिकारी किया गया नियुक्त



( इकरार हुसैन )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** योगेश बंसल एडवोकेट को उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के द्वारा माता-पिता एवं वृद्ध जन के कल्याण के लिए विगत 6 वर्षो से निरंतर किए गए कार्यो के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के द्वारा एडवोकेट योगेश बंसल को अग्रिम 3 वर्षों के लिए भरण पोषण अधिकरण मिलक का सुलह अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के वाद बताया कि वह ऐसे ही माता-पिता व संतान के मध्य सुलह कराते रहेंगे एवं वृद्ध लोगों की निरंतर सेवा करते रहेंगें। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुरेश चंद्र गंगवार, अध्यक्ष डॉ. राजकुमार महेश्वरी, विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह तथा प्रबंध समिति के द्वारा मिष्ठान खिलाकर तथा फूलमाला पहनाकर उनको शुभकामनाएं दी गई।

## जंगली जानवर के हमले से मा बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** जंगली सूअर के हमले में माँ बेटा गंभीर रूप से हुए घायल,एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सीएचसी पहुँचाया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम महूनागर निवासी मुकेश अपनी माता सावित्री के साथ आवंला क्षेत्र के गाँव मझउआ में रिस्तेदार के घर शादी में गए हुए थे। शुक्रवार को टेंपो के द्वारा घर आ रहे थे। तभी टेंपो से महूनगर मोड़ पर उतर गए, टेंपो से उतरने के बाद कुछ दूरी पर जंगली सूअर ने मुकेश और सावित्री पर हमला कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग पहुंच गए,जिन्हें देख सूअर भाग गया और दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की सहायता से दोनों को शाहबाद सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने उपचार कर दोनों को घर भेज दिया।

## सड़क किनारे खड़ में डम्पर पलटने से ड्राइवर की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शुक्रवार स्वार रामपुर मार्ग पर अपनी रसोई होटल के पास तेज रफ्तार रेता बजरी से भरे डम्पर में ड्राइवर की नीद की झपकी आने के कारण सड़क किनारे पलट गया और रोड के बराबर से खड़ में गिर गया।इस दौरान संदीप सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी नरखेड़ी पटवाई की डम्पर में दबने से मौत हो गई। घटना रात्रि की होने के कारण लोगों सुबह होने पर सूचना कोतवाली पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को डम्पर में से निकाल कर जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत नग पंचायत अध्यक्ष ने टीवी रोगियों को वितरण किया पौष्टिक आहार

### नगर पंचायत में साफ-सफाई रखने का किया आह्वान

( मो.फारूख अंसारी )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष ने टीवी रोगियों को गोद लिया और उन्हें पौष्टिक किट वितरण की इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही। शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत चिन्हित 26 रोगियों को नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने पोस्ट टिकट का वितरण किया और साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि टीवी लाइलाज बीमारी नहीं है। रोगियों को खान पान और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए खानपान के बर्तनों पर मच्छर और मक्खी का प्रकोप नहीं होना चाहिए बलगम को



सार्वजनिक स्थान पर नहीं थूकना चाहिए जिससे उसके कीटाणु परिवार के किसी अन्य सदस्य के शरीर में न जाएं। इस मौके पर अध्यक्ष ने 26 रोगियों को पौष्टिक किट का वितरण किया और स्थानीय चिकित्सकों से विशेष निगरानी बरतने का आह्वान किया। इस मौके पर टीवी इंचार्ज जितेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, सभासद बृजनंदन सिंह सागर, सोमपाल सिंह, अनिल दिवाकर, पूर्व सभासद विजय कुमार मौर्य आदि शामिल रहे।

# बिजारखाता के ग्रामीणों ने गन्दगी को लेकर किया प्रदर्शन

( मो.फारूख अंसारी )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** बिजारखाता के ग्रामीणो ने गन्दगी को लेकर प्रधान व सफाई कर्मचारी के खिलाफ प्रदर्शन किया ग्रामीणो का कहना है कि गांव मे नाली बन्द होने से पानी सड़क पर बह रहा है। ग्रामीणों का निकलना दुश्वार है स्कूल जाने वाले बच्चे भी नही निकल पा रहे है कयी बार प्रधान से इसकी शिकायत की गई लेकिन प्रधान के कानों पर कोई जू तक नही रिगी। शुक्रवार को ग्रामीणो का सब्र जवाब दे गया महिलाए बच्चे और युवकों ने मिलकर प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन कर प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालो मे गोपी दिवाकर, चमपिया दिवाकर, लीला वती ओम वती, सुभाष राजो देवी किशन वती, पप्पू दिवाकर, धर्म



वती, नीतू दिवाकर, कमला दिवाकर, राजो, बबीता मौर्य, महेंद्र मौर्य, सुनीता मौर्य, पदम मौर्य, सुरेश मौर्य आदि शामिल, रहे।

## नोटरी अधिवक्ता नियुक्त होने पर दी पार्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को बार एसोसिएशन शाहाबाद के अधिवक्ता आनंदपाल सिंह राजपूत ने अपने पुत्र नीरज बाबू एडवोकेट को नोटरी अधिवक्ता नियुक्त होने के उपलक्ष में बार सभागार में बार एसोसिएशन शाहबाद के सभी सम्मानित सदस्यों को सूक्ष्म जलपान कराया इस दौरान अधिवक्ताओं ने नीरज बाबू एडवोकेट व उनके पिता आनंदपाल सिंह राजपूत एडवोकेट को बधाइयां दी इस दौरान बार एसोसिएशन शाहाबाद के अध्यक्ष तकरीर रहमान एडवोकेट अमर सिंह एडवोकेट प्रमोद कुमार चोरी एडवोकेट राम ओतार सिंह यादव एडवोकेट, कुमारी माधुरी सक्सेना एडवोकेट, कुमारी मुक्ता शर्मा एडवोकेट, कुमारी ओसिया जमाल एडवोकेट, एडवोकेट सुहेल खान, शुजाउल मियां एड,, हरिद्वार सिंह एड, मुनेश प्रताप यादव एड, रिजवान खान एड, अकील हुसैन एड, अकरम अली एड, जसवंत सिंह सागर एड आदि मौजूद रहे।

# शाहबाद पुलिस ने दो जुआरियों को पकड़ा,मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** थाना शाहाबाद पुलिस ने शुक्रवार को जुआ खेल रहे दो जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुए की फड़ से ताश की गड्डी व 4800 रुपया बरामद किया है। आरोपियों पर जुआ अधिनियम का केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार एसआई आदेश कुमार पुलिस टीम के साथ इलाके में चेकिंग कर रहे थे कि तभी मुखबिर से सूचना मिली कि पुराना रामपुर रोड स्थित बिजली घर के पीछे कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। इस सूचना पर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पुलिस टीम ने दबिश देकर मौके से दो जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। जुए के फड़ से 52 ताश के पत्ते सहित कुल 4800 रुपया बरामद किया गए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम आकिल व जफर बताया। आरोपियों पर जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस में दो नफर वारंटी अभियुक्त किए गिरफ्तार

( इकरार हुसैन )
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** पुलिस ने अभियान चला कर दो नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार कर न्यायालय को भेजा। पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मिलक महोदय के पर्यावेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक थाना मिलक के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा आज दो नफर वारण्टी अभियुक्त राकेश पुत्र गुलजारी राठोर निवासी नई बस्ती लाईनपार कस्वा फतेहगंज पश्चिमी थाना फतेहगंज वेस्ट जिला बरेली सम्बन्धित वाद सं. 1026/2023 मु.अ.सं. 04/2023 धारा 498ए/323/ 354क भादवि न्यायलय अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर नियत और पूरनलाल पुत्र नत्थूलाल निवासी पटिया थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद सं. 1768/18 मु.अ.सं. 245/ धारा 323/504 भादवि न्या.अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर को गिरफ्तार कर न्यायलय रामपुर भेजा गया।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

# आरसीबी की नजरें सीएसके के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने पर




● आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण भुवनेश्वर की अनुभवी गेंदबाजी पर निर्भर करता है

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने गृह मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 52 वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत की लय को बरक. रार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण भुवनेश्वर कुमार की अनुभवी गेंदबाजी और जोश हेजलवुड की जबरदस्त फॉर्म की बदौलत इस बार बहुत मजबूत दिख रहा है। दूसरी तरफ, सीएसके की टीम इस सीजन में न अच्छी बल्लेबाजी कर पा रही है और न ही गेंदबाजी में असर दिखा पाई है, जिससे उनके लिए आरसीबी को हराना आसान नहीं होगा। इस सीजन में आरसीबी की गेंदबाजी पूरी रंग में दिखाई दे रही है और यही उनकी जीत की बड़ी वजह भी बनी है। भुवनेश्वर कुमार की स्विंग, जोश हेजलवुड की सटीक गेंदबाजी और क्रुणाल पांड्या के ऑलराउंड प्रदर्शन ने टीम को एक मजबूत गें. दबाजी इकाई बना दिया है। पिछले सीजन की गेंदबाजी की कमजोरी इस बार नजर नहीं आ रही हैं।

वहीं, सीएसके की गेंदबाजी इस सीजन में तालमेल नहीं बिठा पाई है, जिससे आरसीबी को कल के मुकाबले में जीत के लिए पुरानी लय बरकरार रखनी पड़ेगी। हालांकि आरसीबी ने लगातार तीन मुकाबले जीतकर लय में आयी है, लेकिन घर पर उनका प्रदर्शन कमजोर रहा है। इस सीजन में उन्होंने अपने चार में से तीन मेजबा. नी मैच हारे हैं। इसके बावजूद, बाहर के मैदानों पर उनका मजबूत प्रदर्शन और बल्लेबाजी और गेंदबा. जी दोनों में गहराई उन्हें इस मुक. ाबले को दिलचस्प बनायेगी। आरसीबी कप्तान रजत पाटीदार ने इस सीजन टीम की कमान संभालते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं विराट कोहली ने भी इस बार अच्छी लय पकड़ ली है और देवदत्त पडिक्कल लगातार रन बना रहे हैं। ये तीनों बल्लेबाज आरसीबी की बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, सीएसके इस सीजन में खराब फॉर्म से जूझ रही है। टीम ने लगातार तीन मुकाबले हारे हैं और प्रदर्शन काफी निराशा. जनक रहा है। इस बार एमएस धोनी की कप्तानी का अनुभव भी टीम के काम नहीं आया है। इसकी वजह उनकी गेंदबाजी है उनके गेंदबाज लगातार विकेट लेने में नाकाम रहे हैं। सीएसके के अहम गेंदबाज मथीशा पथिराना और खलील अहमद फॉर्म से बाहर चल रहे हैं, जबकि स्पिन विभाग में रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी होने के बावजूद धोनी की उम्मीद में खरे नहीं उतर पा रहे हैं। सीएसके की बल्लेबाजी में गहराई तो है, लेकिन आक्रामकता की कमी के कारण टीम बड़े स्कोर बनाने या प्रभावी तरीके से लक्ष्य का पीछा करने में असफल रही है। सैम करन और डेवाल्ड ब्रेविस कुछ अच्छे फॉर्म में दिखाई दिये, लेकिन टीम निरंतरता बनाए रखने में संघर्ष करती रही है। आगामी मैच में सीएसके वापसी की कोशिश करेगा, लेकिन उनकी वर्तमान फॉर्म और आरसीबी की मजबूत गेंदबाजी को देखते हुए यह चुनौती सीएसके के लिए बहुत बड़ी होगी। चिन्नास्वामी की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है, जो दोनों टीमों को बड़े स्कोर बनाने का मौका देगी।

● केसीए पर विवादित टिप्पणी ●

# श्रीसंत पर लगा तीन साल का बैन

■ **श्रीसंत इस समय केरल क्रिकेट टीम में कोल्लम एरीस टीम के सहमालिक है**




**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में संजू सैमसन को नहीं चुने जाने को लेकर हुए विवाद में भारत के पूर्व क्रिकेटर एस श्रीसंत के खिलाफ एक्शन लिया है। केसीए ने श्रीसंत पर सैमसन का समर्थन करने के बहाने उनके क्रिकेट संघ पर कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने का आरोप लगाया और उन्हें तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है।

केसीए ने बयान में कहा कि यह फैसला 30 अप्रैल को कोच्चि में विशेष बैठक में लिया गया। केसीए के मौजूदा अध्यक्ष जयेश ने भी श्रीसंत पर इस मामले के लिए निशाना साधा था। श्रीसंत इस समय केरल क्रिकेट टीम में कोल्लम एरीस टीम के सह मालिक हैं। इससे पहले उनके विवादित बयान के सिलसिले में श्रीसंत, कोल्लम टीम, अलपुझा टीम लीड और अलपुझा रिपल्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। बयान में कहा गया, फ्रेंचाइजी टीमों ने नोटिस का संतोषजनक जवाब दे दिया लिहाजा उनके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन बैठक में तय किया गया कि टीम प्रबंधन के सदस्यों की नियुक्ति के समय काफी एहतियात बरतने की सलाह दी जाएगी। बयान में यह भी कहा गया कि संजू सैमसन के पिता सैमसन विश्वनाथ और दो अन्य के खिलाफ संजू सैमसन का नाम लेकर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए मुआवजे का दावा किया जाएगा। केसीए ने दो बार के विश्व कप विजेता श्रीसंत को एक मलयालम टीवी चैनल पर परिचर्चा के दौरान सैमसन और केसीए से जुड़ी टिप्पणियों के कारण नोटिस जारी किया। केसीए ने बयान में स्पष्ट किया कि नोटिस सैमसन का समर्थन करने के लिए नहीं दिया गया है बल्कि केसीए के खिलाफ भ्रामक और अपमानजनक टिप्पणियां करने पर दिया गया है। श्रीसंत ने टीवी पर सैमसन के प्रति कथित तौर पर समर्थन जताते हुए केसीए पर आरोप लगाये थे।

# भारतीय टीम में वापसी को अब भी उत्सुक अजिंक्य रहाणे

**रहाणे घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आईपीएल में केकेआर के लिए खेल रहे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कप्तानी कर रहे अजिंक्य रहाणे ने भारतीय टीम में वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी है। रहाणे का कहना है कि वह राष्ट्रीय टीम में वापसी को लेकर उत्सुक हैं क्योंकि उनमें अभी भी रन बनाने की भूख और जुनून बाकी है।

रहाणे एक समय में भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान थे, लेकिन उन्होंने देश के लिए आखिरी बार 2023 में वेस्टइंडीज दौरे पर मुकाबला खेला था। रहाणे घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आईपीएल 2025 में केकेआर के लिए उन्होंने दम दिखाया है। रहाणे मौजूदा आईपीएल सीजन में 10 मैचों में 297 रन बना चुके हैं। रहाणे ने कहा कि उनके अंदर भारतीय टीम के लिए भूख, इच्छा और जुनून अभी भी बाकी है। रहाणे के लिए गौरव का सबसे बड़ा क्षण शायद 2020-21 का आस्ट्रेलिया दौरा था जिसमें उन्होंने चोटों से जूझ रही टीम का नेतृत्व करते हुए भारत को टेस्ट सीरीज में 2-1 से जीत दिलाई थी। रहाणे ने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, हां, मैं फिर से भारतीय टीम में जगह बनाना चाहता हूं। मेरी इच्छा, भूख, जज्बा पहले की तरह बरकरार है। मैं अब भी पहले की तरह फिट हूं। मैं एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं और अभी मेरा ध्यान केवल आईपीएल पर है। इसके बाद देखते हैं कि भविष्य में क्या होता है। मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो कभी हार नहीं मानता। मैं हमेशा मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं। मैं मैदान पर 100 प्रतिशत से अधिक देता हूं।

यह उन चीजों से जुड़ा है जो मेरे नियंत्रण में हैं। मैं घरेलू क्रिकेट भी खेल रहा हूं और इस समय मैं वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। रहाणे ने 2011 में डेब्यू किया था और वह तीनों प्रारूप मिलाकर भारत के लिए 195 मैच खेल चुके हैं। रहाणे ने भारत के लिए खेलते हुए 8414 रन बनाए हैं। रहाणे के नेतृत्व में केकेआर की टीम खिताब का बचाव करने उतरी है और अभी प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार है। उन्होंने कहा, हर सुबह जब मैं उठता हूं तो यही सोचता रहता हूं कि मैं कौन से लक्ष्य हासिल करना चाहता हूं। मेरे लिए अपने देश का प्रतिनिधित्व करने से बढ़कर कुछ नहीं है। मैं फिर से भारतीय जर्सी पहनना चाहता हूं।




# रोहित ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

● टी-20 में एक टीम के लिए दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान

**जयपुर, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा शानदार फार्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को राजस्थान रायल्स के खिलाफ सत्र का तीसरा अर्धशतक जड़ा और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी-20 में एक टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। हिटमैन के लिए सत्र की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। शुरुआती पांच मैचों में वह 0, 8, 13, 17 और 18 रन की पारी खेलकर आउट हो गए थे। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और धमाकेदार वापसी करते हुए पिछली पांच पारियों में तीन अर्धशतक बना डाले। राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 31 गेंदों में आईपीएल 2025 का अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ वह एक टीम के लिए टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में रोहित ने हैम्पशायर के जेम्स विंस को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 6000 से ज्यादा रन बना लिए। जयपुर में खेले गए इस मुकाबले में रोहित शर्मा पारी के दूसरे ओवर में आउट होने से बाल-बाल बचे थे। इसके बाद उन्होंने जीवनदान का भरपूर लाभ उठाया और 36 गेंदों में 53 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस शानदार पारी के दौरान उनके बल्ले से नौ चौके निकले। हिटमैन ने पहले विकेट के लिए रेयान रिकेल्टन के साथ 116 रन की साझेदारी निभाई।

# जडेजा ने चेन्नई के खराब प्रदर्शन की वजह बताई

**ऑक्शन में गलती की, जिसका असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा: अजय**

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स का आईपीएल में लगातार दूसरे सीजन में खराब प्रदर्शन जारी है। टीम पिछले सीजन प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी थी और इस सीजन भी उम्मीद कम ही लग रही है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा का मानना है कि फ्रेंचाइजी ने आक्शन में गलती की, जिसका असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा है। आईपीएल 2025 के जियोस्टार एक्सपर्ट अजय जडेजा ने सीजन के प्ले-ऑफ की रेस में टीमों के बीच होने वाले मुकाबलों पर सोमवार को मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस का बहुत बड़ा फैन हूं। धोनी और तेंदुलकर ही वो कारण हैं जिनकी वजह से हमारी पीढ़ी के ज्यादातर लोग शायद इन दो टीमों को देखते हैं। इसलिए सीएसके के प्रदर्शन से मैं भी थोड़ा निराश हूं, लेकिन मुझे लगता है कि नीलामी में आप देख सकते हैं कि उनके पास वह ताकत नहीं है जो अन्य टीमों के पास है। इसलिए शायद यही कारण रहा। और फिर, स्वाभाविक रूप से, जब चीजें ठीक नहीं होती हैं, तो आप हार जाते हैं।

**खेल विशेष**

## मैरीकाम का खुलासा, डेढ़ साल पहले हुआ तलाक

● **कहा: अफेयर के बातें गलत, करुंग ओनलर से 2005 में हुई थी शादी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलिंपिक मेडल विजेता एमसी मैरीकाम का उनके पति करुंग ओनलर से तलाक हो चुका है। छह बार की विश्व चैंपियन रह चुकीं मैरीकाम ने करीब 16 महीने बाद इसका खुलासा किया। उन्होंने यह जानकारी सोशल मीडिया पर उन अफवाहों के बाद दी, जिनमें उनके हितेश चौधरी या एक अन्य बाक्सर के पति से संबंध होने की बात कही जा रही थी। दोनों का अलगाव 20 दिसम्बर 2023 को आपसी सहमति से दोनों परिवारों और बुजुर्गों की उपस्थिति में, काम प्रथागत कानून के तहत हुआ। 2005 में दोनों की शादी हुई थी। अफेयर को लेकर दी सफाई मैरीकाम ने हितेश चौधरी के साथ अफेयर को लेकर सफाई दी। हितेश बिजनेस पार्टर और मैरी काम बाक्सिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं। मैरी पर एक अन्य बाक्सर के पति के साथ अफेयर के आरोप भी थे। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर, मैरी काम ने अपनी ओर से जारी एक कानूनी नोटिस शेयर किया। नोटिस में यह स्पष्ट किया गया कि उनका तलाक सौहार्दपूर्ण ढंग से महीनों पहले हो गया था और वह आगे बढ़ चुकी हैं और अपने पिछले विवाह पर आगे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती हैं। बयान के अनुसार हितेश चौधरी या किसी और को डेट करने की उनकी अफवाहें पूरी तरह से निराधार और झूठी हैं। बयान में मीडिया प्लेटफार्म से उनकी गोप. नीयता का सम्मान करने और गलत सूचना फैलाने से बचने का भी आग्रह किया गया। मैरी ने कानूनी करवाई और मानहानि करने की चेतावनी दी मैरी काम ने झूठी अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके निजी जीवन का सम्मान नहीं किया गया।

# श्रीलंका की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराया

■ **मालकी ने चार विकेट और देवमी विहंगा ने तीन विकेट लिए, हर्षिता ने 77 और कविशा ने 61 रन बनाए**

**कोलंबो, वार्ता।** मालकी मदारा (चार विकेट), देवमी विहंगा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद हर्षिता समाराविक्रमा (77) और कविशा दिलहारी (61) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने शुक्रवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 21 गेंदे शेष रहते दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हरा दिया है। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के 235 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर कप्तान चामरी अटापट्टू (छह) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद विष्मी गुणारत्ने ने हसिनी परेरा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 15वें ओवर में एन म्लाबा ने विष्मी गुणारत्ने (29) को पगबाधा आउटकर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। इसके बाद हर्षिता समाराविक्रमा ने मोर्चा संभाला। 18वें ओवर में सुने लूस ने हसिनी परेरा (42) को आउटकरा पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आयी कविशा दिलहारी ने समाराविक्रमा के साथ 128 रनों की रिकार्ड साझेदारी कर श्रीलंका की जीत की नींव रखी। कविशा दिलहारी ने 75 गेंदों में (61) रनों की पारी खेली। कविशा को एन म्लाबा ने आउट किया। हर्षिता समाराविक्रमा ने 93 गेंदों में (77) रन बनाये। श्रीलंका के पांचवें विकेट के रूप में हर्षिता को डी क्लर्क ने आउट किया। श्रीलंका ने 46-3 ओवर में पांच विकेट पर 237 रन बनाकर मुक. ाबला पांच विकेट से जीत लिया। नीलाक्षी डिसिल्वा (11) और अनुष्का संजीवनी (एक) रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एन म्लाबा ने दो विकेट लिए। मासाबाटा क्लास, नडीन डी क्लर्क और सुने लूस ने एक-एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने कप्तान लॉरा वुलफार्ट (10) और तेजमिन ब्रिट्स (14) रन के विकेट जल्द गवां दिये। मालकी मदारा ने वुलफार्ट को और सुगंधिका कुमारी को ब्रिट्स ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद करबो मेसो (नौ) रन बनाकर आउट हुई। लारा गुडॉल और सुने लूस ने पारी संभालने का प्रयास किया। लेकिन वे भी अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सकी। 29वें ओवर में देवमी विहंगा ने सुने लूस (31) को बोल्ड कर श्रीलंका पांचवीं सफलता दिलाई। क्लोई ट्राइऑन (35), एन डी क्लार्क (17), मासाबाटा क्लास (चार) और म्लाबा (शून्य) पर आउट हुई। एनेरी ने 60 गेंदों में (नाबाद 61) रनों की पारी खेली।

# कोको गॉफ-सबालेंका फाइनल में भिड़ेंगी

**मैड्रिड ओपन**



**मैड्रिड, वार्ता।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ और बेलारुस की आर्यना सबालेंका के बीच मैड्रिड ओपन के फाइनल में खिताबी भिड़ंत होगी। अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल में चार बार की फेंच ओपन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियाटेक को हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में जगह बनाई। 21 वर्षीय गॉफ ने एक घंटे चार मिनट तक चले मुकाबले में स्वियाटेक को 6-1, 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यह पहली बार है जब गॉफ ने क्ले कोर्ट पर स्वियाटेक को हराया है। एक अन्य मैच में बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने सेमीफाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 6-3, 7-5 से हराकर महिला एकल वर्ग के फाइनल में जगह बनाई। इसी के साथ अब कोको गॉफ फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी।

## माटेओ अर्नाल्डी को हराकर जैक ड्रेपर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में



**मैड्रिड, वार्ता।** ब्रिटेन के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने इटली के माटेओ अर्नाल्डी को हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ड्रेपर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में अर्नाल्डी को 6-0, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। ड्रेपर का सेमीफानइल में मुकाबला इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। मैच के बाद ड्रेपर ने कहा कि मैं हर बार खेलने पर स्वयं को मजबूत महसूस करता हूं। मैं सभी क्षेत्रों में बहुत अच्छा कर रहा हूँ और उम्मीद है कि यह आगे भी जारी रहेगा।

# गुजरात ने हैदराबाद को 225 रन का लक्ष्य दिया

**गिल ने 76, बटलर ने 64 रन बनाए, साई सुदर्शन सबसे तेज 2 हजार टी-20 रन बनाने वाले भारतीय बने**




**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस (जीटी) ने आईपीएल के 51वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को जीत के लिए 225 रन का टारगेट दिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद ने बालिंग चुनी। गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर के बाद 6 विकेट खोकर 224 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 76 रन बनाए। जबकि जोस बटलर 64 रन बनाकर आउट हुए। साई सुदर्शन ने 48 रन की पारी खेली। जयदेव उनादकट ने 3 विकेट झटके। पैट कमिंस और जीशान अंसारी को एक-एक विकेट मिला। 19वें ओवर में ट्रैविस हेड ने वाशिंगटन सुंदर का कैच ड्राप कर दिया। हालांकि अगली बाल पर अभिषेक शर्मा ने जोस बटलर का कैच पकड़ा। जोस बटलर 64 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पैट कमिंस ने पवेलियन भेजा। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर जोस बटलर ने छक्का लगाकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाया। हर्षल पटेल के इस ओवर से 15 रन आए। जोस बटलर ने 17वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 31 बाल पर अर्धशतक बनाया। यह बटलर की मौजूदा सीजन में 5वीं फिफ्टी है। 14वें ओवर में कप्तान शुभमन गिल 76 रन बनाकर रनआउट हुए। उन्हें हर्षल पटेल के थ्रो पर विकेटकीपर हेनरिक क्लासन ने आउट किया। बटलर ने गुड लेंथ की बाल पर फाइन लगे की दिशा में खेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। हर्षल पटेल ने बाल को स्टंप पर थ्रो किया। जिसे कलेक्ट करके हेनरिक क्लासन ने विकेट पर मारा। थर्ड अंपायर के फैसले के बाद गिल ने फील्ड अंपायर से नाराजगी जताई। उनका कहना था कि गिल्लियां क्लासन के ग्लब्स से गिरी हैं। 12वें ओवर में शुभमन गिल और जोस बटलर ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। इसी ओवर में पैट कमिंस से कवर में बटलर का कैच ड्राप भी हो गया। शुभमन गिल ने 10वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने मोहम्मद शमी की बाल पर चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 25 बाल पर हाफ सेंचुरी लगाई।

## बांग्लादेश शारजाह में यूएई के साथ खेलेगा दो टी-20 मैच

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश अपने पाकिस्तान के दौरे से पहले 17 मई और 19 मई को शारजाह में यूएई के साथ दो टी-20 मैच खेलेगा। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सीओओ सुभान अहमद ने बताया कि पिछले तीन सालों में हमने आईसीसी के पूर्ण सदस्य न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान टीमों की मेजबानी की है, जबकि बांग्लादेश का यह दूसरा द्विपक्षीय टी-20 दौरा तीन सालों बाद हो रहा है। बांग्लादेश के साथ यह दो मैचों की सीरीज इस साल होने वाली टी-20 एशिया कप से पहले यूएई की तैयारी का अवसर है। इस दौरे को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मुख्य कार्यकारी निजाम उद्दीन चौधरी ने कहा कि हम इस टी-20 सीरीज के आयोजन के लिए अमीरात क्रिकेट बोर्ड की पहल की सराहना करते हैं। ये मैच आगामी एशिया कप सहित व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर से पहले हमारी टीम की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## बंग दर्शन और शास्त्री का विजय अभियान जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** आशीष और सौरभ रावत के दर्शनीय गोलों की मदद से बंग दर्शन एफसी ने उत्तराखंड फुटबाल क्लब को 2 -1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन लीग के रोमांचक मैच में पूरे अंक अर्जित किये। नेहरू स्टेडियम में खेले गए उतारचढाव वाले इस मुकाबले में पराजित टीम का गोल जांगूनहाओ ने किया मैच के सभी गोल आकर्षक रहे।

उधर अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए सीनियर डिवीजन मुकाबले में शास्त्री एफसी ने भारतीय वायुसेना को 4-2 से परास्त किया। विजेता की जीत का आकर्षण एंडी जाखरी के दो गोल रहे। गोपी सिंह और वाशलांग दखार ने एक-एक गोल जमाए। वायुसेना के गोल समुएल वनलाल्पेका और अमन खान ने किए। युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय वायुसेना ने पहले हाफ में दमदार प्रदर्शन किया लेकिन जैसे जैसे खेल आगे बढ़ा वायुसैनिकों की अनुभवहीनता भारी पड़ने लगी। खासकर, दूसरे हाफ में शास्त्री एफसी ने रफ्तार पकड़ी और बेहतरीन गोल जमा कर पूरे अंक झटक लिए। आमतौर पर पाला बदलने के बाद वायुसैनिकों के तेवर बदल जाते हैं लेकिन प्रतिद्वंद्वी फारवर्ड एंडी जाखारी, सेमन, गोपी और होकिप को रोक पाने में वायुसैनिक विफल रहे। उनके फारवर्ड भी आसान मौकों का फायदा नहीं उठा पाए।

# प्रेस की आजादी पर संकट

दुनिया में प्रेस की आजादी को लेकर पेरिस स्थित इंटरनेशनल एनजीओ हर साल रिपोर्ट जारी करता है। रिपोर्ट विदाउट बार्डर्स (आरडब्ल्यूयूबी) 2025 में उसने दुनियाभर के 180 देशों के विषय में प्रेस की आजादी के बारे में बताया। प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत को 151वीं रैंक में रखा है। यह रैंक बताती है कि भारत में पिछले वर्ष की अपेक्षा भारत ने इसमें सुधार किया है। पिछले बार भारत की रैंकिग 159 थी। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका जैसे देश जो अपने आप को दुनिया का सबसे बड़ा संरक्षक बनता है वहा भी प्रेस की आजादी में गिरावट की बात सामने आ रही है। इंडेक्स में अमेरिका को 57वें पायदान पर रखा है। जबकि पिछले वर्ष उसकी रैंकिंग 55 थी। रिपोर्ट कहती है कि यह गिरावट डोनाल्ड ट्रम्प के सत्ता में आने के बाद हुई है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि वह 42 देश जिनमें दुनिया की आधी आबादी रहती है वहां प्रेस की स्थिति बेहद गंभीर है और वहां प्रेस को लगभग न के बराबर आजादी है। रिपोर्ट में जहां नार्वे को पहले स्थान पर रखा है तो वही सबसे निचले स्थान पर इरीट्रिया देश है। इस तरह भारत की स्थिति भूटान, पाकिस्तान, चीन, रूस, सीरिया, फलस्तीन, अफगानिस्तान और उत्तर कोरिया से बेहतर है। निश्चित रूप से प्रेस की आजादी वर्तमान समय में काफी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है और इसके पीछे सबसे बड़ा कारण राजनीतिक तो है ही बल्कि आर्थिक भी है। रिपोर्ट में इसी तरफ इशारा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनियाभर का मीडिया फंडिंग की कटौती से जूझ रहा है। सूचना के संसाधनों को गूगल, एप्पल, फेसबुक, एमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसे कंपनियों के दबदबे की वजह से हो रहा है। क्योंकि जो पहले विज्ञापन मीडिया आउटलेट्स को मिलते थे अब वह इनके पास जा रहे है। रिपोर्ट बताती है कि भारत सहित कुछ देशों में मीडिया आउटलेट्स नेताओं और बिजनेसमैन से मिलने वाली सशर्त फंडिंग की वजह से अपना अस्तित्व बचाए हुए है कहने का मतलब साफ है कि मीडिया दिन-प्रतिदिन अपनी साख खो रहा है जिसके लिए वह कभी जाना जाता था और यह सब इस लिए हो रहा है क्योंकि इस पर अब राजनेताओं और पूंजीपतियों का दबाव बन चुका है। चीन, वयतनाम जैसे देशों में तो मीडिया सरकार के मुखपत्र का काम करता है। हाल ही में हम देख रहे है कि फलस्तीन में किस तरह मीडिया को निशाना बनाया जा रहा है अब तो 200 से अधिक पत्रकार वहां अपनी जान गंवा चुके है। इजरायल ने अपनी बमबारी से वहां तमाम मीडिया के ऑफिस बर्बाद कर दिए है। कोई भी देश अपनी मनमानी के चलते किसी भी विदेशी मीडिया को अपने यहां काम करने से रोक देता है। इस तरह हम कह सकते है कि आज के दौर में मीडिया अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है यह स्थिति ठीक नहीं है। सही सूचना आम लोगों तक पहुंचे इसकी व्यवस्था होना बेहद जरूरी है, लेकिन यह तभी संभव होगा। जब मीडिया को शक्ति प्रदान करने के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाए। जो कि आज दूर की कोड़ी की बात लगती है।

## बुजुर्ग परिवार के भावनात्मक स्तंभ



बुजुर्गों के मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए, माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है, आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं, बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं, जब बुजुर्ग अपने परिवार को फलते-फूलते देखते हैं, तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं, प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिंदगी में वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है, वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है।

**द्रौपदी मुर्मु**
**राष्ट्रपति**

# अंततः देश में जाति जनगणना: प्रतिनिधित्व या पुनरुत्थान





प्रियंका सौरभ

भारत में दशकों से केवल अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती होती रही है, जबकि अन्य जातियाँ नीति निर्माण में अदृश्य रहीं। जाति जनगणना केवल गिनती नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की नींव है। बिना सटीक आंकड़ों के आरक्षण, योजनाएं और संसाधन वितरण अधूरे रहेंगे। विरोध करने वालों को डर है कि उनके विशेषाधिकार चुनौती में पड़ सकते हैं। लेकिन यह गिनती वंचितों की दृश्यता और भागीदारी सुनिश्चित करने का औज़ार है, न कि समाज को तोड़ने का। जब नीति जाति पर आधारित हो, तो डेटा भी होना चाहिए।

भारत को जातियों में बांटा गया, लेकिन उसे जोड़ने की कोशिश कभी पूरी ईमानदारी से नहीं हुई। संविधान ने सबको समानता का अधिकार दिया, मगर समान अवसर की नींव जातिगत असमानता को पहच. ानने पर ही टिकती है। इसी बुनियाद पर जब आज जाति जनगणना की मांग ज़ोर पकड़ रही है, तो सवाल खड़ा होता है क्या यह सामाजिक न्याय का औज़ार है या समाज को और अधिक खांचों में बांटने की कवायद।

भारत में पिछली बार व्यापक जातिगत जनगणना 1931 में हुई थी। उसके बाद, आज़ादी के बाद के राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में एक आदर्श सामने रखा गया 'जातिविहीन समाज'। इस आदर्श का आकर्षण था, पर व्यवहार में यह एक तरह की चुप्पी थी। 1951 से लेकर 2011 तक हर जनगणना में केवल अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की गिनती होती रही, बाकी जातियां 'अदृश्य' रहीं। लेकिन अगर नीति आरक्षण आधारित हो, योजनाएं वर्गों के लिए हों, तो आंकड़े क्यों न हों। क्या यह संभव है कि बिना जानकारी के न्यायपूर्ण वितरण हो।

बिहार की जाति आधारित सर्वेक्षण ने एक नई लहर पैदा की। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की पहल ने अन्य राज्यों को भी सोचने पर मजबूर किया। एक ओर जातिगत गणना को सामाजिक न्याय की बुनियाद बताया गया, तो दूसरी ओर कुछ वर्गों ने इसे सामाजिक विभाजन का उपकरण कहा। कई राजनी. तिक दल इस मांग को समर्थन दे रहे हैं, खासकर वे जिनकी राजनीति वंचित तबकों पर आधारित है। लेकिन केंद्र सरकार की भूमिका झिझकभरी रही है। केंद्र का कहना है कि यह बेहद जटिल प्रक्रिया है और इससे सामाजिक तनाव पैदा हो सकते हैं। जाति जनगणना के समर्थन में कई मजबूत तर्क दिए जा रहे हैं। अगर हम यह नहीं जानते कि कौन-सी जातियां किस आर्थिक व सामाजिक स्थिति में हैं, तो योजनाएं महज अंदाज़ों पर चलती रहेंगी। आरक्षण का पुनर्मूल्यांकन करना हो या सामाजिक योजनाओं का लक्ष्य तय करना हो, सटीक आंकड़ों की आवश्यकता है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की जनसंख्या कई राज्यों में 40-50 प्रतिशत तक मानी जाती है, जबकि उन्हें 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। यदि सही आंकड़े हों तो नीति ज्यादा न्यायसंगत हो सकती है।

**1951 से लेकर 2011 तक हर जनगणना में केवल अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की गिनती होती रही, बाकी जातियां 'अदृश्य' रहीं, लेकिन अगर नीति आरक्षण आधारित हो, योजनाएं वर्गों के लिए हों, तो आंकड़े क्यों ने हों, क्या यह संभव है कि बिना जानकारी के न्यायपूर्ण वितरण हो**

विरोध करने वालों की मुख्य दलील यह है कि जाति जनगणना समाज में जातीय पहचान को और मजबूत करेगी। इससे सामाजिक एकता को खतरा होगा और राजनीतिक दल केवल जाति कार्ड खेलकर वोट बटोरने लगेंगे। कुछ वर्गों को डर है कि अगर सही आंकड़े सामने आ गए, तो उनका 'निहित अधिकार' छिन सकता है ख्र जैसे सवर्ण वर्गों को लगता है कि ओबीसी या दलितों की संख्या के अनुपात में अगर आरक्षण बढ़ा, तो उनके लिए मौके और कम हो जाएंगे।

जब बिहार ने अपना जातिगत सर्वेक्षण कराया, तो केंद्र सरकार ने उससे दूरी बनाए रखी। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी मांग उठी, लेकिन सर्वसम्मति नहीं बन सकी। कई बार यह तर्क दिया गया कि यह विषय केंद्र के अधिकार क्षेत्र में आता है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर ही किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में जाति आधारित जनगणना पर सीधे रोक नहीं लगाई, लेकिन कहा कि यह नीति का विषय है और सरकारें अपने विवेक से निर्णय लें।

वंचित समुदायों के लिए जाति जनगणना केवल गिनती नहीं है, यह उनकी दृश्यता का सवाल है। अगर समाज में कोई वर्ग आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से पिछड़ा है, तो सबसे पहले यह जानना ज़रूरी है कि वह है कहां? कितना है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था 'यदि आपको सुधार करना है, तो पहले तथ्यों को जानिए।' जातिगत आंकड़े भी ऐसे ही तथ्य हैं। यह आंकड़े केवल आरक्षण तय करने के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वरोजगार जैसी नीतियों के लिए जरूरी हैं। आश्चर्य की बात है कि जाति जनगणना जैसे गहन विषय पर मुख्यधारा मीडिया में गंभीर बहस कम होती है। जो बौद्धिक वर्ग खुद को प्रगतिशील मानता है, वह या तो इसे 'रिग्रेसिव' बताकर खारिज कर देता है या चुप रहता है। दरअसल, समस्या यह नहीं कि जाति की गिनती हो रही है। समस्या यह है कि जिन्हें अपने 'विशेषाधिकार' की चिंता है, वे इस गिनती से असहज हैं। अब सबसे बड़ा सवाल मान लीजिए कि जाति जनगणना होती है और सभी जातियों के आंकड़े सामने आते हैं। तब क्या होगा? क्या सरकारें इन आंकड़ों के आधार पर आरक्षण नीति में बदलाव करेंगी? क्या यह संभव होगा कि किसी जाति की संख्या ज्यादा निकलने पर उन्हें ज्यादा हिस्सेदारी दी जाए? या फिर आंकड़ों को दबा दिया जाएगा, जैसा 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) के साथ हुआ? 2011 में हुई एसईसीसी के आंकड़े आज भी सार्वजनिक रूप से अधूरे हैं। सरकारें आती गईं, लेकिन किसी ने इसे पूरी पारदर्शिता से नहीं जारी किया। जाति एक सामाजिक सच्चाई है, जिसे नज़रअंदाज़ करना संभव नहीं। जो सत्ताएं जातिविहीन समाज की बात करती हैं, वे चुनावी टिकट देने, मंत्रिमंडल गठन, और अफसरों की नियुक्ति में जाति ही देखती हैं तो फिर आंकड़ों से डर क्यों? जाति जनगणना न सामाजिक टूटन लाएगी, न समाज की बुनियाद को कमजोर करेगी बशर्ते इसका उपयोग न्यायपूर्ण नीति निर्माण के लिए हो। डर उन्हें है जिनके पास पहले से ही ज्यादा है। जो वंचित हैं, वे तो सिर्फ अपनी मौजूदगी की पुष्टि चाहते हैं। आखिर यह देश सभी जातियों का है तो सभी की गिनती क्यों नहीं?

# एक पादप मॉडल का अनदेखा पहलू...

सरसों परिवार (ब्रेसिकेसी) का एक छोटा सा पौधा है थेल क्रेस (**Arabidopsis thaliana**)। 20-25 से.मी. लंबे इस पौधे में अधिकतर पत्तियां ज़मीन से सटकर, फूलनुमा आकृति बनाते हुए लगती हैं और बहुत थोड़ी पत्तियां ऊपर तने पर भी लगती हैं। इसके फूल सफेद रंग के होते हैं। यह पौधा मूलतः युरेशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में यह हिमालयी क्षेत्र में पाया जाता है। यह खाली पड़े मैदान, सड़क किनारे, रेललाइन किनारे, खेतों में, कहीं भी उगता देखा जा सकता है, इसलिए इसे खरपतवार की तरह देखा जाता है, हालांकि कुछ जगहों पर इसे खाया भी जाता है।

**स्रोत फीसर्च**

थेल क्रेस पौधे की कुछ खास बातें हैं। एक तो इसका जीवन चक्र छोटा होता है, अंकुरण से लेकर वापस बीज बनने तक का इसका चक्र 6 हफ्तों में पूरा हो सकता है, यह खरपतवार की तरह आसानी से फल-फूल जाता है, इसका पौधा साइज़ में छोटा तो होता ही है, साथ ही इसका जीनोम भी सरल होता है। अपनी इन सभी खूबियों के कारण 1900 के दशक से ही पादप विज्ञान में थेल क्रेस पर अध्ययन किए जाने लगे थे। फूलदार पौधों की जेनेटिक, आणविक कार्यप्रणाली को समझने में थेल क्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सबसे पहला संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण भी इसी पौधे का किया गया था। और तो और, पादप विज्ञान का यह मॉडल पौधा 2019 में चांग ई-4 लैंडर के साथ चांद की भी सैर कर चुका है। और अब, इस पौधे के एक अनछुए पहलू का अध्ययन कर पादप विज्ञानी रियुशिरो कासाहारा और उनके दल ने इसकी एक ओर खासियत उजागर की है जो खेती के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। पता चला है कि (कम से कम) यह पौधा बड़ी चतुराई से अपने सिर्फ उन्हीं बीजांडों तक पोषण पहुंचने देता है जो निषेचित हो चुके होते हैं। और, अपने गैर-निषेचित बीजांड तक पोषण पहुंचने से रोकता है, जिससे पोषण का सदुपयोग होता है और बीज बड़ा बनता है। और, बड़ा बीज यानी पैदावार में वृद्धि, लेकिन अन्य फसलों में बीज कैसे बड़ा किया जाए? इस पर बात करने के पहले थोड़ा इस पर बात कर लेते हैं कि शोधकर्ताओं को यह बात पता कैसे चली। दरअसल, कासाहारा यह समझना चाह रहे थे कि पौधे बीज कैसे बनाते हैं? इसके लिए कासाहारा ने थेल क्रेस को अध्ययन के लिए चुना और अपना सारा ध्यान इसके फूल के उस स्थान पर केंद्रित किया जहां कई सारी नलिकाओं (फ्लोएम) के माध्यम से पोषक तत्व पहुंचकर विकासशील भ्रूण को पोषण देते हैं।

नीले रंजक का इस्तेमाल कर उन्होंने इस हिस्से में कैलोस का असर देखा। गौरतलब है कि कैलोस पौधों में अस्थायी कोशिका भित्ति बनाकर पौधों के लिए कई काम करता है और पौधों को सुरक्षा प्रदान करता है, जैसे यह पौधों के घावों को भरने में मदद करता है। पता चला कि फ्लोएम के अंतिम छोर पर बीजांड के पास की कोशिकाओं में कैलोस बन रहा था। कैलोस ने फ्लोएम के सिरे के चारों ओर एक तश्तरी जैसा अवरोध (भित्ति) बना दिया था। फिर, अधिकांश निषेचित बीजांडों से वह अवरोध गायब हो गया था, और वहां मात्र एक छल्ला रह गया था जल्द ही वह छल्ला भी लुप्त हो गया था। लेकिन जो बीजांड निषेचित नहीं हुए थे उनमें अवरोध जस-का-तस बना रहा। इससे समझ आया कि कैलोसयुक्त कोशिकाएं एक दीवार का काम करती हैं, जो फ्लोएम के पोषक तत्वों को गैर-निषेचित बीजांडों में जाने से रोकती हैं। इस तरह पौधा गैर-निषेचित बीजांड में अतिरिक्त पोषण ज़ाया करने से बच जाता है। अब सवाल था कि वह क्या शय है जो निषेचित बीजांड से कैलोस-अवरोध हटा देती है। शोधकर्ताओं की यह



तलाश एक ऐसे एंज़ाइम, **AtBG&ppap**, पर जाकर खत्म हुई जो कैलोस को विघटित करने (या हटाने) की क्षमता रखता है। और इसी एंज़ाइम को बनाने वाले जीन को अधिक सक्रिय कर कुछ फसलों की पैदावार बढ़ाई जा सकती है।

इस बात का खुलासा भी थेल क्रेस पर किए गए अध्ययन से हुआ। शोधकर्ताओं ने जब इस पौधे में **AtBG&ppap** एंज़ाइम को बनाने वाले जीन को शांत किया तो पाया कि पौधे में सभी बीजांड

**भारत में यह हिमालयी क्षेत्र में पाया जाता है, यह खाली पड़े मैदान, सड़क किनारे रेललाइन किनारे, खेतों में कहीं भी उगता देखा जा सकता है, इसलिए इसे खरपतवार की तरह देखा जा सकता है हालांकि कुछ जगहों पर इसे खाया भी जाता है, थेल क्रेस पौधे की कुछ खास बातें है, एक तो इसका जीवन चक्र छोटा होता है, अंकुरण से लेकर वापस बीज बनने तक का इसका चक्र 6 हफ्तों में पूरा हो सकता है**

(निषेचित और गैर-निषेचित) पर कैलोस भित्ति काफी हद तक वैसी की वैसी बनी रही थी। इसके कारण इस जीन के प्रभाव से मुक्त पौधों के बीज सामान्य पौधों के बीज के साइज़ की तुलना में 8 प्रतिशत छोटे बने थे। लेकिन जब टीम ने इन पौधों में **AtBG&ppap** एंज़ाइम के जीन को अति सक्रिय किया तो पाया कि ऐसा करने पर बीज सामान्य पौधों के बीजों की तुलना में 17 प्रतिशत बड़े विकसित हुए। संभवतः इसलिए कि निषेचित बीजांड की कैलोस-भित्ति आसानी से टूट गई होगी और अधिक पोषक तत्व निषेचित बीजांड तक पहुंचे होंगे। ऐसा ही उन्होंने धान के पौधों पर भी करके देखा तो उन्हें ऐसे ही नतीजे मिले-**AtBG&ppap** एंज़ाइम के जीन को अधिक व्यक्त करवाने पर चावल के दाने की साइज़ 9 प्रतिशत बढ़ गई थी। लेकिन चावल के बड़े दाने होने से शायद इसके स्वाद पर फर्क पड़े, हालांकि स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ने जैसी बात तो अध्ययन में सामने नहीं आई है। लेकिन बड़े बीज वाली फसलें सोयाबीन, मक्का और गेहूं जैसी फसलों के लिए फायदेमंद हो सकती हैं।

## केवल अधिकार नहीं, जिम्मेदारी भी है पत्रकारिता की स्वतंत्रता

# कलम की आजादी पर कसता शिकंजा



योगेश कुमार गोयल

भारत में प्रेस को सदैव लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की संज्ञा दी जाती रही है क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती में इसकी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यही कारण है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रेस की स्वतंत्रता को बहुत अहम माना गया है लेकिन विड़म्बना है कि विगत कुछ वर्षों से यहां भी प्रेस स्वतंत्रता के मामले में लगातार कमी देखी जा रही है। इसीलिए प्रतिवर्ष 3 मई को 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' मनाया जाता है। कलम को तलवार से भी ज्यादा ताकतवर और तलवार की धार से भी ज्यादा प्रभावी इसीलिए माना गया है क्योंकि इसी की सजगता के कारण न केवल भारत में बल्कि अनेक देशों में पिछले कुछ दशकों के भीतर बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश हो सका, जिसके चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों, नेताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों को एक ही झटके में अर्श से फर्श पर आना पड़ा। यही कारण हैं कि समय-समय पर कलम रूपी इस हथियार को भोथरा बनाने या तोड़ने के कुचक्र होते रहे हैं और विभिन्न अवसरों पर न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में सच की कीमत कुछ पत्रकारों को अपनी जान देकर भी चुकानी पड़ती है।

पिछले दशकों में प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में स्थितियां काफी बदल गई हैं। आज दुनियाभर में पत्रकारों पर राजनीतिक, अपराधिक और आतंकी समूहों का सर्वाधिक खतरा है और भारत भी इस मामले में अछूता नहीं है। विड़म्बना है कि दुनियाभर के न्यूज रूम्स में सरकारी तथा निजी समूहों के कारण भय और तनाव में वृद्धि हुई है। पेरिस स्थित 'रिपोर्टर्स सैन्स फंटियर्स' (आरएसएफ) अथवा 'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' नामक संस्था द्वारा हर साल अपनी वार्षिक रिपोर्ट में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर जो तथ्य प्रस्तुत किए जाते रहे हैं, वे सदैव चौंकाने वाले होते हैं। हालांकि यह अलग बात है कि कुछ देश इस रिपोर्ट में जारी किए जाने वाले आंकड़ों को पूर्वाग्रह से प्रेरित बताकर खारिज भी करते रहे हैं।



'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' एक ऐसा गैर-लाभकारी संगठन है, जो विश्वभर के पत्रकारों पर हमलों का दस्तावेजीकरण करने और मुकाबला करने के लिए कार्यरत है और प्रतिवर्ष 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स' अर्थात् 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' नामक रिपोर्ट पेश करता है। 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2019' में उसने भारत सहित विभिन्न देशों में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति की विवेचना करते हुए स्पष्ट किया था कि किस प्रकार विश्वभर में पत्रकारों के खिलाफ घृणा हिंसा में बदल गई है, जिससे दुनियाभर में पत्रकारों में डर बढ़ा है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2024 के मुताबिक भारत 180 देशों में से 159वें स्थान पर है जबकि 2023 में भारत 180 देशों में से 161वें स्थान पर और 2022 में 150वें पायदान पर खड़ा था। यह रिपोर्ट प्रेस स्वतंत्रता के लिए भारत की रैंकिंग में लगातार गिरावट का संकेत देती है। रिपोर्ट के मुताबिक पत्रकारों के साथ व्यवहार के लिए 'संतोषजनक' माने जाने वाले देशों की संख्या बढ़ रही है लेकिन ऐसी संख्या भी कम नहीं है, जहां स्थिति 'बहुत गंभीर' है। रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स द्वारा जारी दुनियाभर के देशों की प्रेस फ्रीडम रैंकिंग में भारत जहां जहां 2024 में 2023 के मुकाबले दो पायदान ऊपर चढ़ा, वहीं 2023 में 2022 के मुकाबले 11 पायदान नीचे गिरा था और 2022 में भी 2021 की रैंकिंग के मुकाबले 8 स्थान नीचे फिसला था। 2021 की रैंकिंग में भारत का स्थान 142वां था। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2024 की सूची में शीर्ष 10 देशों में नॉर्वे, डेनमार्क, स्वीडन, नीदरलैंड, फिनलैंड, एस्तोनिया, पुर्तगाल, आयरलैंड, स्विट्जरलैंड तथा जर्मनी शामिल हैं। भारत के लोकतंत्र को तो दुनिया का सबसे सफल और बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, वहीं अगर नार्वे जैसा छोटा सा देश प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में लगातार शीर्ष स्थान पर विराजमान है तो यह स्थिति भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश के लिए सही स्थिति नहीं है। ऐसे में हमें गंभीरता से मंथन करने की जरूरत है कि हम इस मामले में वर्ष दर वर्ष क्यों फिसल रहे हैं? प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में यह गिरावट स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। प्रेस की स्वतंत्रता में कमी आने का सीधा और स्पष्ट संकेत यही है कि लोकतंत्र की मूल भावना में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो अधिकार निहित है, उसमें धीरे-धीरे कमी आ रही है। समाज में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान रहा है, इसीलिए इसे लोकतंत्र का चौथा मजबूत स्तंभ माना गया है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार खासकर इलैक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा बगैर किसी जानकारी को जांचे-परखे केवल अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए झूठ का बवंडर तैयार किया जाता है, उसे देखकर कई बार तो ऐसा प्रतीत होता है मानो टीवी चैनल पर समाचार या कोई न्यूज कार्यक्रम नहीं बल्कि कोई मसालेदार राजनीतिक फिल्म चल रही हो। इसका सबसे बड़ा नुकसान यही हो रहा है कि लोगों का विश्वास मीडिया पर निरंतर कम हो रहा है और लोगों का आकर्षण सोशल मीडिया की ओर बढ़ रहा है, जहां पहले से ही फेक न्यूज बहुत बड़ी समस्या मौजूद है तथा एआई इस समस्या को और ज्यादा बढ़ाने में बड़ा योगदान दे रही है।

भारतीय संविधान में प्रेस को अलग से स्वतंत्रता प्रदान नहीं की गई है बल्कि उसकी स्वतंत्रता भी नागरिकों की अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता में ही निहित है और देश की एकता तथा अखण्डता खतरे में पड़ने की स्थिति में इस स्वतंत्रता को बाधित भी किया जा सकता है किन्तु ऐसी कोई स्थिति निर्मित नहीं होने पर भी देश में पत्रकारिता का चुनौतीपूर्ण बनते जाना लोकतंत्र के हित में कदापि नहीं है बल्कि यह स्पष्ट रूप से कुछ शक्तियों द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था के चौथे स्तंभ को ध्वस्त करने का ही प्रयास माना जाता है। कल्पना की जा सकती है कि प्रेस की स्वतंत्रता अगर इसी प्रकार सवालों के घेरे में रही तो पत्रकार कैसे पारदर्शिता के साथ अपने कार्य को अंजाम देते रहेंगे? प्रेस की स्वतंत्रता को बाधित करने के प्रयासों के चलते कैसे सच को उजागर कर उसे निष्पक्ष तरीके से जनता तक पहुंचाया जाना संभव होगा? देश में प्रेस की स्वतंत्रता बरकरार रहे, इसके लिए किसी मीडिया संस्थान से जुड़े पत्रकार हों या स्वतंत्र पत्रकार, उनकी सुरक्षा को लेकर कड़े कानून बनाए जाने की सख्त दरकार है ताकि बगैर किसी दबाव या भय के पत्रकार अपना कर्त्तव्य बखूबी निभाते रहें।

# गर्मियों में रूटीन में ऐसे शामिल करें चमेली का तेल

## ताजगी से भरपूर होगी आपकी सुबह

गर्मियों की सुबह चिपचिपी और उमस भरी होती है। सुबह उठने के बाद ताजगी नहीं महसूस होती है। ऐसे में अगर आप भी सुबह के समय ताजगी महसूस नहीं करते हैं, तो एक खास तेल आपकी मदद कर सकता है। जो आपकी सुबह शांति और ताजगी से भरपूर बन सकती है। चमेली के तेल को प्रकृति का खजाना कहा जाता है। इस एसेंशियल ऑयल में वह शक्ति छिपी है, जो आपकी इंद्रियों को जगाता है और आपके अंदर एक नई ऊर्जा का संचार कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चमेली के तेल को अपनी रूटीन में कैसे शामिल कर सकते हैं।

### ऐसे बनाएं रूटीन का हिस्सा

अगर आप अपने दिन की शुरुआत को खुशनुमा बनाना चाहते हैं तो आपको नहाने के पानी में चमेली के तेल की कुछ बूंदे डालनी चाहिए। इसकी भीनी-भीनी खुशबू आपके मन को शांत करने के साथ आपको तरोताजा महसूस कराएगा। इससे आपका मूड पूरा दिन पॉजिटिव बना रहेगा।

सप्ताह में एक बार बॉडी स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके



लिए आप थोड़ी सी चीना, नमक और ग्लिसरीन ले लें। फिर इसमें नींबू का रस मिलाएं और इसमें 2-3 बूंद चमेली के एसेंशियल ऑयल डालें। फिर इसे शरीर पर लगाकर 5-8 मिनट तक स्क्रब करें, जिससे डेड स्किन निकल जाएंगे और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाएगा। इससे भी पॉजिटिव संचार होता है। आप चाहें तो अपने मॉइस्चराइजर में 2-3 बूंद चमेली का तेल और 1 बूंद पेचौली मिलाकर लगा सकते हैं। यह आपके मूड और स्किन दोनों को तरोताजा करेगा और यह त्वचा को जबरदस्त चमक देगा।

चमेली एसेंशियल ऑयल वाली मोमबत्ती जलाकर आप अपने आसपास खुशनुमा माहौल बना सकते हैं और यह आपके मूड को बेहतर बना सकता है। कई बार जब हम सुबह सोकर उठते हैं, तो अजीब सी निराशा होती है। ऐसे में जब भी आप लो फील करने लगें, तो हथेली पर एक बूंद तेल लेकर इसको रब करें और सूंघें।

## बिलावल ने कबूला कड़वा सच

# पाकिस्तान का इतिहास है आतंकवाद को पालना



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो ने आतंकवाद को पालने की बात कबूली है। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए बिलावल ने माना कि पाकिस्तान ने पश्चिमी देशों के साथ मिलकर आतंकी संगठनों को बढ़ावा दिया है। बिलावल ने कहा कि यह पाकिस्तान का एक इतिहास और यह किसी से छुपा नहीं है। इसकी वजह से पाकिस्तान को भी नुकसान उठाना पड़ा है और इस समस्या से निपटने के लिए हमने सुधार किए हैं। बिलावल का यह बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान के बाद आया है। बिलावल से पहले आसिफ भी आतंकवाद को बढ़ावा देने की बात कबूल चुके हैं। पाकिस्तान के रक्षामंत्री पिछले हफ्ते एक बयान में कहा था कि उनका देश पिछले 30 साल से आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने ब्रिटिश अखबार द स्काई को दिए इंटरव्यू में यह बातें कही थीं। ब्रिटिश एंकर यल्दा हकीम ने उनसे सवाल पूछा था कि क्या पाकिस्तान आतंकी गुटों की गति. विधियों के लिए जिम्मेदार है? इस पर उन्होंने कहा था कि दुनिया की बड़ी ताकतों ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया है। उन्होंने माना कि अगर हम, सोवियत यूनियन के खिलाफ जंग में शामिल नहीं होते और 9/11 के हमलों के बाद जो हालात बने, वो न बनते तो पाकिस्तान का रिकार्ड बेदाग होता। ख्वाजा आसिफ ने यह भी माना था कि आतंकियों का समर्थन करना या ट्रेनिंग देना बड़ी गलती थी। हम इसकी सजा भुगत रहे हैं। बिलावल ने गुरुवार को एक बार फिर सिंधु में खून बहाने की धमकी दी। एक रैली को संबोधित करते हुए बिलावल ने कहा कि हम जंग नहीं चाहते हैं, लेकिन अगर उन्होंने सिंधु पर हमला किया तो इससे पानी बहेगा या खून बहेगा। बिलावल ने इससे पहले पिछले हफ्ते शुक्रवार को एक रैली में कहा था कि सिंधु में या तो पानी बहेगा या उनका खून। दरअसल भारत ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते को रोक दिया है। पाकिस्तान ने भारत के इस कदम को एकतरफा बताते हुए फैसले का विरोध किया है। पहलगाम हमले को लेकर भारत की तरफ से पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता खत्म करने के बाद पाकिस्तानी मंत्री और अधिकारी लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। शहबाज शरीफ ने शनिवार 26 अप्रैल को पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में एक परेड को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि पहलगाम हमले का आरोप लगाकर पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। पहले भी पाकिस्तान पर ऐसे हमले के आरोप लगाए जाते रहे हैं। इसे पूरी तरह से बंद किया जाना जाहिए। एक जिम्मेदार देश के तौर पर पाकिस्तान किसी भी तटस्थ और पारदर्शी जांच में हिस्सा लेने के लिए तैयार है। शरीफ ने कहा कि भारत दुनिया को गुमराह कर रहा है। बिना किसी विश्वसनीय जांच और सबूत के पाकिस्तान पर झूठा आरोप लगाकर देश को बदनाम कर रहा है।


## ट्रम्प ने माइक वाल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत नामित किया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में अगला अमेरिकी राजदूत नामित किया।

ट्रम्प ने कल सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अंतरिम अवधि में, विदेश मंत्री मार्को रुबियो विदेश विभाग में अपना मजबूत नेतृत्व जारी रखते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में भी काम करेंगे। पहले की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, वाल्ट्ज और उनके डिप्टी एलेक्स वोंग दोनों के व्हाइट हाउस में गुरुवार को अपने वर्तमान पद से इस्तीफा देने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में वाल्ट्ज के नामांकन के लिए सीनेट की पुष्टि की आवश्यकता है। ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में रिपब्लिकन एलिस स्टेफनिक के अपने नामांकन को 27 मार्च को वापस ले लिया।

## अर्जेंटीना में 7.5 तीव्रता का आया भूकंप, सूनामी की भी चेतावनी जारी

### लोगों को ऊंची जगहों पर जाने की सलाह दी



**ब्यूनस आयर्स।** साउथ अमे. रिकी देश अर्जेंटीना में 7.5 तीव्रता का शक्तिशाली भूंकप आया है। इसके चलते सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे आया है। भूकंप का केंद्र अर्जेंटीना के दक्षिणी राज्य उशुआइया से 222 किमी दूर समुद्र में ड्रेक पैसेज में था, जिसकी गहराई 10 किमी थी। बता दें कि ड्रेक पैसेज दक्षिण अमे. रिका के केप हार्न, चिली, अर्जेंटीना और अंटार्कटिका के दक्षिण शेटलैंड द्वीपों के बीच का समुद्री इलाका है। प्रशासन ने लोगों से ऊंची जगहों पर जाने के लिए कहा है। प्रभावित इलाकों में सुनामी की चेतावनी वाले सायरन बजना शुरू हो गए हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। एक दिन पहले भी अर्जेंटीना में 5.8 तीव्रता का भूंकप आया था। अर्जेंटीना के पड़ोसी देश चिली के तटीय इलाकों भी को अलर्ट पर रखा गया है। चेतावनी में कहा गया है कि लहरें चिली के प्यूर्टो विलियम्स तक पहुंच सकती हैं। चिली की नेशनल डिजास्टर सर्विस ने पूरे दक्षिणी तट को खाली कराने के लिए कहा है। इसके लिए लोकल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने कहा कि भूकंप से निपटने के लिए देश के पास सभी संसाधन मौजूद हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हम लोगों से अपील करते हैं कि वो मैगलन इलाके में समुद्र तट से दूर चले जाएं। इस समय हमें अधिकारियों के निर्देशों को पूरी तरह फालो करना है। अमे. रिका का सुनामी वार्निंग सिस्टम अगले एक घंटे में फिर से चेतावनी जारी करेगा।

## दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के निकट हमला

**यरूशलेम।** इजरायल ने सीरिया में ड्रूज समुदाय के लिए किसी खतरे को रोकने के लिए दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के निकट लक्ष्य पर हमला किया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जानकारी दी है। वाई-नेट ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा, यह सीरियाई शासन के लिए एक स्पष्ट संकेत है।

हम दमिश्क के दक्षिण में सेना की तैनाती और ड्रूज समुदाय के लिए किसी भी तरह के खतरे की अनुमति नही देंगे। सीरिया के गृह मंत्रालय ने बाद में बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात से लेकर आज तक दमिश्क के निकट सीरियाई शहर साहनाया में सशस्त्र समूहों और ड्रूज आत्मरक्षा सेनानियों के बीच झड़पें हुईं, जहां मुख्य रूप से ड्रूज आबादी रहती है। ड्रूज अरबों का एक जातीय-धार्मिक समूह है जो लेबनान, सीरिया, इजरायल और जॉर्डन में रहता है। दिसंबर 2024 में दमिश्क में सत्ता परिवर्तन के बाद इजरायल ने बार-बार सीरियाई ड्रूज की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।



## महामारी प्रवण वायरसः वैक्सीन प्लेटफॉर्म लॉन्च

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका ने महामारी प्रवण वायरस के लिए अगली पीढ़ी का सार्वभौमिक वैक्सीन प्लेटफार्म लांच किया है। अमरीकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (एचएचएस) और नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ ने गुरुवार को जेनरेशन गोल्ड स्टैंडर्ड के लॉन्च की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह महामारी-प्रवण वायरस से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया एक अगली पीढ़ी का सार्वभौमिक वैक्सीन प्लेटफ़ॉर्म है। एनआईएच के अनुसार यह प्लेटफ़ॉर्म बीटा- प्रोपियो लैक्टोन -निष्क्रिय, संपूर्ण-वायरस दृष्टिकोण पर आधारित है जो पारंपरिक वैक्सीन तकनीक का एक आधुनिक रूप है। एनआईएच ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह पहल पारदर्शिता, प्रभावशीलता और व्यापक तैयारी की ओर एक निर्णायक बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है जो एनआईएच के सार्वभौमिक इन्फ्लूएंजा और कोरोनावायरस टीकों के इन-हाउस विकास को वित्तपोषित करती है जिसमें बीपीएल-1357 और बीपीएल-24910 शामिल हैं। इन टीकों का उद्देश्य महामारी-प्रवण वायरस जैसे एच 5 एन 1 एवियन इन्फ्लूएंजा सहित कोरोनावायरस के कई प्रकारों के खिलाफ व्यापक-स्पेक्ट्रम सुरक्षा प्रदान करना है। एनआईएच के निदेशक डा. जय भट्टाचार्य ने कहा, जनरेशन गोल्ड स्टैंडर्ड एक आदर्श बदलाव है। यह स्ट्रेन-विशिष्ट सीमाओं से परे वैक्सीन सुरक्षा का विस्तार करता है और फ्लू वायरल खतरों के लिए तैयार करता है न केवल आज बल्कि कल भी 21वीं सदी में लाई गई पारंपरिक वैक्सीन तकनीक का उपयोग करके।



## अमेरिका के साथ ईरान की फिर अनबन

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि इटली के रोम में अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का चौथा दौर मध्यस्थ ओमान के प्रस्ताव पर स्थगित कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक बाघई ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नई तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने देश के 'वैध और कानूनी हितों की रक्षा करने और ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों तथा आर्थिक दबाव को समाप्त करने के लिए कूटनीति का उपयोग करने के ईरान के दृढ़ संकल्प की पुष्टि की।

प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल सद्भावना के साथ वार्ता में प्रवेश करने के बाद से परमाणु ऊर्जा का शांतिपूर्ण तरीके से उपयोग करने और अवैध प्रतिबंधों को समाप्त करने के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत देश की सैद्धांतिक स्थिति के आधार पर विशिष्ट रूपरेखाओं पर चर्चा कर रहा है, जो एक न्यायसंगत, तर्कसंगत और टिकाऊ समझौते को प्राप्त करने के उद्देश्य से परिणाम-उन्मुख वार्ता के प्रति अपनी गंभीरता को प्रदर्शित करता है। इससे पहले दिन में, ओमानी विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल बुसैदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आधिकारिक तौर पर घोषणा की कि शनिवार को होने वाली ईरान-अमेरिका वार्ता का चौथा दौर लॉजिस्टिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, पारस्पर तौर पर सहमत होने पर नई तारीखों की घोषणा की जाएगी।

## गाजा को अकालग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का आग्रह

**गाजा।** गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने खाद्य की गंभीर संकट को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र से गाजा को अकाल क्षेत्र घोषित करने का आग्रह किया है। मंत्रालय के महानिदेशक मुनीर अल-बुरश ने गुरुवार को कहा कहा कि गाजा में 91 प्रतिशत गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं, जबकि 65 प्रतिशत लोगों को स्वच्छ पेयजल की पहुंच नही है। 92 प्रतिशत बच्चे व स्तनपान कराने वाली माताएं गंभीर खाद्य संकट से पीड़ति हैं, जो उनके जीवन के लिए सीधा खतरा है। वर्तमान स्थिति संयुक्त राष्ट्र को गाजा पट्टी को अकालग्रस्त क्षेत्र के रूप में मान्यता देने की अनुमति देती है। अल-बरश ने कल अनादोलु समाचार एजेंसी से कहा कि गाजा के लगभग 91 प्रतिशत निवासी गंभीर खाद्यान्न की कमी का सामना कर रहे हैं अन्य 65 प्रतिशत के पास स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नही है। लगभग 92 प्रतिशत बच्चे और स्तनपान कराने वाली माताएं खाद्यान्न की कमी से बुरी तरह पीड़ति हैं जो उनके जीवन के लिए सीधा खतरा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से गाजा पट्टी को आधिकारिक रूप से अकालग्रस्त क्षेत्र के रूप में मान्यता देने का आग्रह किया। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कल चिकित्सा और मानवीय संगठनों के साथ-साथ दुनिया भर के कार्यकर्ताओं से युद्ध क्षेत्र में फिलिस्तीनी बच्चों का समर्थन करने के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला अभियान चलाने का आह्वान किया। मंत्रालय ने चिकित्सा संस्थानों से गाजा में आपातकालीन चिकित्सा दल, प्राथमिक चिकित्सा आदि की खेप भेजने और सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों पर एन्क्लेव की नाकाबंदी समाप्त करने के लिए दबाव डालने का भी आग्रह किया।

## हार्वर्ड यूनिः टैक्स फ्री दर्जा खत्म करेंगेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स फ्री संस्थान का दर्जा खत्म करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि वे इसी के हकदार हैं। इससे पहले हार्वर्ड की 2.2 अरब डालर फंडिंग पर रोक लगा चुके हैं। दरअसल ट्रम्प प्रशासन ने यूनिवर्सिटी से यह मांग की है कि वह अक्टूबर 2023 के बाद कैंपस में हुई यहूदी विरोधी घटनाओं पर बनी सभी रिपोर्ट और ड्राफ्ट भी सरकार को सौंपे। प्रशासन चाहता है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने वाले सभी लोगों के नाम बताए जाएं और उन्हें संघीय अधिकारियों के इंटरव्यू के लिए उपलब्ध कराया जाए। यूनिवर्सिटी ने इस आदेश के खिलाफ कोर्ट में केस भी किया है।

यूनिवर्सिटी का आरोप है कि ट्रम्प सरकार राजनीतिक दबाव बनाकर शैक्षणिक कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती है। हार्वर्ड ने इसे यूनिवर्सिटी के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने भी 12 अप्रैल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया था। को रोकनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया था। दरअसल उस दौरान ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डालर के फंड की समीक्षा कर रहा था। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया कि ट्रम्प का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट प्रथम संशोधन का उल्लंघन करता है।

## विदेश मंत्रालय ने नेपाली छात्रा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिग इंस्टीट्यूट आफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एक नेपाली छात्रा के आकस्मिक निधन पर शोक एवं परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में कहा कि हम केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के एक नेपाली छात्रा के दुखद निधन से बहुत दुखी हैं। हम इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। इस दुखद घटना के बारे में पता चलने के बाद विदेश मंत्रालय ओडिशा राज्य सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। ओडिशा राज्य सरकार छात्रा के परिवार को पूरा सहयोग दे रही है। वर्तमान में ओडिशा पुलिस द्वारा गहन जांच की जा रही है। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार सभी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा, सुरक्षा और कल्याण को बहुत गंभीरता से लेती है।

## नासाः स्फीयरएक्स का विज्ञान संचालन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष वेधशाला स्फीयरएक्स ने आधिका. रिक तौर पर विज्ञान संचालन शुरू कर दिया है जो ब्रह्मांड की उत्पत्ति, आक. ाशगंगाओं के विकास और आकाशग. ंगा में जीवन के निर्माण खंडों में नई अंतर्दृष्टि को उजागर करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नासा ने गुरुवार को यह घोषणा की। नासा ने बताया कि स्फीयरएक्स अगले दो वर्षों में प्रतिदिन लगभग 3,600 चित्र लेगा एवं पूरे आकाश का व्यवस्थित रूप से सर्वेक्षण करेगा। नासा के अनुसार 11 मार्च को लॉन्च किए गए स्फीयरएक्स ने पिछले छह सप्ताह जांच, अंशांकन और अन्य गतिविधियों से गुजरते हुए बिताए हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह ठीक से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब विज्ञान संचालन शुरू होने के साथ वेधशाला तीन आयामों में करोड़ों आकाशगंगाओं की स्थिति का चार्ट बनाएगी। इसका लक्ष्य ब्रह्मांड विज्ञान में कुछ सबसे गहन प्रश्नों को संबोधित करना है, जैसे कि ब्रह्मांड कैसे शुरू हुआ और इसकी बड़े पैमाने की संरचना कैसे विकसित हुई। वाशिंगटन में नासा मुख्यालय में खगोल भौतिकी प्रभाग के कार्यवाहक निदेशक शॉन डोमागल-गोल्डमैन ने कहा यह नई वेधशाला अंतरिक्ष आधारित खगोल भौतिकी सर्वेक्षण मिशनों के समूह में शामिल हो रही है जो नासा के नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप के प्रक्षेपण की ओर अग्रसर है। इन अन्य मिशनों के साथ वेधशाला ब्रह्मांड के बारे में उन बड़े सवालों के जवाब देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## इस साल भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता करेंगे



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफकोविक ने वैश्विक व्यापार चुनौतियों के समाधान के लिए एक दूरदर्शी और ठोस वार्ता की और 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता एफटीए संपन्न करने के अपने साझा संकल्प की पुष्टि की। बातचीत में दोनों नेताओं ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन द्वारा फरवरी 2025 में यूरोपीय संघ के आयुक्तों के कॉलेज की नई दिल्ली की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान दोनों पक्षियों के संबंधों को दी गई रणनीतिक दिशा पर आधारित है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गोयल की यूरोप की यात्रा के निष्कर्ष पर शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उच्च स्तरीय सहभागिता इस बात को रेखांकित करती है कि दोनों साझेदार एक व्यावसायिक रूप से सार्थक, पारस्परिक रूप से लाभकारी, संतुलित और निष्पक्ष व्यापार साझेदारी बनाने के लिए रणनीतिक महत्व रखते हैं जो आर्थिक सशक्त और समावेशी विकास का समर्थन करती है। गोयल की यूरोपीय संघ के साथ इस बातचीत में एफटीए वार्ता के विभिन्न पहलुओं पर हुई प्रगति पर प्रकाश डाला गया और मासिक बैठकों और निरंतर आभासी सहभागिता के माध्यम से चल रही गति को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने आपसी सम्मान और व्यावहारिकता की भावना से लंबित मुद्दों को हल करने के अपने उद्देश्य को दोहराया, जिसमें 12-16 मई 2025 को नई दिल्ली में होने वाला अगला दौर भी शामिल है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति के लिए प्रशुल्क कटौती चर्चाओं के साथ-साथ गैर- प्रशुल्कीय बाधाओं पर भी समान ध्यान देने की आवश्यकता है और नियामक ढांचे को समावेशी, आनुपातिक होना चाहिए तथा व्यापार को प्रतिबंधित करने से बचना चाहिए। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए डिजिटल संक्रमण का समर्थन करके, विविध और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देकर वैश्विक वाणिज्य की उभरती वास्तविकताओं को प्रतिबिबित करने की आकांक्षा रखता है। विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों पक्षों ने आशा व्यक्त की कि एक बार समझौता हो जाने पर, यह व्यापक भारत-यूरोपीय संघ रणनी. तिक साझेदारी के एक परिवर्तनकारी स्तंभ के रूप में काम करेगा, बाजार में प्रवेश की सुगमता को बढ़ाएगा, नियामक सहयोग का समर्थन करेगा और दोनों पक्षों में नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा।

## भारत के निर्यात में 6.01% की वृद्धि

### 824.9 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूआः आरबीआई



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मार्च 2025 के लिए सेवा व्यापार पर जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत का कुल निर्यात (वस्तु एवं सेवा निर्यात सहित) 6.01 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2024.25 में 824.9 अरब डालर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया है। रिजर्व बैंक के आंकडों के अनुसार सेवा निर्यात ने विकास की गति को आगे बढ़ाया, जो 2024.25 में 387. 5 अरब डॉलर के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के 341.1 अरब डॉलर से 13.6 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में, सेवा निर्यात 35.6 अरब डॉलर रहा, जो मार्च 2024 में 30.0 अरब डॉलर की तुलना में 18.6 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि दर्शाता है। पिछले वर्ष सकल निर्यात 778.1 अरब डॉलर के बराबर था। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा देश के व्यापार की प्रगति की राह में एक नया मील का पत्थर स्थापित करता है। वर्ष 2024-25 में, पेट्रोलियम उत्पादों को छोड़कर व्यापारिक निर्यात बढ़कर रिकॉर्ड 374.1 अरब डॉलर हो गया, जो 2023.24 में 352.9 अरब डॉलर से 6.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है।

## गिफ्ट निफ्टी ने अप्रैल 2025 में रचा नया कीर्तिमान

**मुंबई।** गिफ्ट निफ्टी ने अप्रैल 2025 में 100-93 अरब डॉलर का अब तक का सबसे उच्च मासिक कारोबार हासिल करके एक नया कीर्तिमान बनाया है। यह उल्लेखनीय यह कीर्तिमान सितंबर 2024 में 100. 7 अरब डॉलर के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गई है। यह भारत की विकास कहानी के लिए एक बेंचमार्क के रूप में गिफ्ट निफ्टी में बढ़ती वैश्विक रुचि और विश्वास को दर्शाता है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि हमें गिफ्ट निफ्टी की सफलता को देखकर खुशी हुई है।